ORI
491-433
Chr/Chr
50803

00050803

THE
ASIATIC SOCIETY OF BOMBAY
Town Hall, Bombay.

Digitized with financial assistance from the
Government of Maharashtra
on 09 March, 2016

CHRESTOMATHIE HINDIE

ET

HINDOUIE

PARIS.

BENJAMIN DUPRAT, LIBRAIRE

RUE DU CLOÎTRE SAINT-BENOÎT, N° 7.

हिन्दी हिन्दूई मुन्तखबात ।

CHRESTOMATHIE HINDIE

ET

HINDOUIE

B781

À L'USAGE

DES ÉLÈVES DE L'ÉCOLE SPÉCIALE DES LANGUES ORIENTALES VIVANTES

PRÈS LA BIBLIOTHÈQUE NATIONALE

50803

8° X h 18

PARIS

IMPRIMERIE NATIONALE

M DCCC XLIX

00050803

ERRATA

DE LA

CHRESTOMATHIE HINDOUSTANI

(URDU ET DAKHNÎ)

IMPRIMÉE EN 1847 CHEZ MADAME VEUVE DONDEY-DUPRÉ

TEXTE

P. 8, l. 11, بھی lis. نھی

P. 12, l. 19, کھہ lis. مجھہ

P. 16, l. dern. کمر lis. کُمر

P. 17, l. 13, زبر زبر lis. زیر زبر

P. 18, l. 7, حبر lis. خبر

P. 21, l. 7, عاقلون lis. عاقلون سی

P. 23, l. 1, بنای lis. بتا لی

Ib. l. 17, ظالم lis. ظلم

P. 27, l. 1, تکی lis. اسکی

P. 30, l. 15, دیہای lis. دیہائی

P. 31, l. 11, الی lis. ایسی

P. 36, l. 9, عرض lis. عرص

P. 37, ٣٨ lis. ٣٧

P. 38, ٣٧ lis. ٣٨

P. 39, l. 9, میدن lis. میدان

Ib. l. 10, لرا کا lis. لرا که

Ib. l. 16, کری lis. گری

P. 40, l. 8, بیھی lis. دیھی

P. 41, l. dern. سرحھد lis. سرحد

P. 44, l. 17, بحریان lis. بیربان

P. 46, l. 3, برستنی lis. برستی

P. 49, l. 2, اوار lis. اور

Ib. l. 5, برانسان lis. بر آسمان

P. 52, l. 11, الفن lis. الفت

P. 57, l. 1, بابه lis. بناه

Ib. l. 6-7, ایسا یا برکهہ کر lis. کهوا بنایا

P. 58, ٥٧ lis. ٥٨

P. 59, l. 6, ساله جارنگکی lisez جارنگکی بناه

P. 60, l. 3, بابه lis. بناه

Ib. l. 10, انعم lis. انعام

Ib. l. 14, الوعد lis. علوفه

Ib. l. 16, همرای lis. همراهی

P. 65, l. 11, بیرکمون lis. برکمون

Ib. l. dern. هیها lis. هریا

P. 66, l. 3, بامیداد انهه lisez بامیداد انهولکی

Ib. l. 11, لی lis. لے

Ib. l. 15, فیعی lis. فیض

P. 67, l. 13, بیهساتی lis. بیهشتی lis. [illegible]

P. 69, l. 8 et 9, وی lis. وے

P. 70, l. 6, ٥٢ lis. [illegible]

P. 70, l. 10, مخصول lis. محصول
Ib. l. 11, عرص lis. عرض
Ib. l. 16, اکرار lis. اقرار
P. 71, l. 1, لوک lis. لوگی
Ib. l. 13, کربن lis. کرو
P. 72, ۸۲ lis. ۷۲
P. 74, l. 12, خوارون lis. جهورون
P. 75, l. 12, ببسون lis. بیسون
P. 76, l. 6, صفنون lis. سکی صفنون
P. 77, l. 16, جهوتی lis. جهوتهی
P. 84, l. 5, آسوده گی lis. آسودگی
Ib. l. 12, آن lis. اُن
P. 86, l. 13, جسن lis. حسن
P. 89, l. dern. هوا ونهین lis. هو اونهین
P. 90, l. 6, عجبت ... بم lis. عجبت ... بهم
Ib. l. 12, هی lis. هو
P. 91, l. 16, بی lis. ئی
P. 92, l. 4, هوکی lis. هوگئی
Ib. l. dern. سنگن lis. سنگی
P. 94, l. 3, آکی روان کیا lisez آکی روان کیا
Ib. l. 11, کترخدای lis. کدخدای
Ib. l. 13, آرسته lis. آراسته
P. 95, l. 7, کئی lis. گئی
Ib. l. 15, حس lis. حس
P. 96, l. 14, که هوان lis. که هوا هوان
P. 97, l. 7, آرسته lis. آراسته
P. 98, l. 9, بعفان هوکیا lis. بعغان هوکیا
98, l. 10, کم کی lis. کمُ کی

P. 99, l. dern. اوس کمال lis. اوس کمال
P. 100, l. 10, خا lis. حا
Ib. l. 12, بیهه lis. بهی
P. 101, l. 4, رعکی lis. رهگئی
P. 102, l. 12, نزع lis. نرخ
P. 103, l. 12, دیس lis. وبس (pour اس).
Ib. l. 13, میان lis. هیان
P. 104, l. 10, کر امن lis. کرامان
P. 105, l. 1, بینا lis. بیتها
P. 106, l. 1, ولی ... تنك lis. وبی ... ٹاك
Ib. l. 7, منوار lis. انور
Ib. l. 12, سکائی ... تیکنی lis. سسکنی ... پیکنی
Ib. l. 14, سکاتا lis. سسکتا
P. 108, l. 12, ماهی lis. ماه
Ib. l. 15, کنوانا lis. کنوادا
P. 109, l. 10, منور lis. انور
P. 110, l. 10, رکهه lis. رکها
P. 111, l. 3, منور lis. انور
P. 112, l. 6, بدل lis. بادل
Ib. l. 11, کیا lis. کیا
Ib. l. 18, انش lis. آنش
P. 113, l. 2, گل lis. کل
Ib. l. 6, کنو lis. کنّون
Ib. l. 11, بژهونگی lis. بژهونگی
P. 115, l. 13, آب lis. اب
Ib. l. 16, دوز lis. دور
P. 117, ۱۱۸ lis. ۱۱۷
Ib. l. 11, بمو lis. بهو

P. 117, l. 13, واحب lis. هوا حب

Ib. l. 20, لوهی lis. لوهو

Ib. l. dern. بیم lis. بیم

P. 118, ١١٧ lis. ١١٨

Ib. l. 4, باس lis. پاس

Ib. l. 9, سرخان lis. سرخاب

P. 119, l. 8, بیو lis. بیو

P. 120, l. 6, رك lit. رک

P. 122, l. 19, هوش lis. هوس

P. 124, l. 5, پیعام lis. پیغام

P. 126, l. 2, چرغ lis. چرخ

Ib. l. 8, گدرا lis. گدرا

Ib. l. dern., بدحسان lis. بدخسان

P. 127, l. 12, نکلم lis. تکلّم

Ib. l. 17, آب اوبکا lis. آب اوبکا

Ib. l. dern., ذره lis. ذرہ

VOCABULAIRE.

P. 4, col. 1, après la ligne 1, *lis.* ٢ اسپند *ispand*, voy. سپند.

P. 6, col. 1, l. 10, ajoutez : obligation, الزام کرنا *ilzâm karnâ*, obligée.

Ib. ib. l. 26, ajoutez : Voyez علوفه, qui est la véritable orthographe du même mot.

P. 8, col. 2, après la ligne 7, ajoutez : et le même que اورا, panier, corbeille.

P. 11, col. 2, l. 26, ajoutez : emploi (être employé); ce mot est le contraire de برطرفی, renvoi (être congédié).

P. 12, col. 2, après la ligne 6, ajoutez : ١١ بڈھنا *badhnâ*, voyez بڑھنا.

P. 21, col. 1, après la ligne 17, ajoutez : ١١ پٹکنا *patakhnâ*, v. a., jeter, frapper.

Ib. ib. avant la dernière ligne, ajoutez : ٨ پچھا *pichhâ*, adj., postérieur.

P. 22, col. 2, l. 23, ajoutez : et *pasnâ* pour پھنسنا

P. 24, col. 2, après la ligne 20, ajoutez : ١١ پہنچی *pahunchî*, s. f., sorte de bracelet.

Ib. ib. après la ligne 25, ajoutez : ٨ پھوکنا *phûknâ*, v. a., souffler.

P. 25, col. 2, après la ligne 7, ajoutez : ٢ پیشه *pescha*, s. m., métier, profession.

P. 27, col. 1, après la dernière ligne, ajoutez : ١١ ترھا *tirhâ*, adj., pour تیڑھا *terhâ*, courbé, émoussé.

P. 32, col. 2, l. 12, ajoutez : et ornement du cou.

P. 34, col. 1, après la ligne 30, ajoutez : ١١ جھکنا *jhaknâ*, v. n., se courber, etc.

Ib. col. 2, après la ligne 19, ajoutez : ١١ جھومکی *jhûmkî*, s. f., pendant d'oreille, agitation.

P. 35, col. 2, l. 12, fosse, *lis.* puits, fosse.

P. 38, col. 2, après la ligne 16, ajoutez : s هرمزدگی *harmendagui*, s. f., voy. حرام زادگی, qui est la véritable orthographe du même mot.

P. 43, col. 2, ligne 6, ajoutez : et part. prés. apocopé du verbe persan خوردن *khordan*, manger; employé en composition.

P. 46, col. 2, après la ligne 16, ajoutez : a دگمگا *dagmaga*, adj., tremblant.

P. 48, col. 1, l. dern., ajoutez : et s. m., déclarer qu'on ne quittera pas le lieu où l'on est sans obtenir la faveur qu'on sollicite.

P. 49, col. 1, après la ligne 19, ajoutez : s دز *dez*, s. m., crainte.

P. 51, col. 1, l. 20, après le mot [illegible], ajoutez : راه دمه *rah dema*, admettre, etc.

P. 57, col. 1, après la ligne 25, ajoutez : s رکنا *rukna*, v. n., être empêché.

Ib. ib. après la ligne 23, ajoutez : r رگ *rag*, s. f., (chine) corde d'instrument de musique.

P. 58, col. 2, l. 12, qui fait tourner la tête *lis.* plus du mot suivant.

P. 68, col. 1, l. 10, ajoutez : mariage.

Ib. ib. l. 18, ajoutez : respectable.

Ib. col. 2, après la ligne 18, ajoutez : a علوفه *alufa*, s. m., paye, salaire.

P. 75, col. 2, après la ligne 11, ajoutez : n کان *kân*, s. f., honte, pudeur.

P. 76, col. 1, l. 14, dague *lis.* celui qui se sert de la dague nommée کتار.

P. 78, col. 1, l. 8, perdre *lis.* gagner.

P. 79, col. 1, après la ligne 19, ajoutez : s کهان *khân* ou کهانی *khâni*, s. f., mine (de métal).

P. 81, col. 1, l. 4, après s. m., ajoutez : paquet, et.

Ib. col. 2, après la ligne 30, ajoutez : s گڑنا *garnâ*, v. n., être planté, fixé dans la terre.

P. 83, col. 1, après la ligne 23, ajoutez : a گونگا *gunga*, adj., sourd.

Ib. col. 2, l. 18, ajoutez : et horloge.

P. 87, col. 1, après la ligne 26, ajoutez : s مانتا *mânta*, s. f., vœu, promesse.

P. 92, col. 2, l. 31, après le mot *make*, ajoutez : et مکراپن *makrâpan*.

P. 97, col. 1, après la ligne 11, ajoutez : p نرخ *nirkh*, s. m., prix.

P. 100, col. 1, l. 1, ajoutez : et pour وو *wo* et وه *wah*, pr. pers., il, elle.

Ib. col. 2, l. 13, après s. f. ajoutez : visage, manière d'être.

IMPRIMERIE NATIONALE. — Octobre 1849.

AVERTISSEMENT

Voici, pour la première fois, une série de textes choisis hindis et hindouis, c'est-à-dire des deux idiomes de l'hindoustani-hindou, accompagnés d'un Vocabulaire explicatif de tous les mots dont ils se composent. Ce travail, spécialement destiné aux personnes qui suivent mon cours, pourra cependant aussi être extrêmement utile à celles qui voudront s'occuper solitairement de cette branche de la littérature indienne nouvelle pour l'Europe, et contribuer à défricher ce vaste champ littéraire ouvert désormais à leurs labeurs.

Si le hindi n'est guère que de l'hindoustani-urdû écrit en caractères dévanagaris, il n'en est pas ainsi du hindoui, la langue du moyen âge de l'Inde, l'idiome qui succéda au sanscrit dans les provinces du Nord, et qui s'est conservé jusqu'ici, dans quelques localités, exempt de tout mélange de mots persans et arabes. On ne saurait contester l'importance de ce dernier dialecte pour les philologues, et spécialement pour ceux qui ont fait du sanscrit l'objet d'une étude approfondie; mais il offre aussi, comme je l'ai exposé

ailleurs (*Rudiments de la langue hindoui*, p. 3), un grand intérêt philosophique et historique qui le recommande au monde savant, et qui me fait espérer que ce volume sera favorablement accueilli.

La Chrestomathie hindie et hindouie se compose des textes suivants, inédits en grande partie :

PROSE.

I. La dix-septième histoire du *Singhâçan-batticî* सिंहासन बत्तीसी. Pag. १-७.

II. Deux extraits du *Râjnîti* राजनीति, c'est-à-dire : 1° l'*Introduction;* 2° *Le dévouement de Viravar,* légende de l'*Hitopades*, connue par la traduction de M. Langlois (*Journal asiat.* t. I, p. 239, 1re série). Pag. ७-१५.

III. Cinq fables de l'*Hitopades* हितोपदेस, d'après une version hindouie inédite, c'est à savoir : 1° *Le corbeau, le daim et le chacal;* 2° *Aventures de Kandarpaket;* 3° *Le corbeau et le serpent;* 4° *Le brâhmane et son bouc;* 5° *Le serpent et la grenouille.* Pag. १५-३४.

IV. Le chapitre LV du *Prem-Sâgar* प्रेम सागर, c'est-à-dire l'*Enlèvement et le mariage de Rukminî*, épisode dont j'ai donné la traduction dans le tome II de l'*Histoire de la litt. hind.* p. 191 et suiv. Pag. ३४-४५.

V. La Vie de Jayadêva, auteur du *Guita-Govinda*, extraite du *Bhakta-Mâl* भक्त माल, de la rédaction de Nârâyan-

Dâs नारायन दास. (*Hist. de la littér. hind.* t. II, p. 54 et suiv.) Pag. ४५-५३.

VI. Cinq extraits de la rédaction inédite du *Bhakta-Mâl*, par Priyâ-Dâs प्रिया दास, c'est à savoir : 1° *La vie de Nâm-Deo;* 2° *de Jayadéva;* 3° *de Kabîr;* 4° *de Pîpâ;* 5° *de Tulcî-Dâs*. Pag. ५३-७६.

POÉSIE.

I. Anecdotes en vers extraites de la Vie de Pîpâ, du *Bhakta-Mâl* de Nârâyan-Dâs. Pag. ७६-८३.

II. Description du *Kali-yug* ou de l'âge de fer, d'après le *Swarg-Rohan* स्वर्ग रोहण, par Wischnu-Dâs विष्णु दास, poëme inédit. Pag. ८३-९०.

III. Deux extraits de l'*Uscha-Charitr* उषा चरित्र, par Parçu-Râm परसुराम, poëme inédit. Pag. ९०-११२.

IV. Enfin l'épisode de *Sakuntala*, d'après la version hindouie du *Mahâbhârat* महाभारत, par Gokul-Nâth गोकुलनाथ. Pag. ११२ et suiv.

Le travail dont je viens d'indiquer les éléments a été préparé pour la presse, sous ma direction, par M. Ed. Lancereau, habile indianiste, déjà connu par l'analyse du *Râjnîti*, et par la publication, à la suite de mes *Rudiments de la langue hindoui*, du texte et de la traduction littérale du *Barattement de la mer*, morceau du *Mahâbhârat*, traduit aussi plus librement par

M. Théod. Pavie, dans ses élégants *Fragments du Mahâbhârat.* Non-seulement M. Lancereau a copié avec beaucoup d'attention les textes dont se compose ce volume; mais il les a étudiés avec soin, et il a rédigé avec la plus grande exactitude le Vocabulaire qui les accompagne. De plus, il a corrigé les épreuves de tout le volume, travail pénible et ingrat, qu'il a exécuté avec une consciencieuse intelligence et avec un zèle digne de tout éloge.

Paris, 1er octobre 1849.

GARCIN DE TASSY,
Membre de l'Institut.

हिन्दी हिन्दूई मुन्तखबात।

सिंहासन बत्तीसी।

सत्यावती पुतली बोला।

एक दिन राजा बीर बिक्रमा जीत सभा में इंद्र समान बैठा था और गंधर्व मधुर मधुर सुरों से गा रहे थे पातुर नृत्य कर भाव बता रहीं थी कहीं भाट खडे हुए जस बरनन कर रहे थे किसी तरफ़ ब्राह्मन बेद पाठ कर रहे थे किसी तरफ़ मल्ल आपस में युद्ध कर रहे थे और किसी तरफ़ चीते कुत्ते सियाहगोश हरन मेंढे मीरशिकार लिये खडे थे और जितनी तैयारी राजाओं की चाहिये सब थी। सभा में एक से एक पंडित चतुर और बीर बैठा था उन्ह में राजा इंद्र की तरह बैठा था और सब सामान इंद्र के अखाडे का सा था। इस में राजा ने अपने चित में विचार कर पंडितों से कहा कि तुम एक बात मेरी सुनों कि स्वर्ग में राजा इंद्र जो है-सो मर्त्यलोक का सब मरम जानता है कहो कि पाताल का राजा कौन है और किस जगह वह रहता है।

तब उन्ह में से एक पंडित बोला कि महाराज। पाताल का राजा

शेशनाग है जिस के हज़ार फन हैं और पद्मिनी रानी उस के यहां है और कभी सोग संताप उसे नहीं व्यापता आनंद से अचल राज वहां का वह करता है और जैसा वह राजा सुखी है वैसा संसार में कोई नहीं।

यह सुनकर राजा को उस के मिलने की इच्छा हुई। बेतालों को बुलाकर कहा कि मेरे तईं पाताल को ले चलो मैं शेशनाग के दरसन को जाउंगा।

बेताल उठाकर पाताल को ले गये और शेशनाग का दूर से मंदिर दिखा दिया राजा ने दूर से देख बेतालों को बिदा किया और आप मन्दिर को चला। जब जाकर उस के पास पहुंचा देखे तो वह कंचन का मन्दिर रत्न जडे हुये जगमगा रहा है और ऐसी जोति है उस की कि जिस में रोशनी के सिवा रात दिन कुछ नहीं मअ़लूम होता। द्वा द्वार पर कंवल के फूलों की बंदनवारें बंधीं हुई हैं और घर घर आनन्द हो रहे हैं। राजा कुछ डरता डरता कुछ खुशी खुशी द्वारे जा खड़ा हुआ और वहां के द्वारपालों से दंडवत कर कहा महाराज को हमारा समाचार पहुंचाओ कहो कि मर्त्यलोक से एक राजा आप के दरसन को आया है। दरवान राजा को ख़बर देने गया और यह द्वार पर खड़ा हुआ कहता था धन्य भाग हैं मेरे कि मैं यहां तक आन पहुंचा हूं और चारों तरफ़ से राम कृष्ण राम कृष्ण की आवाज़ आती थी और राजा के मन्दिर से वेद की धुनि कान पड़ती थी जब दरवान राजा के सनमुख जा प्रनाम कर हाथ जोड़ खड़ा हुआ राजा ने उस की ओर दृष्ट की। उसने कहा महाराज। एक मनुष द्वारे पर खड़ा है और

कहता है कि मर्तलोक से आया हूं द्वारे को हज़ारों दंडवतें करता है बल्कि जिस को देखता है उस को भी आप के दरसन की अभिलाषा है जिस से निहायत बेचैन है। यह बात सुनते ही शेशनाग उठके द्वारे पर आया।

राजा ने देखते ही अष्टांग प्रनाम किया और उस ने हंसकर आसीस दी और पूछा कि तुम्हारा नाम क्या है और कौन सा देस है। राजा ने हाथ जोड़कर कहा कि स्वामी। बिक्रम भूपाल मेरा नाम है और मर्तलोक का राजा हूं आप के चरन दरसन की मुझे इच्छा थी सो मेरे मन की इच्छा पूरी हुई आज मुझे कड़ोड़ यज्ञ का फल हुआ और कड़ोड़ों दान किये का पुन्य और धन्य भाग मेरे जो आप के चरन कंवल के दरसन हुए बल्कि चौंसठ तीरथ न्हाने का मुझे फल हुआ।

विक्रम का नाम सुनते ही शेशनाग मिला और हाथ पकड़ अपने मकान में ले गया अच्छी जगह बैठा क्षेम कुशल पूछी। राजा ने कहा महाराज के दर्शन से सब आनन्द हैं। फिर कहा तुम किस कारन यहां आये हो और आते हुए पंथ में तुम ने बहुत कष्ट पाया होगा। बिक्रम बोला कि फनीनाथ। मैं ने जो कष्ट पाया सो सब तुम्हारे दरशन किये से बिसरा। फिर राजा को रहने के लिये एक अच्छा स्थान दिया और बहुत से लोग टहल करने को और उन्ह लोगों से कह दिया कि मेरी सेवा से भी तुम अधिक राजा की सेवा जानना। इस तरह से पांच सात दिन राजा बिक्रमा जीत वहां रहा। बअ़द उस के एक दिन हाथ जोड़कर कहा पृथ्वीनाथ। मुझे बिदा कीजिये तो मैं अपने

नगर में जाउं और वहां बैठ आप का गुन गाउं। तब शेश ने हंसकर कहा कि अब राजा तुम्हें घर जाने की इच्छा हुई है भला कुछ प्रसाद हम देते हैं तुम लेते जाओ। यह कह चार लअल मंगवा राजा को दिये और उस का गुन कहने लगा एक रत्न का यह सुभाव है कि जितना गहना चाहोगे सो यह तुम्हें देगा और छिन भर देते बिलंब न करेगा और दूसरे नग का यह सुभाव हैं कि हाथी घोडे पालकियां जितनी तुम मांगोगे इतनी इस से पाओगे और तीसरे लअल का यह गुन है कि जितनी लक्षमी जाचोगे उतनी यह देगा और चौथे रत्न का यह प्रभाव है हरि भजन और सतकर्म करने की जितनी इच्छा रखोगे उतनी यह पूरी करेगा।

इस तरह चारों लअलों के गुन राजा से समझाकर कहे और बिदा किया। राजा हाथ जोड़कर खड़ा हो कहने लगा महाराज। मैं आप के गुन की उपमा नहीं दे सकता पर आप मुझे दास समझकर कृपा रखियेगा। यह कहकर राजा वहां से रुखसत हुआ और बेतालों को बुला सवार हो अपने नगर को आया। जब कोस एक नगर रह गया तब बेतालों को छोड़ आप राजा पांओं पांओं शहर को चला। देखता क्या है कि एक दुर्बल भूखा ब्राह्मन चला आता है। जब वह पास आया यह उस ने कहा कि मैं भूखा हूं कुछ मुझे भिक्षा दे जो मैं जाकर कुटुंब को पालूं।

सुनते ही चिंता कर अपने मन में कहने लगा इस ब्राह्मन को इस में से एक लअल दूं यह बिचार कर ब्राह्मन से कहा कि देवता मेरे पास चार रत्न हैं और चारों के ये गुन हैं जो तू इन में से चाहे वह मैं

तुझे दूं। तब ब्राह्मन ने कहा कि पहले अपने घर हो आउं तब तुम से कहूं। यह कहकर ब्राह्मन अपने घर को गया और राजा वहां खड़ा रहा। वह घर में जाकर अपनी स्त्री औ पुत्र और पुत्र की बहू से कहने लगा कि उन चारों लअ़लों का यह ब्यौरा है। उन्ह तीनों में से उस की ब्रौह्मनी बोली कि स्वामी। तुम वह लअ़ल लो जो लक्षमी देहे और ख़ियाल मन से उठा दो क्योंकि लक्षमी से मिलते हैं सहाय और लक्षमी से होते हैं सब उपाय धर्म ज्ञान नेम पुन्य दान यह सब लक्षमी से होता है इस से तुम और तरफ़ चित मत डुलाओ जाकर लक्षमी ले आओ।

फिर उस का पुत्र बोला कि लक्षमी किस काम की है जो साथ सामान न हो और जो सामान हो तो राजा कहावे और सब कोई सिर निवावे सरनजाम हो तो दुर्जन डरें और संसार में शोभा पाए जो लक्षमी हुई और जग में शोभा न पाई तो उस पुरुष का जन्म लेना निर्फल है तुम वह लअ़ल लो जो संसार में शोभा दे।

इतने में उस के बेटे की बहू बोली कि तुम वह लअ़ल लो जो आभूषन दे कि गहने के पहनने से स्त्री अपसरा मअ़लूम हो जो रांड भी पहने तो अति सुन्दरी दिखाई दे और बिपत पड़े तो बेच बेच बहुत सा धन ले और जितना मांगोगे उतना उस से पाओगे और कितना बिलाओगे पुरुष हमारा बावला है और सास बुद्धि हीन है इस से ससुर तुम सज्ञानी हो और तुम से मैं कहती हूं वही लअ़ल ले आओ जो मैं ने तुम से कहा है उस से तुम सब कुछ पाओगे।

यह सुनकर ब्राह्मन बोला कि तुम तीनों बौराये हो और मेरी इच्छा

सिवाय धर्म के और किसी पर नहीं क्योंकि धर्म से संसार में आदमी राज पाता है और धर्म से सब काम सिद्ध होते हैं और धर्म से जग में यश होता है और धर्म करने से देखो कि राजा बलि ने पाताल का राज पाया और धर्म से राजा इंद्र ने स्वर्ग में जा इंद्रासन पाया और धर्म से यह काया अमर हो जाती है गर्भ वास छुट जाता है इस से तुम मेरा धर्म मत डुलाओ और मैं भी अपना सत न छोडूंगा इस में जो हो सो हो। इसी तरह चारों ने चार मति की बातें कहीं एक की एक ने न मानी। तब वह ब्राह्मन फिरकर राजा के निकट आया और आकर सब अहवाल सुनाया कहा कि महाराज। मैं घर तो गया पर बात कुछ बन न आई अपनी अपनी सब कोई कहता है और हम चारों की चार मति हैं और आप ने यहां खडे होकर हमारे लिये दुख पाया पर हमारा मता बन न आया।

यह सुन राजा ने कहा कि महाराज। तुम अपने चित में निरास होकर उदास न हो चारों लअल तुम अपने घर ले जायो मैं तुम्हें देता हूं क्योंकि जिस में तुम्हारा कुटुंब भी प्रसन्न हो और तुम भी हमारा इसी में कल्यान है। निदान राजा ने चारों लअल खुश होके ब्राह्मन के हाथ दिये ब्राह्मन लेकर असीस दे अपने धाम को गया। राजा बीर विक्रमा जीत भी अपने मन्दिर को आया और देते दान कुछ विलंब न लाया॥

राजनीति।

श्री गंगा जू के तीर एक पटना नाम नगर। तहां सब गुन निधान महाज्ञान पुन्यवान सुदरसन नाम राजा हो। वा नें एक दिन काहू पंडित तें द्वै श्लोक सुनें ता कौ अर्थ यह है कि अनेक अनेक प्रकार के संदेहनि कौं दूरि करै अरु गूढ़ अर्थनि कौं प्रकाशै तातें सब की आंखि शास्त्र है जाहि शास्त्र रूपी नेत्र नाहीं सो आंधरौ है। अरु तरुनापन धन प्रभुता अविवेकता ये चारौं एक एक अनर्थ की करनिहारी हैं अरु जहां ये चारौं होंय तहां न जानियै कहा होय। यह सुनि राजा आपनें पुत्रनि की मूर्खता देखि चिंता करि कहनि लाग्यौ कि ऐसे पुत्र भये कौन काम के। जे विद्या करि हीन अरु धर्म सों रहित ते पुत्र ऐसें जैसें कानी आंखि देखिवे कौं तौ नाहीं पर दुखनी आवै तौ पीर करै। कह्यौ है। पुत्र ताही कौं कहियै जा के जन्में तें कुल की मर्य्याद होय। अरु या तौ संसार में मरकै को नाहीं उपजतु है पर सज्जन अरु विद्यवान जो पुत्र बंस में होतु है सो पुरुष सिंह है। जैसें चंद्रमा तें आकाश शोभा पावतु है तैसें वा पुत्र सों कुल। जा कौ नाम गुनीन की गिनती में लिखनी तें नाहीं लिख्यौ गयौ ताही की माता कौं बझबांझ कहतु हैं। अरु दान तप सूरता विद्या अर्थलाभ में जिन कौ जस नाहीं भयौ तिन की माताओं नें केवल जनवे ही कौ दुख

पायो है पै पुत्र को सुख नाहीं देख्यो। कहतु हैं कि जिननि बडे तीर्थनि में अति कठिन तप व्रत किये हैं तिन के सुत आज्ञाकारी धनवान पंडित धर्मात्मा होतु हैं। ये छह वस्तु संसार में सुखदायक हैं सदा धन की प्राप्ति शरीर आरोग्य स्त्री तें हित नारी मिठबोली पुत्र आज्ञाकारी अरु विद्या तें लाभ।

इतनो कहि पुनि राजा बोल्यो कि मेरे पुत्र गुनवान होय तौ भलो। यह सुनि कोऊ राजसभा में तें बोल्यो कि महाराज। आयु कर्म वित्त विद्या अरु मरन ये पांच बात देहधारी कौं गर्भ ही में सिरजी हैं तातें जो भावी में है सो विना भये नाहीं रहति जैसें श्री महादेव जू को नग्नता अरु श्री भगवान को सर्प सय्या। ता सों चिंता मति करो जो तिहारे पुत्रनि के कर्म में विद्या लिखी है तौ विद्यावान होंयगे। पुनि राजा कही यह तौ सांच है पर मनुष कौं परमेश्वर नें हाथ अरु ज्ञान दयो है सो विद्या साधन के अर्थ। जैसें एक चक्र को रथ न चले तैसें विन पुरुषार्थ किये काज सिद्ध न होय तातें उद्यम सदा करिये कर्म कोई आसरो करि न बैठि रहिये। कह्यो है कि जैसें कुम्हार माटी ल्याय जो कछु कह्यो चाहे सो करे तैसें नर हू अपनें कर्म समान फल पावे। कर्म तौ जड़ है वा सों कछू न होय उद्यम करता है ता सों करता कर्म कौं प्रेरे तब भलो बुरो करता के कर्म संयोग तें होय। अरु केवल कर्म कोई आसरो करि बैठि रहनो कपूत को काम है। अरु जा के माता पिता सुत कौं विद्या को उद्यम न करावें ते शत्रु जानिये। कह्यो है कि मूढ़ पुत्र पंडितनि की सभा में शोभा न पावे जैसें हंसनि में बगुला न सोहे।

आगे राजा नें यह बिचारि पंडितनि को समाज करि कह्यो है पंडितो तुम में कोऊ ऐसो पंडित है जो मेरे पुत्रनि कौं नीति मार्ग को उपदेश दै नयो जन्म करै। कह्यो है। जैसें काच कांचन की संगति पाय मरकत मनि जताय तैसें साध की संगति में बुद्धि प्राय मूरख हू पंडित होय अरु नीच की संगति में नीच।

दोहा।

संगति कीजै साध की हरै और की व्याधि।
ओछी संगति नीच की आठौं पहर उपाधि॥

तहां राजा की बात सुनि बिष्णुशर्मा वृद्ध ब्राह्मन सकल नीतिशास्त्र को ज्ञान वृहस्पति समान बोल्यौ कि महाराज। राजकुमार तौ पढ़ायवे योग्य हैं अयोग्य कौं विद्या न दीजिये क्योंकि वह पढ़ै तौ सिद्ध न होय अरु जो सिद्ध होय तौ अनीति विशेष करै विद्या को गुन छांडे औगुन दृढ़ करि गांठि बांधै तातें कुपात्र कौं न पढ़ाइये। जैसें बिलाव कौं नवौ नवौ भोजन खवाइये तौ हू बिलूखे की घात न तजै। पुनि कोटि जतन करि बगुला कौं पढ़ाइये पर सुआ सौ न पढ़ै। जौ मुनि धर्म में निपुन होय तौ हू माछरी मारवे की घात अधिक सीखै। महाराज तिहारे कुल में तौ निर्गुनी बालक न होंय जौं मनि मानिक की खान में काच न उपजै। हम विद्या बेचत नाहीं तुम तें कछु लेतु नाहीं पर तुम्हारी प्रार्थना है या तें हौं तिहारे पुत्रनि कौं सहज सुभाव ही छः महीना में नीति मार्ग में निपुन करिहौं।

यह सुनि राजा वृद्ध ब्राह्मन विष्णुशर्मा तें बोल्यौ अहो पुहुप की संगति तें देखौ नान्हें कीट हू सज्जननि के माथे चढ़तु हैं तातें तिहारे

सतसंग तें कहा न होय जैसें पाथर की प्रतिष्ठा किये सब मनुष देवता करि पूजैं। पुनि उदयाचल परवत की बसन सूरज के उदै भये सर्व वस्तु सूरज समान ही दीसै सुसंग तें नीच की हू प्रतिष्ठा होय।

चौपाई।

कीट भृङ्गि ऐसें उर अंतर।
मन सरूप करि देत निरन्तर॥
लोह हेम पारस के परसे।
या जग में यह सरसे दरसे॥

दोहा।

सेस सारदा व्यास मुनि कहतु न पावै पार।
सो महिमा सतसंग की कैसे कहै गंवार॥

तुम मेरे पुत्रनि कौं पंडित करवे जोग हौ। ऐसें वा राजा नें विनती करि ब्राह्मन कौं आपनें पुत्र सौंपे। तब वह विप्र राजपुत्रनि कौं ले एक ऊंचे मंदिर में जाय बैठ्यौ। कोऊ समें पाय कह्यौ सुनौं महाराज कुमार।

दोहा।

काव्य शास्त्र आनंद तें रसिकनि के दिन जात।
मूरख के दिन नींद में कलह करत उतपात॥

हौं मित्रलाभ की कथा कहतु हौं क्योंकि मित्रलाभ में लाभ बहुत है।

बीरबर चरित्र।

शूद्रक नाम एक राजा वा की क्रीडा कौ एक सरोवर ता में कर्पूरकेल नाम राजहंस हो। वा की बेटी कौ नाम कर्पूरमंजरी ता पै आशक्त होय में व्हां रह्यौ। तहां बीरबर नाम एक राजपूत काहू देस तें उद्यम के लिये आय राजद्वार पै ठाढ़ौ भयौ अरु उनि पौरियन तें कह्यौ मोहि राजा तें मिलाओ हौं सेवा करनि के हेतु आयौ हौं। द्वारपाल यह बात जाय राजा सों कही। तब राजा नें वाहि बुलायकै पूछ्यौ तुम दिन प्रति कहा लेउगे। उनि कही चार सौ तोला सुबरन। पुनि राजा बोल्यौ और तिहारे साथ को है। उनि कही द्वै हाथ तीजौ खडग। राजा कही इतेक हम तें न दियौ जायगौ। यह सुनि बीरबर जुहार करि चल्यौ। तद मंत्री नें राजा सों कही महाराज चार दिन तौ याहि सुबरन दै राखियै औ या कौ पराक्रम देखियै इतेक जोग है कै नाहिं। मंत्री की बात मानि राजा नें वाहि सौनौं दै राख्यौ। वा दिन कौ कंचन लै वा नें आपनें घर जाय आधौ तौ ब्राह्मननि कौं संकल्प करि दियौ अरु वा कौ आधौ भूखे भिखारि भिक्षुकन कौं बांटि दियौ औ एक भाग निज भोजनार्थ राख्यौ। याही भांति वह पुत्र पत्नी स्त्री सहित व्हां रहनि लाग्यौ। जब सांझ होय तब खांडौ फरी लै राज सेवा में जाय उपस्थित होय। एक दिन कृष्ण चतुर्दशी की आधी रात कौं घन घुमडि मेह पर्यौ। ता समें काहू नारी के रोवन कौ शब्द सुनि राजा बोल्यौ कोउ है। बीरबर कही महाराज कहा आज्ञा होति है। राजा कही देख तौ को रोवतु है। राजा की आज्ञा पाय बीरबर

चल्यौ। तब राजा नें आपनें मन में बिचार्यौ कि मोहि ऐसौ न बूझिये जु या अंधेरी रैन मांहिं रजपूत कौं एक लौ पठाउं तातें या के पाछे पाछे जाय देखौं तौ सही यह कहा करतु है। या प्रकार राजा मन में बिचारि ढार तरवार गहि वा के पाछे व्है लियौ। आगे जाय बीरबर देखौ तौ एक नारी नवजोबना अति रूपवती सब आभरन पहरे ठाढी धाय मारि मारि रोवति है। इन वा सों पूछी तू को है। उनि कही हौं राज लक्ष्मी हौं। पुनि इन कह्यौ तू रोवति काहे। उनि कही मैं बहुत दिन या राजा की भुजानि की छांह में बिश्राम कियौ अरु अब या राजा कौं छांडि जाउंगी या दुख तें रोवति हौं। इन कही तू काहू भांति हू रहे। उनि कही जौ तू निज पूत कौं बल देइ तौ हौं रहौं अरु यह राजा अनेक दिन अखंड राज करै। पुनि बीरबर कही माता जौलौं मैं आपनें घर व्है आउं तौलौं तुम य्हां रहौ। ऐसें कहि घर जाय बीरबर पुत्र औ स्त्री कौं जगाय लक्ष्मी के कहे बचन कहिवे लाग्यौ तौ पुत्री हू जागी। यह बात सुनि सब चुप रहे। तब पुत्र बोल्यौ धन्य भाग मेरौ जु यह देह देवी के निमित्त लागै अरु स्वामी कौ काज सरै या में पिता जू बिलंब जिन करौ क्योंकि कबहू तौ या काया कौ बिनास होय तातें काहू के काज लागै सो तौ भलौ ही है। कह्यौ है। बिद्या धन प्रान पराक्रम जा कौ पराये काम आवै ताही कौं संसार में जन्म लैनौं सुफल है। पुनि बीरबर की पत्नी बोली जौ तुम यह कार्य न करोगे तौ राजा के अन्न तें कैसें उतरन होउगे। ऐसें बतराय सब देवी के मंदिर पै गये अरु पूजा करि हाथ जोरि इतनौं कह्यौ माता हमारौ राजा चिरंजीव होय राज करै। यह कहि पुत्र

कौ मूंड काटि बीरबर नें देवी कौं दयौ अरु आपनें मन मांहिं कह्यौ कि राजा के अन्न तें तौ उतरन भयौ पर अब निपूतौ होय जगत में जीवनौं उचित नाहिं। यह समझि आपनौं हू सीस काटि भवानी के आगे धस्यौ। उन दोउअन कौं मस्यौ देखि वा की स्त्री नें बिचास्यौ कि संसार में रांड निपूती व्है जीनौं जोग नाहिं। ऐसे ठानि वा हू नें निज माथौ चढायौ। विन तीननि कौं मस्यौ देखि वा की पुत्री नें बिचास्यौ कि निगोडी नाटी व्है जग में जीवनौं भलौ नाहिं। यह समझि विन हू मस्तक काटि देवी के सनमुख राख्यौ। यह चरित्र देखि नरपति नें जी मांहिं बिचास्यौ कि मो से जीव अनेक पृथ्वी में उपजतु खपतु हैं पर ऐसे सूर नर हौंने कठिन हैं तातें अब या कौ कुटुंब नास करि मोहि राज करनौं जोग नाहिं। यह सोच समझि ज्यौं भूपाल निज मूंड उतारनि लाग्यौ त्यौं हीं देवी नें आय कर गह्यौ अरु कह्यौ राजा तू साहस जिन करै अब तेरे राज में भंग नाहिं। राजा कही माता मोहि राज तें कछु प्रयोजन नाहिं। पुनि देवी बोली हौं तेरे धर्म औ सेवक के कर्म पर संतुष्ट भई अब तू जो बर मांगै सो देउं। राजा कही मा जो तुम तुष्ट भई हौ तौ इन चारन कौं जीव दान देउ। जब उन पाताल तें अमृत लाय विन चारन कौं जिवायौ तब राजा चुपचाप व्हां तें चलि निज मंदिर में आयौ औ बीरबर हू उन तीनौं कौं घर राखि आप राजा के समीप पहुंच्यौ। नरपति नें वाहि पूछ्यौ तुम गये हे तहां कहा देखि आये। पुनि कर जोर उन कही महाराज एक नारी रोवति ही। जौलौं हौं वहां गयौ तौलौं वह चुप रही मैं वाहि न पायौ पुनि मैं बगद आप के ढिग आयौ। ऐसें सुनि

राजा नें मन में कह्यौ कि यह कोऊ बड़ो सिद्ध पुरुष है या की स्तुति हौं कहां लौं करौं। कह्यौ है। दयावंत दानी तपसी सत्यबादी औ सूर जो आपनी बड़ाई न करै तौ वाहि सिद्ध पुरुष जानिये। आगे राजा नें प्रात भये पंडितन की सभा में बैठि रात्रि कौ सब बृत्तांत कह्यौ अरु संतुष्ट होय बीरबर कौं कारनाटक देस कौ राज दयौ॥

हितोपदेस।

काग म्रिग अरु स्याल।

मगधदेस मै चंपावति नांम बनु है। ताहां बहुत वर्ष के बडे स्नेह करि एक म्रिग अरु काग दोउ बसै हि। सु हिरण बन मैं चरत एक दिन सपुष्टदेही स्याल हि देष्यौ। देषिकरि स्याल विचारन लाग्यौ। या हिरण कौ मांस कौंन उपाव करि षाऊं। तब स्याल ईह बिचारी जुःकुं या सौं प्रीति उपराजौं। प्रीति उपाई करि या कौ मांस षाऊं। ईह बिचार करि स्याल म्रग कैं निकटि जाई करि बोल्यौ। म्यंत्र कुसल है तुम्हं कौ। म्रिग कहि तुम कौंन हौ ईह कहितु हौ हौं क्षुद्रबुधि नाम स्याल हौं। ईह बन मै म्यंत्र करि बंधु करि हीन वस्त हौ। अब तुम हि म्यंत्र पाई करि जीयौ हौं। अब तुम्हारे साथि सदा ही रहिहौं। तब ईह दोऊ संध्या भये म्रग कौ जहां बास थल थौ तहां गयौ। तहां चंपा के रुष परि सबुधि नाम काग रहै। म्रग कौं मिंत्र तिन कह्यौ। म्यंत्र हिरन यौ दुसरौ कौनु। तब म्रग कहि यौ स्याल हम सौं मैत्रि करन कुं आयौ है। तब काग कहितु है म्यंत्र सुनहु आकस्मात तत्काल परदेसी सौं मैत्रि न करिये। म्यंत्र हिरण जा कौ कुल न जाणिये अरु जा कौ सील न जाणिये ता कौं बास न दीजे जैसैं

मंजार कौं बासु दीयौ बुटो गीधु मार्‌यौ। ईह सुनि दोऊ पुछत हैं म्रगु अरु स्यारु ईह कैसी कथा है। तव काग कहितु है। भागीरथी गंगा के तीर ग्रिधकुट नाम एक परवत है गीधर लोक प्रसिध। तहां ग्रीध परवत मै एक बडौ पापरि कौ रुष रहै। ता के षोटर में आंधरौ बुटो एक गीध रहै। तहां वा के जीवनि निमति और पंछी आपने चारा में थोरौ थोरौ अहार बांटि देहि ता तें वह गीध जीवे। तहां एक समये दीर्घकरण नाम मंजार पंछिन्ह के बालकन्ह षावे कौं आयो। मंजार कौं आवत देषि सब ही पंछी उराने उरतें पुकारन लागे। ऊन कौ पुकारिवौ सुनि गीध यह कहि। को आवत है। तव दीर्घकरण मंजार गीध कौं देषि उरानौं उरते भाजि हु न सक्यौ वेंहि गीध के निकटि गय्यौ जाई गीध सौं ईह कही जू तुम बडे हौ हमारे प्रणांमु है। तब गीधू कहितु कौंन है। ऊन कह्यी हुं दीर्घकर्ण नांम बिलाव हौं। तब गीध बोल्यौ तु दुरि हि रहि नांतर तोहि मारिहौं। तब मंजार कहि मेरे बचन सुनहुं पीछै जे मारिवे कु जुक्त हुं तौ मारिय्यौ। जाते जाति ही ते न कोउ मारिये न पुजिये व्यौवहार देषि जु जैसो होई तैसो हि करिये जौ मारिव जोग्य होई तौ मारिये पुजिवे लाई कहोई तौ पुजिये। तव गीध बोल्यौ कहि सु। मंजार कहितु है गीध राजा में इह गंगा जी के तीर असनान करि मांस छाडि ब्रह्मचर्य सौं चंद्रायण ब्रत करत हौं मेरे आगे सब पंछि मिलि तुम कौं धर्मातमा कहि स्तुति करत हैं तातें तुमें ग्यांनी जांनिकरि धर्म सुनिवे कू तुम पासि आयो हौं तुम ऐसे धर्मात्मा हो जु अतिथ कौं मारिवे कौं ऊठे हो। ग्रहस्थ कौ ईहै धर्म है जो सत्रु घरि आवे तौ मित्र हु की पुजा

करै जैसें रुष जौ कोउ रुष काटिवे कु आवै तौ रुंष काटनहारा कु कौं छांह करत रहै। जै और नांहि तौ मीठौ बचन तौ कहौ और सुनौ। जातें महांत जे हैं साध तिन के ग्रह तें त्रण वैवि वे कू न छूटहि भूमि आदर सें आसन कौं न मिटही अतिथ कौं जलपांन न मिटहि प्रीय बंचन कवहु न छूटई त्रण भूमि जल प्रीय बचन ए कवहु अतिथ कौं न छुटेहि और साधन की द्रष्टि सौं नीके मन सौं मीठें बचन सौं ऊठिकरि आसन देई ईह साध माहांत कौं सहज ही कौ धर्म है। जो महांत होई अरु ग्रहसथ होई करि ईह धर्म न करै अरु जे ग्रहस्थ के घर तें अतिथ निरास होई विमुष जाई तौ ग्रहस्थ कौ धरम सब आय ले जाई अरु आपनौं सब पाप ग्रहस्थ कौं दे जाई। और साध जे हैं महांत ते निर्गुणी कु प्राणी बिषै दया करें जैसें चंद्रमां चंडाल कु के ग्रहि प्रकास करै। तब गीध कहि सुनौ मंजार की मांस बिषै रुचि बहुत ए पंछीन के बालक ईहा रहित हैं ताते कुं कहित हौं। तब मंजार ईह सुनि भूमि छूई करि कांन उपरै हाथ धर्यो मो तें ऐसी न होइ मै धर्मसास्त्र सुनि बैरागी होइ यह ब्रत आरंभ्यौ है जातें दया बडौ धर्म है ईहै सब सास्त्र कौ सिधांत है। जाते जु दयावंत है अरु भली है बुरि सब सहितु है अरु सब हि कौ प्रतिपाल करत है ते सर्गलोक पावहि। और एक धर्म सदा सहाइ कहै वा की सब देही के साथि जांहि। अरु जो जिह कौ मांसु षाई जा कौ मांसु अरु षां-णहारे कौ मांस इन कु मै बहोत अंतर है कांहे ते जा कौ मांस होई ते जीव हि तें जाई षांणहारे कौं एक छिन जीभ हि कौ स्वाद। तातें जैसें आप कौं मारिवे कौ दुष व्यापै तैसें और कु कौं जांणिजे। सुनौ

तौ वन के साग तें जे पेट भरे तौ जीव काहे कौं मारिये। इह भांत गीध की प्रतीति वढीई उहां हि रह्यौ मंजार आगे रहित रहित दिन प्रति पंछिन के बालक षाई। षांत षांत जिन्ह के बालक षाये ते षोज करन लागे। उन्ह कौं षोज करत जांणि मंजार उरतै भाग्यौ। तब उन्ह पंछी षोजत षोजत बालकन के हाड षोडरा में पाये। तब सब पंछिन मिलि कही विश्रारु कीयौ जु हमारे बालक इन हि बुढे गिधू मारे। तब इह जांनि सब पंछिन मिलि बुढौ गीध मार्‍यौ। तातें हुं कहित हौं अनजाने सु मैत्रिं न कीजे। इह बात सुनि वह स्याल क्रोध सौं बोल्यौ। म्यंत्र काग जा दिन तुम्ह म्रग सौं म्यंत्रि कीन्ही ता दिन इह तुम्हारौ सिल कुल जानतु हौ आजू तेहि मैत्री दिन दिन अधिक होत है। और इह आपनौ इह परायौ इह विचार मुर्षन्ह कौ है पंडि-तन कुं सब आपने हि हैं। जैसें इह म्रग मेरौ म्यंत्र तैसे तुम हु हमारे म्यंत्र हौ। तब म्रग कही बहोत बांत सौं कौंन कार्य्य सब मिलि एक ठौर सुष सौं रहिये। तब कागा कही ऐसी प्रिय होऊ जैसे तेरौ विचारु। तब सबे मिलि प्रतीति करी आगे प्रात भवे अपुने अपुने कार्य कौं गये। तब रहित रहित एक दिन म्रग सौं स्याल कहि। म्यंत्र एक ठौर हरे जव को षेत है चलौ तुम कौं हि दीषांइ आउं। तु निति हि ऊहां चरि चरि आव। तब म्रग कौं षेत दीषायौ। म्रग देषे तें निति ही चरि चरि आवै। तहां एक दिना वा कौं देषि रषवारे जाल पसार्‍यौ। तब आगि ले दिंनि म्रग वहोरि चरिवा गयौ। तब चरत हि जाल में अट-क्यौ। तब म्रग मन में विचारन लाग्यौ। आजि मौ कौं या जाल गे तें छिडाइवे कौं म्यंत्र बिनां और कौंन समर्थ है जु मोहि छुडावै। इतुने

विचि म्रग कौं स्यालु देषि इह मन मैं विचारन लाग्यौ जु मेरे कपट कौ फल भयौ। अब म्रगु बांध्यौ अब मेरो मनोर्थ सिधि ह्रै है। जब या कौ मांस ले जैहुं तब लोहु अरु हाड मैं पाईहौं। तब म्रग स्याल कौं देषि फुल्यौ। देषिकरि पुकारी म्यंत्र मेरे बंधन कांटि मोहि राषि लेहु। जातैं नीति मै ऐसी कही है जु आपदा मै म्यंत्र जांणिये जुधन मैं सूर जांणिजे धन मैं निरलोभ होई सुपवित्र जांणिजे द्रविहीण भये असत्रि की परख्या जाणिजे दुष मै बंधु जांणीजे। यह बचन हिरन के स्याल सुने जाल कौं देषि विचारन लाग्यौ ईह तौ गांटौ बांध्यौ है। तब स्याल बोल्यौ। म्यंत्र यह जाल तांति कौ है आजि ऐतवार है दांतन करि क्यौं छुवौ म्यंत्र जु और भांति मन मैं मति जांणे बिहांणें जु तु कहिहै सु करिहौं। आगे काग प्रात काल जब म्रग नं आयौ तब षोज करन लाग्यौ। षोज करत करत जाल मैं बांध्यौ देष्यौ। देषिकरि काग विचारन लाग्यौ। तब म्रग सौं कहित है म्यंत्र यह कहा। तब म्रग कहितु है। म्यंत्र तेरो कह्यौ न कीयौ ता कौ यह फल भये। जौ हितकारी म्यंत्र कौ कह्यौ न मानै ता कौं बिपति आई जांणिजे। तब काग कही। तेरो म्यंत्र स्यालु कहां। म्रंग कहितु है। मेरे मांस कौ अर्थी ईहां ही है। तब कागु कहि। म्यंत्र मै तुम सौं पहिले ही कही थी। यह बात कबहु न विचारिये जु हम जा कौ बुरो न करिहैं सु हमारो काहे कौं करिहै यह जांनि काहु की प्रतीति न करिये जाते दुष्ट होई सुभले हु सु बुरो करे। तब स्वास लेकरि काग कहि। अरे दुष्ट स्याल पापी तै ईहै कौंण दारुण करम कीयौ। जाते जा सौं मीठी बातन करि प्रीति उपराजिकैं मैत्रि करिये मैंत्रि करि अरु भले कौं उह-

का जे सु कौन धर्म है और जे पीछे कार्ज्य नसावे मुष उपरि सुहावति कहे ऐसे म्यंत्र सर्वथा न करिये जैसे भितरि विष उपरि दुध करि भर्यौ घट न छूयए और दुर्जन होइ प्रिय वचन कहे ता की प्रतीति न करिये वा की जीभ में अंम्रत पेट में विषु भर्यौ है। और जौ उपगार होई प्रतीति करै सुषी होई ऐसे सौ जो कपट करै तिन्ह कौं हे प्रीथि माता तून्ह कैसे धारत है। अथवा ईह दुष्ट कौ यह सुभाव है जुष हि लै पाईन परे पीछे पटकिकै मांस षाई अरु कांन में मीठी बात कहे औ-सर पाइ दगो देई जैसे समा बोलत हि कांन मे पैसि जाई। और काग कहतु है म्रग सौं म्यंत्र इह सात मेरे मन मै साल है सुनौ। काग कहितु है। ए सात साल है कौंण कौंण दिन में फीकौ चंद्रमा जोबन के बीते स्त्री सकाम होई कमल विन सरोवर सुंदर मुष विद्या करि हीण ठाकुर होई लोभ करै अरु साधू जन दुषी राजा निकट दुष्ट मंत्रि रहे ए सात परमं साल है। इह विचार करत ही है। यह बीचि षेत कौ रषवालो लाठी लीये आवत काग हि देष्यौ। देषिकरि म्रग सौं यह कही। म्यंत्र म्रग तू म्रतिग सौ परि रहौ जब कुं बोलौं तब तूम ऊठि भाजियो। ईह कहि काग रुंष परि बैठ्यौ ए ते रषवारौ आई पहुंच्यौ देषि सुंष पायौ जु म्रग तौ बांध्यौ। तब म्रग देषिकरि रषवारौ कहन लाग्यौ। ईह आप ही मरि रह्यौ। तब बंधूक ईह जांनि बंधन छोड्यौ। बंधन छोडि जाल सकेलन लाग्यौ। ईहि विचि काग सबद कीयौ। काग कौ सबद सुनि म्रग ऊठि भाज्यौ। तब भाजते रषवारै लाठी मेली सु वह लाठी स्याल कै जाई लागी लागत प्रमांण स्याल मूवौ॥

कंदर्पकेत चरित्र।

कांचनपुर नगर मैं बीर बिक्रमां हीत राजा है तिह नगर मैं राजा की आंग्या पाइ एक नाउ कौं मारिवे कै ठौर ले चले। तहां कंदरपकेत नांम संन्यासि और एक साध सहित इह येक बात कहि। अहो इह नाउ मारिवे लाइक नाहि ईह कहि नाउ कौ बस्त्र पकर्यौ। तब राजा के सेवकनि कहि। इह काहे तै मारिवे लाईक नाहि। तब कंदर्पकेत कहित है। स्वर्नलेषा कौं छूनइ कारि संन्यासि दुति साध ए तीनौ आपने ही दोष तै दुषी भये। तब राजा के सेवक पुछत हैं कैसे कै दुषी भये। संन्यासी कहतु है। सिंघलद्दीप कौ राजा जीमै मौतकेत है। ता कै पुत्र कंदर्पकितु हम हैं सु एक दिन क्रिडा के बाग मै ठाढ़ौ हुतौ ताहां पैहन के ब्यौपारी बाग मै आइ उतरे तिन के मुष तै इह बात मै सुनी जु ईह ईहि समुद्र मैं अंधियारी चौदसि कै एकु कलपबरष प्रगट होत है वा के है मणिन्ह की किरण कारि प्रकासत सेज परि बैठे समसत आभरण पहैरि लिषिमी समान बेण बजावति कौंने एक कन्या देषियत है। ता वें यह बात मैं सुनी सुनिकारि बिचारत भयो जु कैसे हूं देषि जाई। तबै वे ब्यौपारि समुद्र के पार बोहिथ चढ़िकै ब्यौपर कौं चल्यौ। तब हुं उन बनिया के साथि बोइथ चढ़ि चल्यौ। जात जात उस ही ठौर गये उहां जाइ कारि कन्या देषि आधी देह पांणी मांहि आधी उपरि वा की सुंदरताई देषि बोइथ उपरि तै वा कै लेन कौं हूं समुद्र मैं पैठ्यौ। आगै सोने के नगर मै जाइ कारि सोने हि के घर मै सेज परि बैठि मै देषि उन्ह हौं देष्यौ देषिकारि उह दुति

पठाई। दुति आइ तबै आवत हि मै दुति पुछी इह कन्या कौन है। तहां दुती मेरे पुछे तें मौ सु इह कहि। यह कन्या कंदर्पकेलि नाम विद्याधर समस्त विद्याधरन कौ राजा ता की पुत्री रतनमंजरी नाम है। यह ब्रतांत कहि सुनि तब आपस मैं अन्यौ अन्य प्रीति सनेह ते ब्याह कीयौ वा सौं क्रीडा करत कुं रह्यौ। तहां एक समये एकांत विषै बात करत है उहि रत्नमंजरी मो सौंय जु स्वांमी अनी ईछ्या ते यह समस्त भोगु करहु पर यह चित्र में जु लिषी है स्वर्नलेषा नाम विद्याधरी सु या कौं कबहु मति छुवहु। सु एक दिनि ताहु तें रहि न सक्यौ कौतुक तें वां कौ स्तन मै छुयौ। तब ऊनि चित्र हु भीतर तें ऐसें लात करि मार्यौ जैसे कुं सोरठ देस मैं आय पर्यौ। तब ते कुं वा के विरह के दुष करि संन्यासी भयौ सु फिरत फिरत या नगर मैं आयौ अरु ईहां काल्हि की रात्रि अहीर के घर सोवन मे यह देषी जु पहिलें ही सांझ अहीर मित्र सौं मिलि मद पीवत आपनी स्त्री कुटनी सौं बात करत देषी। तब वाही अहीरी कौं नीकें करि मारि थांभ सौं बांधि आय सोई रह्यौ। तब आधी राति नाईनि वह कुटनी आई आई कर उस अहीरी सौं यह बात कही। अहो सषी तेरे विरह करि वह पुरुष मुवौ चाहत है। जातें चंद्रमा के ऊदय ते अंधकार बढीत भये तै कांमदेवं जोबनवंतं पुरुषन्ह कौं ताकि ताकि तीरन मारत है तातें इहां थांभ सौं मोहि बांधिकरि तुं वा कौ भलौ मनाई आव। तब वहि कुटनी बांधी बांधि अहीरी ऊहां गई। पाछै छिनक एक रहि अहीर जाग्यौ। जागिकरि यह बात कही। क्यौं अबें जार पासि काहे नांइ हि जात। जब यह बात कहे ते वह न बोली तब उनि यह कही।

क्यौं तेरै गर्वु भयौ॰है जु तु मेरे बुलाये नांही बोलत। यह कहि वा कौ छुरी करि नांक काट्यौ। पीछै अहीरी आई वा सौं कही। दुती कहौ समाचार। तव दुती कह्यौ। मेरौ मुह जु कहतु है देषते नांही। तब अहीरी आपु कौं वांधि वह छोडि दीन्ही। वह नाईनिं काट्यौ नांक ले आपनैं घर गई। तब प्रात ही नाई वा सौं छुरहडी मागी। तव ऊहि एक बडो छुरा ले आनि दीन्हौ। तव ऊहि नाई रिसाई कै छुरा घर मै डारि दीयौ। तव ऊहि नाईनि पुकारि ऊठी ईनिं विनु अपराध हि मेरौ नांक काट्यौ। नांक हाथि ले चौतरा आंनि पुकारी। आगैं वह अहीरी अहीर कै पुछै यह कही। अरे पापी ऐसे कौंनु है जु मो सी पतिव्रता कौं कलंक लगाई सकै अधिक कु कहा कहौं मेरौ ब्यौहार आंठौं लौकपाल जानत हैं यह मेरौ आठौ देवता मेरौ धर्म जांनत हैं जैसी मै हौं कौंण देवता सुर्जा चंद्रमा वायु अगनि आकास प्रीथी जलु हृदय यम दिन रात्रि दोऊ संध्या ए सब मनुष्य के चरित्र कौं न जांनत हैं। ताते देषु मेरौ मुषु जौ हूं पतिव्रता हुं तो मेरौ मुष जैसौ हुतौ तैसौ ही देषिहै। तव यह वात सुनि अहीर दीवा करि मुष अहीरी कौ देष्यौ जैसौ हुतौ तैसौ ही मुष देषि वा के पाईनि पर्यौ। यह तौ ऐसी भई। अब यह साध जु मेरे संग है ता के समांचार सुनहु। यह साधु घर ते निकस्यौ निकसि बारमैं वरसि इही नगरिं बहुत द्रव्य ले आयौ। ईहां आई रात्रि बेस्या के घर सुतौ। वह बेस्या अपनैं घर कै दवार मै कल करि काठ कौ वेताल बनाई। वा के मांथे परि एक बडौ रतंन रष्यौ वा रतन के लोभ तें वह साधु आधि रात्रि ऊठिकर वह रतन कौं हाथ पसारि रतन लैंन लाग्यौ। तब रतन कौं

छुवत हि वेस्या काल छिटकाई छिटकावत हि वा के दोन्यौं हाथ काल करि बांधे गये। तब वह साधु पीडा करि दुषी भयौ। तब पुकारि ऊठ्यौ तब वा सौं कुटनी कहि यत मलय पर्वत तैं बिटई आये है जौ कछु द्रव्य सु सब ही द्रव्य रतन जु कछु है ते सब देहुगे तब छूटहुगे नांतरु यह तुम हि मारि डारिहै। तब ईनि सब ही रतन द्रव्य दीये। अब यह सर्व सषाई करि हमारै साथि लाग्यौ है। यह समस्त बार्ता सुनि राजा के सेवकनि न्याव विचाह्यौ॥

कागु अरु सांप।

कौनें एकै रूष परि कागू अरु कागनि रहै सु वा ब्रष के षोउर मै एक कालौ सांप रहै सु वा कागु के बालकन कौं षावो हि करै। जब कागुनी कौं गर्भ फैरि रह्यौ तव काग सौं इह कहि। स्वामी इह रूष छाडि अन्यंत्र बास कीजे इहां इह कारे सरप ते हमारी संतति न उबरिहै। जातें दुष्ट स्त्री कपटी मिंत्र सेवकू जौ उतर देई जा घर मै सापु रहै तहां कौ बासु ए च्यारयौ अति कौ कारणु है। तव कागु बोल्यौ और प्रीया तु मति डरहि बहुत बार मैं या कौ अपराध सह्यौ है अंब हुं या कौं मारिहौं। तब कागनी कहति है। यह महाबली सर्प या सौं तुम्ह कैसे बैर करिहौ। काग कहि तु यह चिंता मति करहि जातै जां कै बुधि है ता कै बल है जां कै बुधि नाहि ता कैं बल काहे कौं जाते बुधि हि कै बलि महाबली स्यंघु सुसै बुधि ही करि मार्यौ। तब कागनी कहि यह कैसी कथा है। कागु कहितु है। मंदर नाम पर्वत उपरि एक दुर्दांत नाम सिंघु रहै सु सब पसुन कौं मारत रहै। तब सब पसुं जाई मिलिकरि सिंघ सौं बिनती करी म्रिगराज सुनौ। तुम सब पसु काहे कौं मारत है। तुम्हारे अहार कौं एक एक पसु नित्य हम हि आंनि देहिगे। तव स्यंघ कहि भली बात ऐसी ही करहु। तब ते एक एक पसु स्यंघ नित्य षाई रहै। तहां एक दिन बुटे सुसा की बारि आई। तब उनि ससै बिचारी है जीवत ही डर कौ त्रास दुरि करौ यह विचार भलो है जौ मरण निश्चै है तौ हुं सिंघ सौं दीनता भाषौं सु काहे कौं। इह विचार हलवै हलवै चल्यौ। तब सिंघ कौं जाई पुछु-

च्यौ। आगे ते भुषे·रिसाई कही। काहे ते तु बहौत अबेरे आयौ। तब सुसे कहि यह मेरो अपराध नांहि मारग मे आवत और एक सिंघु मो कौं पकरि रह्यौ मे वा सौं बहुत सपत करिकैं तुम्ह सौं कहन कौं आयौ हौं। स्यंघ यह बात सुनि बहुत रिसानौं क्रोध करि कह्यौ। बेगि चलि वह कहां है मो कु दिषाई देहि। तब सुसा कौं ले गयौ ले जाई गहरैं कुवा ऊपरि ठाढ़ौ कीयौ। सुसे कहि या भीतरि देषु स्यंघ है। यह कहि पांनी मे सिंघ कौं वाही सिंघ की परछां ही दिषाई। तब उनि स्यंघ आपनौं प्रतिबिंब पानि मे देष्यौ। तब ऊनि सिंहि रीस करि बिनु बिचार हि आपुनी परछां हि कौं और सिंघ जांणि वा कौं मारिवे कौं कुवा मांहि पर्यौ परत हि मुवौ। तातें हुं कहत हौं बिनु बिचारे काम न करिये अरु जा के बुधि ता ही के बलु। तब कागनी कह्यौ सुन्यौ मै ईहा जु उपाय बुंझिये सु कहौ। तब काग कहत है। ईहो निकटि ही के सरोवर में राजा कौ पुत्र स्नानु नित्या ही आय करत है सु वह सोने की सांकली हाथ ते ऊतारि सरोवर कें तीर राषत है सु तु वह लेकरि या सर्प के षोडर में डारि आव। आगें जब वह सनांन करन लाग्यौ तब सोने कौ सुत्र वहि ऊतारि धर्यौ। ईहि बिधि कागनी वह सांकली लै आई आनिकरि सांप के षोटरा मै धरि रुष परि बैठी। तब राजा कौ पुत्र देषे तौ सांकली नाहि काग ले गयौ। तब राजपुत्र के सेवक षोजन लागे षोजत षोजत वा षोटरै में सांकली देषी अरु सांप देष्यौ। तब सांप कौं मारि सांकली ले आये॥

ब्राह्मण अरु बकरा

अपनी ऊपमा कौ जो दुर्जन कौं सत्यवक्ता करि जानै ता कौं दुर्जन उहके जैसे एक ब्राह्मण बोकडा निमति तीन ठगनि मिलि ठग्यौ। राजा कहि यह कैसी कथा है। काग कहैतु है। गोतमारन्य बन मै एक ब्राह्मण जग्य करिवे कौं और गांव तै एक बकरा मोलि लीये आवत तीन ठगनि देष्यौ। तब वै तीन्यौ दुष्ट आगे जाई पैंडा मै मतौ करि कोस एक एक कै अंतरै तीन्यौ बैठे। तब वह ब्राह्मण एक ठगि पुछ्यौ। अरे ब्राह्मण यह कुकरा कांधे पर चढाये काहे कौं लीये जात है। तब ब्राह्मण कहि। यह कुकरा न होई जग्य कौ बोकरा है। आगे जाते कोस एक पर दुसरै कु ठगि उहि भांति पूछ्यौ। यह ऐसे प्रकार दुष्ट के बचन सुनि ब्राह्मण बकरा कांधें परि तै उतारि देष्यौ बहुरि कांधे धरि संदेह करत बांभन चल्यौ। जाते दुष्ट के बचन सुनत महांत कु की बुधि चलतु है संदेह मै परतु है जौ उन के बचन की प्रतीति करै सु मरै जैसे चित्रकर्न मुवौ। राजा पूछी यह कैसी कथा है। कागु कहितु है। कौन कु देस बडे बन मै एक मदोत्कट नांम स्यंघु रहै। ता कौ सेवक बाघ स्यारु कागु ये तीनौ मन मै फिरत फिरत एक ऊट देष्यौ। ऊट कू पुछ्यौ तुम कहां ते आये कहां जाहुगे। तब उनि ऊठि अपुनी सर्व बार्त्ता कहि जू जैसी हुति तैसी ऊट पुनि कहतु है हुं संग ते भूलि इह बन मै आयौ हौं। तब उन्ह वह ले स्यंघु कौं दीयौ। स्यंघ पुछत है कौ है या कहां ते आयौ है। उन्हौ कही राजा इह ऊट है संग ते भूलि इह बन मै आयौ है। तब स्यंघु वा कौं

अभैदानु दीयौ अरु चित्रकर्न नाम ऊट वा कौं नाम धरि वह उहां ही राष्यौ। एक समै अति ब्रषाकाल मै स्यंघ भूषो भयौ। तब संकौ विनु अहार पाये दुषी देषि बाघु स्याह कागु इन्ह तीन हु विचार कीयौ। अहो स्यंघ जैसे चित्रकर्न कौं मारि सो उपाव करहु। इह कहि दिषाइ जुई ऊट कांटे कौ षांनहारौ या तै हमारौ कौन कार्ज है। तब बाघु कहि। राजा या कौं अभैदान दे राष्यौ है कैसे मारिहै। तब काग कहि। ईह समये छिण राजा पापी करिहै। जातै भूषी महतारी बेटा हु कौं न छाडै भूषी सापनी अपुने अंडा हु कौं षाई भुषो कौन पाप न करै जातै छीण मनुष्य कौं दया नाही रहितु। औैर मद करि मानौ होई आसावधान बावरौ क्रोधी भुषौ लोभी उराणौ उतावलौ कामी ए धर्म कौं न जाणैहि। इह विचार करि स्यंघू कै नियरै गये। स्यंघु पुछत है कछू षावे को ल्याये। तब कागु कहि। राजा बहुत जतन करि षौज्यौ परि अहार कछु न पायौ। स्यंघु बोल्यौ। अब क्यौं जीवहिगे। कागु कहि। राजा हाथ कौ अहार छाडैत तु हौ ताते और हु ठौर नाहि पायतु। स्यंघु कहि। ईहां कौन अहार है ताते और ठौरु नाहि पाईयतु। कागु कान मै लागि कहि। इह चित्रकर्न ऊट है या कौं मारि षाईये। तब स्यंघु कहि। मारिये कैसे मै या कौं अभैदान दीयौ है। जाते भूमिदान सोवर्णदान अंनदान आत्मादान ए सब दान अभैदान की बराबरि नाहि। और सब बिधि करि जुक्त अश्वमेध जग्य कीये जु फल होई सो फल सरणागत राषे होई। तब कागु कहि। राजा तुम्ह मति मारहु राज हंम सो उपाव करिहैं जु इहै आप ही ते आपनौ सरीर देहै। स्यंघु ईह बचन सुनि

चुपके रह्यौ। तब कागु स्यंघु कौ मनु जांनि कपट करि सर्व हि ले स्यंघु पासि गये। कागु राजा सौं कहि। राजा अहार कहि न ही पायतु है मोहि मारि षाऊ राजा तुम्ह वहौत दिन के भूषे मरतु है। जाते जै राजा न होई तौ प्रजा कैसे ऊ न जीवै जैसे जै आवद्यान होइ तौ धनतर सौ वैदि जिवाई न सके। और सव प्रजा कौ मुल राजा है जौ ब्रष कौ मुल रहे तौ आगे पत्र फल फूल सब ऊंहि। तब स्यंघु कहि बर मरिये सु भलौ पर ऐसौ कर्म भलौ नांहि जु आश्रित कौं मारिये। तब स्यारु ऊ कागु सौ बचन कह्यौ। स्यंघु पुनि वाहि उहि उतर दीयौ। आगे चित्रकरन राजा सौं कहि। राजा मेरौ सरीर षाई करि तुम्ह अपुने प्राण राषऊ। ईऊ कहित ही बाघ चित्रकर्न कौ पेट फारि मार्यौ। सब मिलि बांटि षायौ। ताते कुं कहितू हौं दुष्ट के बचन सुने ते भले ऊ को वुधि चले। तब तीसरे ठगि कहि। रे बांभन कुकरा काहे कौं कांधे परि लीये जातु है। तब बांभन वा के कहे बकरा कौं छाडि चल्यौ सनान करि घरि गयौ। उन्ह तीनौ ठगनि मिलि बकरा मारि षायौ। ताते कुं कहितू हौं जौ आपनि उपमा करि और दुष्ट की प्रतीति करे सौ उहकावे ॥

सरप अरु मेंडक।

जीरणवर्द्धांन वन मे मंदविसरप नांम एक सरप रहै सु बृधि अति अहार कौं फिरि न सकै सरोवर के तीर परि रहै। तब एकु मेंडक वा सौं दुरि हि ते कहि। अहो तुम्ह आप कौ अहार कु नांहि षोजत परे ही रहित हौ सु काहे ते। तब सर्प कहि। जाकु कहा मो सु अभागे सुं पुछत हौ। उन मेंडक आचिरजि मानि हठ करि पुछी तौ भी हम सौं कहौ। तब सर्प कहितु है। अहो इह ब्रंभपुर मै कौण्डन्य नांम ब्राह्मण हौ। ता कौ बीस वर्ष कौ पुत्र गुणवंत अभाग्य ते मै काट्यौ। तब ब्राह्मण पुत्र कौं सापु काट्यौ देषि मुर्छित ह्वै सोक ते भूमि मै गिर्‌यौ। पीछै वा नगर के बासी लोगु उहि के भाई बंधू सब मिलि उहां आये। जाते सुष दुष मै दुरभषि मै सत्रु के जूथ मे राजद्वार मै मसाण भूमि मै जो ईन ठौर मै संगि रहै सोइ बंधु जानिये। तहां एकु कपिल नाम ब्राह्मण कहि। अरे कौण्डन्य तु मुर्ष है जू इह भांति रोवत है सुनु। जाते जु संसार मे उपज्यौ ता कौं परलोक प्रति की गोद मे बैठाइयतु है पीछै माता की गोद मे बैठाइयतु है जैसे धाई पहले आपनै हाथि लेई पीछै महतारी के हाथि देई सु ऐसे मनुष्य कौ सोक कहा कीजे। और सेना सहित बडे राजा जुधिष्ठर आदि वे कहां गये उन्ह के विवोग की साषि देवे कू भूमि रही है। जाते सरीर कौ प्रति नीरो हि है संपदा के आगै ही आपदा है संजोग के आगै हि विजोग है ताते जू उपज्यौ सु नसाई। और इह देह घरी ही घरी घटित है मुये हि गई जांनिइतु है जैसे काचौ घट पानी मै घरी ही घरी घटतु जाई पर फूटे हि जानिये। और जा

कौ जन्म भयौ तब हि ते ता कौ घरी घरी काल निकट आवतु है जैसे अपराधि कौ राज आग्या ते जब मारिबे की ठौर चले तब वा कौ वह ठौर पग पग नियरे आवै। और जाते जोवन रूप द्रव्य संग्रहु जीवनु ठकुरा इति म्यंत्र हु कौ एक ठौर वासु ए सब पदार्थ बिजुली की सी चंचल हैं इन्द्र कौ भोग थोरे हि दिन मै नष्ट जातु है ताते पंडित होई सुनांन्हि वस्तून कौ सोकु न करै। जैसें नंदी मै प्रवाह के बेग करि कहु कहु के काठ एकत्र मिले हि बहोरि नंदी ही के प्रवाह ते न्यारे न्यारे हो हि तैसे प्राणी काल के बेग ते एकत्रि मिल हि अरु न्यारे न्यारे हो हि। जाते पंच महाभूत एकंत्रि मिल हि ए सब मिले हि तब देह उपजे वे पांचौ न्यारे हो हि तब देह नष्ट जाई ऐसी देह कै उपजे और विनास ते जु पंडित होई सो सुष दुष न मानै। जाते मनुष्य जिहि जिहि वस्त मै जितनौ हि सनेह करै तितने ही सोक के बीज बोवै इह संसार मै सदा काहु सौं एकत्र रहिबौ नाहि। जाते अपुनी देह कु सौं सदा संगु नांहि और सौं कहां ते होई। जाते संजोग एकु दिन विजोग करै तैसे जनम म्रति कौं करै और अपुने भाई बंधुन कौं मिलाय मिल लवौ मिले हि मै नीकौ आगे बिछुरे दुष देतु है जैसे अपथ्य बस्तु षाये ते उहि छिण निकी लागे आगे रोग उपजावै। जैसे नंदी कौ प्रवाहु जाई परु फीरै नाहि तैसे राति दिन मनुष्य कौ आव लीये जात परु फिरै नाहि। संसार मै साध की संगति सब सूष ते अधिक है परु सौ कु विजोग रूप षाडे करि काट्यौ है ताते यौह बडो दुष है। जाते पंडित म्रति कौं समझि सब जतन ठिले करतु है जैसे बरिषाकाल मै चांम के बंधनु ठिले होत है। मनुष्य जा दिन ते

गर्भ मै पर्यौ ता दिन तै अति ही के सामहे दौरतु है ताते संसार की ईह गति जांनि सोक करै सो मुर्ष जानिये। जाते अग्यान सोक को कारण न होई विजोग हि को जात अग्यान के घटे सोक घटत है ताते आतमा कौं विचारिकरि सोकू छाडिजे। जातें आकसमात हि लागी आले चर्म कौं भेदै औ सौ जु सोक रुप धाव ता कौं न समुझिये विसारि ही डारिये ईह बडौ औषध है। तव कौण्डन्य ब्राह्मण उठिकरि बोल्यौ तौ अव हुं ग्रह रुप नर्क विषे वासु कहा करौं अव हूं बन ही मै जांउं। तव पुनि कपिल कहितु है। जाते अनुरागी विषई कौ वन हू मै दोष उपजे अरु वैरागी जितेंद्रिजौ घर हू मै रहै तौ दोषु नाहि जौ कामना फल छाडि वेदोकत कर्म करि श्री विश्न जी कौं भजे तौ ता कौ घर वन हु तै अधिकु है। जाते कौन हु असथल विषे रहै दुष हु पाई करि जो धर्म करै सब प्राणीन विषे दया करै सो ही तपसी जानिये। ईह और हू कहि है। जाते प्राणु राषिवे कू अहार करै संतति निमति मैथनुक है सत्य बोलिवे कू वचन कहै ते सब दुष कौं तिरै। ईह कही है। जाते आतमा रुप नदी ता विषै सनान करि कैसी है नदी तहां महाभारत [1] घाट है सत्य रुप जल है

[1] Ce passage, qui se trouve dans l'original sanscrit sous forme de sloka, n'a pas été compris par le traducteur indien. Il y a, dans le texte sanscrit :

आत्मा नदी भारत पुण्यतीर्था, mot à mot :

« L'âme est un fleuve, ô fils de Bharata, dont la pureté est le *tirtha.* »

Le traducteur n'a pas reconnu, dans le mot भारत, avec allongement de la voyelle du radical, le nom patronymique signifiant fils de Bharata. Ne sachant comment se tirer d'embarras, il a omis le mot पुण्य, l'un des plus importants de la phrase, et, traduisant le mot भारत par महाभारत (le Mahâbhârata), il a donné une traduction qui n'offre aucun sens raisonnable. Pour rétablir le texte, il faudrait :

तहां भारत पुन्य घाट है.

सील जहां किरारा है ढ्या हि तरंग है जिह विषै जाते पानी के सनान करि अंतह्करण सुध न होई। और सुनौ। जन्म अति बुटाई व्याधि ईन बेदन करि व्यापत ईह संसारु या संसार मै कछु सार बस्त नाही ताते संसार छाडिये तौ ही सुष होई। जाते दुष ही होत है सूष नाही दुष ही के नाम कौं सुष करि मांनत हैं जैसें भार बाहकु भार के उतारे सुष करि मानै। तब कौण्डन्य कहि। ईह बातु ऐसी ही है। तब उहि ब्राह्मण मो कू श्राप दीयौ। रे सर्प तु आजि ते मैडकन कौ बाहण होहु। तब पुनि कपिल ब्राह्मण कहि। अहो कौण्डन्य तेरे हू दीड पदे कौ जोग्य है अब उपदेस सुनि। जाते संगु सर्वथा छाडिये जौ छाडि न सकिये तौ साध जन पंडितन कौ संगु करिये। जाते पंडितन के संग ते सब संगु छूटे हि साधु जन पंडित सब कौ संगु छुडावहि। ईह सुनि उनि कौण्डन्य ब्राह्मण सोक छाडि संन्यासी भयौ। तब तै ब्राह्मण कौ श्राप भोगिवे कू मैडकनि बाहिवे कू ईहां आयौ हौं। तब उन जलपाद नांम मैडकन्ह कौ राजा तिहि सौं यौ सब ब्रतांत कह्यौ। तब उह मैडक सांप की पीठि परि चढ्यौ। तब उह सापु वा कौं पीठि परि चढाई ले फिरन लाग्यौ। जब दुसरै दिनि चलि न सक्यौ तब मैडकन के राजा कहि। काहे तुम्ह आजि हवे चलतु हौ। तब सांपु कहि। अहार विनां दुषी हौं चलि नाही सकतु। तब उनू कहि। मेरी सैन्या के मैडुकन कौं मेरी आग्या ते षाहू। तब सांपु कहि। राजा इह मो कू बडौ प्रसाद कीयौ। ईह कहि मैडकन कौं षान लाग्यौ। जब ईह भांति मैडक सब षाये तब पाछै वह राजा कु षायौ॥

प्रेम सागर।

रुक्मिनी चरित्र।

रुक्मिनी हरन अपने लोगों के मुख से सुन कि जो चौकसी को राज-कन्या के संग गए थे राजा सिसुपाल औ जरासिंधु अति क्रोध कर झिलम टोप पहन पेटी बांध सब शस्त्र लगाय अपना अपना कटक ले लड़ने को श्री कृष्ण के पीछे चढ़ दौड़े औ उन के निकट जाय आयुध संभाल संभाल ललकारे। अरे भागे क्यौं जाते हो खड़े रहो शस्त्र पकड़ लड़ो जो क्षत्री सूर बीर हैं वे खेत में पीठ नहीं देते। इतनी बात के सुनते ही यादव फिर सनमुख हुए और लगे दोनों ओर से शस्त्र चलने। उस काल रुक्मिनी बाल अति भयमान घूंघट की ओट किये आंसू भर भर लंबी सांसें लेती थी औ प्रीतम का मुख निरख निरख मन ही मन बिचार कर यों कहती थी कि ये मेरे लिये इतना दुख पाते हैं। अंतरजामी प्रभु रुक्मिनी के मन का भेद जान बोले कि सुंदरि तू क्यौं डरती है तेरे देखते ही देखते सब असुर दल को मार भूमि का भार उतारता हूं तू अपने मन में किसी बात की चिंता मत कर।

उस काल देवता अपने अपने बिमानों में बैठ आकाश से देखते क्या हैं कि

याद्व असुरन सों लरत होत महा संग्राम।
ठाढे देखत कृष्ण हैं करत युद्ध बलराम॥

मारू बाजता है कडखैत कडखा गाते हैं चारन जस बखानते हैं अश्व-पति अश्वपति से गजपति गजपति से रथी रथी से पैदल पैदल से भिड रहे हैं। इधर उधर के सूर बीर मिल मिलके हाथ मारते हैं औ कायर खेत छोड अपना जी ले भागते हैं घायल खडे झूमते हैं कबंध हाथ में तरवार लिये चारों ओर घूमते हैं औ लोथ पर लोथ गिरती हैं तिन से लोहू की नदी बह चली है तिस में जहां तहां हाथी जो मरे पडे हैं सो टापू से जनाते हैं औ सूंडें मगर सीं। महादेव भूत प्रेत पिशाच संग लिये सिर चुन चुन मुंडमाल बनाय बनाय पहनते हैं औ गिद्ध शाल कूकर आपस में लड लड लोथें खैंच खैंच लाते हैं औ फाड फाड खाते हैं। कौए आंखें निकाल निकाल धडों से ले जाते हैं। निदान देवताओं के देखते ही देखते बलराम जी ने सब असुर दल यों काट डाला कि जों किसान खेती काट डाले। आगे जरासिंधु औ सिसुपाल सब दल कटाय कई एक घायल संग लिये भागके एक ठौर जा खडे रहे। तहां सिसुपाल ने बहुत अछताय पछताय सिर डुलाय जरासिंधु से कहा कि अब तो अपजस पाय औ कुल को कलंक लगाय संसार में जीना उचित नहीं इस से आप आज्ञा दें तो मैं रन में जाय लड मरूं।

नातर हौं करिहौं बन बास।
लेउं जोग छांडौं सब आस॥
गई आन पत अब क्यौं जीजे।
राखि प्रान क्यौं अपजस लीजे॥

इतना बात सुन जुरासिंधु बोला कि महाराज आप ज्ञानवान हैं औ सब बात में जान मैं तुम्हें क्या समझाउं जो ज्ञानी पुरुष हैं सो कुई बात का सोच नहीं करते क्योंकि भले बुरे का करता और ही है मनुष का कुछ बस नहीं यह पर बस पराधीन है। जैसे काठ की पुतली को नटुआ जों नचाता है तों नाचती है ऐसे ही मनुष करता के बस है वह जो चाहता है सो करता है। इस से सुख दुख में हरष शोक न कीजे सब सपना सा जान लीजे। मैं तेईस तेईस अक्षोहनी ले मथुरा पुरी पर सत्रह बेर चढ गया और इसी कृष्ण ने सत्रह बेर मेरा सब दल हना मैं ने कुछ सोच न किया और अठारवीं बेर जब इस का दल मारा तब कुछ हर्ष भी न किया। यह भागकर पहाड पर जा चढा मैं ने इसे वहीं फूंक दिया न जानिये यह क्योंकर जिया। इस की गति कुछ जानी नहीं जाती। इतना कह फिर जुरासिंधु बोला कि महाराज अब उचित यही है जो इस समय को टाल दीजे। कहा है कि प्रान बचे तो पीछे सब हो रहता है जैसे हमें हुआ कि सत्रह बार हार अठारवीं बेर जीते। इस से जिस में अपनी कुशल होय सो कीजे औ हठ छोड दीजे।

जब जुरासिंधु ने ऐसे समझायके कहा तब विसे कुछ धीरज हुआ औ जितने घायल जोधा बचे थे तिन्हें साथ ले अछता पछता जुरासिंधु के संग हो लिया। ये तो यहां से यों हारके चले और जहां सिसुपाल का घर था तहां की बात सुनों कि पुत्र का आगमन विचार सिसुपाल की मा जों मंगलाचार करने लगी तों सनमुख छींक हुई औ दाहनी आंख उस की फडकने लगी। यह असुगन देख विस का माथा

ठनका कि इस बीच किसी ने आय कहा जो तुम्हारे पुत्र की सब सेना कट गई औ दुलहन भी न मिली अब वहां से भाग अपना जीव लिये आता है। इतनी बात के सुनते ही सिसुपाल की महतारी अति चिंता कर अबाक हो रही।

आगे सिसुपाल औ जरासिंधु का भागना सुन रुक्म अति क्रोध कर अपनी सभा में आन बैठा और सब को सुनाय कहने लगा कि कृष्ण मेरे हाथ से बच कहां जा सकता है अभी जाय विसे मार रुक्मिनी को ले आऊं तो मेरा नाम रुक्म नहीं तो फिर कुंडलपुर में न आऊं। ऐसे पैज कर रुक्म एक अक्षौहिनी दल ले श्री कृष्णचंद से लड़ने को चढ़ धाया और उस ने यादवों का दल जा घेरा। उस काल विस ने अपने लोगों से कहा कि तुम तो यादवों को मारो औ मैं आगे जाय कृष्ण को जीता पकड़ लाता हूं। इतनी बात के सुनते ही उस के साथी तो यदुबंसियों से युद्ध करने लगे औ वह रथ बढ़ाय श्री कृष्णचंद के निकट जाय ललकारकर बोला अरे कपटी गंवार तू क्या जाने राजब्यौहार बालकपन में जैसे तैं ने दूध दही की चोरी करी तैसे तू ने यहां भी आय सुंदरि हरी।

ब्रज बासी हम नहीं अहीर।
ऐसे कहकर लीने तीर॥
बिष के बुझे लिये उन बीन।
खैंच धनुष सर छोड़े तीन॥

उन बानों को आते देख श्री कृष्णचंद ने बीच ही काटा फिर रुक्म ने और बान चलाए प्रभु ने वे भी काट गिराए औ अपना धनुष संभाल

कई एक बान ऐसे मारे कि रथ के घोड़ों समेत सारथी उड़ गया और धनुष उस के हाथ से कट नीचे गिरा। पुनि जितने आयुध उस ने लिये हरि ने सब काट काट गिरा दिये तब तो वह अति झुंझलाय फरी खांड़ा उठाय रथ से कूद श्री कृष्णचंद की ओर यों झपटा कि जैसे बावला गीदड़ गज पर आवे कै जों पतंग दीपक पर धावे। निदान जाते ही उन ने हरि के रथ पर एक गदा चलाई कि प्रभु ने झट उसे पकड़ बांधा औ चाहा कि मारें इस में रुक्मिनी जी बोलीं।

मारो मत भैया है मेरो।
छांड़ो नाथ तिहारो चेरो॥
मूरख अंध कहा यह जाने।
लक्ष्मी कंत हि मानुष माने॥
तुम योगेश्वर आदि अनंत।
भक्त हेत प्रगटत भगवंत॥
यह जड़ कहा तुम्हें पहचाने।
दीनदयाल कृपाल बखाने॥

इतना कह फिर कहने लगीं कि साध जड़ औ बालक का अपराध मन में नहीं लाते जैसे कि सिंह स्वान के भूंसने पर ध्यान नहीं करता और जो तुम इसे मारोगे तो होगा मेरे पिता को सोग यह करना तुम्हें नहीं है जोग। जिस ठौर तुम्हारे चरन पड़ते हैं वहां के सब प्रानी आनंद में रहते हैं यह बड़े अचरज की बात है कि तुम सा सगा रहते राजा भीष्मक पुत्र का दुख पावे। ऐसे कह एक बार तो रुक्मिनी जी यों बोलीं कि महाराज तुम ने भला हित संबंधी से किया जो पकड़

बांधा औ खड्ग हाथ में ले मारने को उपस्थित हुए। पुनि अति व्याकुल हो थरथराय आंखें डबडबाय बिसूर बिसूर पांओं पड़ गोद पसार कहने लगीं।

बंधु भीख प्रभु मो कौं देउ।
इतनों जस तुम जग में लेउ॥

इतनी बात के सुने से श्री रुक्मिनी जी की ओर देखने से श्री कृष्णचंद्र जी का सब कोप शांत हुआ। तब उन्हों ने उसे जीव से तो न मारा पर सारथी को सैन करी उस ने झट इस की पगड़ी उतार टुंडियां चढ़ाय मूंछ दाढ़ी औ सिर मूंड सात चोटी रख रथ के पीछे बांध लिया। रुक्म की तो श्री कृष्ण जी ने यहां यह अवस्था की और बलदेव वहां से सब असुर दल को मार भगायकर भाई के मिलने को ऐसे चले कि जैसे स्वेत गज कंवल दह में कंवलों को तोड़ खाय बिथराय अकुलायके भागता होय। निदान कितनी एक बेर में प्रभु के समीप जाय पहुंचे औ रुक्म को बंधा देख श्री कृष्ण जी से अति झुंझलायके बोले कि तुम ने यह क्या काम किया जु साले को पकड़ बांधा तुम्हारी कुटेव नहीं जाती।

बांध्यौ याहि करी बुद्धि थोरी।
यह तुम कृष्ण सगाई तोरी॥
औ यदु कुल कौं लीक लगाई।
अब हम सों को करिहै सगाई॥

जिस समें यह युद्ध करने को आप के सनमुख आया तब तुम ने इसे समझाय बुझायके उलटा क्यों न फेर दिया। ऐसे कह बलराम जी ने

रुक्म को तो खोल समझाय बुझाय अति सिष्टाचार कर बिदा किया। फिर हाथ जोड अति बिनती कर बलराम सुखधाम रुक्मिनी जी से कहने लगे कि हे सुंदरि तुम्हारे भाई की जो यह दसा हुई इस में कुछ हमारी चूक नहीं यह उस के पूर्व जन्म के किये कर्म का फल है और क्षत्रियों का धर्म भी है कि भूमि धन त्रिया के काज करते हैं युद्ध दल परस्पर साज। इस बात का तुम बिलग मत मानौ मेरा कहा सच्च ही जानौ। हार ज़ीत भी उस के साथ ही लगी है और यह संसार दुख का समुद्र है यहां आय सुख कहां पर मनुष माया के बस हो दुख सुख भला बुरा हार जीत संयोग बियोग मन ही मन से मान लेते हैं पै इस में हर्ष शोक जीव को नहीं होता। तुम अपने भाई के बिरूप होने की चिंता मत करो क्योंकि ज्ञानी लोग जीव अमर देह का नास कहते हैं इस लेखे देह की पत जाने से कुछ जीव की नहीं गई।

जब बलराम जी ने ऐसे रुक्मिनी को समझाया तब

सुनि सुंदरि मन समझके किये जेठ की लाज।
सैन मांहिं पिय सों कहत हांकहु रथ ब्रज राज॥

घूंघट ओट बदन की करै।
मधुर बचन हरि सों उच्चरै॥
सनमुख ठाढे हैं बलदाउ।
अहो कंत रथ बेग चलाउ॥

इतना बचन श्री रुक्मिनी जी के मुख से निकलते ही इधर तो श्री कृष्णचंद जी ने रथ द्वारिका की ओर हांका औ उधर रुक्म अपने लोगों

में जाय अति चिंता कर कहने लगा कि मैं कुंडलपुर से यह पैज करके आया था कि अभी जाय कृष्ण बलराम को सब यदुबंसियों समेत मार रुक्मिनी को ले आऊंगा सो मेरा प्रन पूरा न हुआ और उलटी अपनी पत खोई अब जीता न रहूंगा। इस देस औ ग्रहस्ताश्रम को छोड़ बैरागी हो कहीं जाय मरूंगा।

जब रुक्म ने ऐसे कहा तब उस के लोगों में से कोई बोला महाराज तुम महा बीर हो औ बड़े प्रतापी तुम्हारे हाथ से जो वे जीते बच गये सो तिन के भले दिन थे अपनी प्रारब्ध के बल से निकल गये नहीं तो आप के सनमुख हो कोई शत्रु कब जीता बच सकता है। तुम सज्ञान हो ऐसी बात क्यों बिचारते हो कभी हार होती है कभी जीत पर सूर बीरों का धर्म है जो साहस नहीं छोड़ते भला रिपु आज बच गया फिर मार लेंगे। जब यों तिस ने रुक्म को समझाया तब वह यह कहने लगा कि सुनो।

हारयो उन सों औ पत गई।
मेरे मन अति लज्जा भई॥
जन्म न हौं कुंडलपुर जाउं।
बरन और ही गांव बसाउं॥
यों कह उन इक नगर बसायो।
सुत दारा धन तहां मंगायो॥
ता को धरयो भोजकट नाम।
ऐसें रुक्म बसायो गाम॥

उधर रुक्म तो राजा भीष्मक से बैर कर वहां रहा औ इधर श्री कृष्णचंद औ बलदेव जी चले चले द्वारिका के निकट आय पहुंचे।

उडी रैन आकाश जु छाई।
तब ही पुर बासिन सुध पाई॥

आवत हरि जाने जब हिं राच्यौ नगर बनाय।
शोभा भई तिहुं लोक की कही कौन पै जाय॥

उस काल घर घर मंगलाचार हो रहे द्वार द्वार केले के खंभ गडे कंचन कलस सजल सपल्लव धरे ध्वजा पताका फहराय रहीं तोरन बंदनवारें बंधी हुईं और हर हाट बाट चौहटों में चौमुखे दिये लिये युवतियों के यूथ के यूथ खडे औ राजा उग्रसेन भी सब यदुबंसियों समेत बाजे गाजे से अगाड जाय रीति भांति कर बलराम सुखधाम औ श्री कृष्णचंद आनंदकंद को नगर में ले आए। उस समैं के बनाव की छबि कुछ बरनी नहीं जाती क्या स्त्री क्या पुरुष सब ही के मन में आनंद छाय रहा था। प्रभु के सोंहीं आय आय सब भेट दे दे भेटते थे औ नारियां अपने अपने द्वारों बारों चौबारों कोठों पर से मंगली गीत गाय गाय आरता उतार उतार फूल बरसावती थीं औ श्री कृष्णचंद औ बलदेव जी जथा योग सब की मनुहार करते जाते थे। निदान इसी रीति से चले चले राजमंदिर में जा बिराजे। आगे कै एक दिवस पीछे एक दिन श्री कृष्ण जी राजसभा में गये जहां राजा उग्रसेन सूरसेन बसुदेव आदि सब बडे बडे यदुबंसी बैठे थे और प्रनाम कर इन्हों ने उन के आगे कहा कि महाराज युद्ध जीत जो कोई सुंदरि लाता है वही राक्षस ब्याह कहाता है।

इतनी बात के सुनते ही सूरसेन जी ने पुरोहित बुलाय विसे समझायके कहा कि तुम श्री कृष्ण के विवाह का दिन ठहरा दो। उस ने झट पत्रा खोल भला महीना दिन बार नक्षत्र देख शुभ सूरज चंद्रमा बिचार ब्याह का दिन ठहराय दिया। तब राजा उग्रसेन ने अपने मंत्रियों को तो यह आज्ञा दी कि तुम ब्याह की सब सामा इकठी करो और आप बैठ पत्र लिख लिख पांडव कौरव आदि सब देस बिदेस के राजाओं को ब्राह्मनों के हाथ भिजवाए। चीठी पाते ही सब राजा प्रसन्न हो हो उठ धाए तिन्हों के साथ ब्राह्मन पंडित भाट भिखारी भी हो लिये।

और ये समाचार पाय राजा भीष्मक ने भी बहुत वस्त्र शस्त्र जड़ाऊ आभूषन औ रथ हाथी घोड़े दास दासियों के डोले एक ब्राह्मन को दे कन्यादान का संकल्प मन ही में ले अति बिनती कर द्वारिका को भेज दिया। उधर से तो देस देस के नरेस आए औ इधर से राजा भीष्मक का पठाया सब सामा लिये वह ब्राह्मन भी आया। उस समैं की शोभा द्वारिका पुरी की कुछ बरनी नहीं जाती। आगे ब्याह का दिन आया तो सब रीति भांति कर बर कन्या को मंढे के नीचे ले जा बैठाया और सब बड़े बड़े मुढ यदुबंसी भी आय बैठे। उस बिरियां

पंडित तहां बेद उचरें।
रुक्मिनि संग हरि भांवर फिरें॥
ढोल दुंदुभी भेर बजावें।
हरषि हि देव पहुप बरसावें॥
सिद्ध साध चारन गंधर्ब।

अंतरीक्ष भये देवें सर्व ॥
चढे विमान घिरे सिर नावें।
देव वधू सब मंगल गावें॥
हाथ गह्यौ प्रभु भांवर पारी।
बाम अंग रुक्मिनि बैठारी॥
छोरी गांठ पटा फेर दियौ।
कुलदेवी कौं तब पूजियौ॥
छोरत कंकन हरि सुंदरी।
खेलत दूधाभाती करी॥
अति आनंद रच्यौ जगदीस।
निरषि हरषि सब दें हिं असीस॥
हरि रुक्मिनि जोरी चिरजियौ।
जिन कौ चरित सुधा रस पियौ॥
दीनौ दान विप्र जे आए।
मागध बंदी जन पहिराए॥
जे नृप देस देस के आए।
दीनी बिदा सबै पहुंचाए॥

भक्त माल।

जयदेव।

मूल। — छप्पै।

जयदेव कवि नृप चक्कवै खंड मंडलेश्वर आन कवि।
प्रचुर भयो तिहु लोक गीतगोविंद उजागर।
कोक काव्य नव रस सरस सिंगार को सागर॥
अष्टपदी अभ्यास करै तिहि बुद्धि बढ़ावै।
राधा रमन प्रसंग सुनत ह्वौ निश्चय आवै॥
संत सरोरुह खंड को पद्मा पति सुख जनक रवि।
जयदेव कवि नृप चक्कवै खंड मंडलेश्वर आन कवि॥

टीका।

श्री जयदेव किंदुविल्व गांव में रहे भक्त राज तो रहिबे किये कवि राज हू रहे औ बिरक्त हू रहे सो एक ठौर रहें नहीं प्रति दिन रूख तरे रहते फिरें। एक ब्राह्मन अपनी बेटी श्री जगन्नाथ राय कौं देने चल्यौ। प्रभु ने कह्यौ जयदेव हमारो स्वरूप है यह सुता तिन को जाय बिवाहि द्यौ। सो बिप्र ने सुता ले जयदेव के पास ल्याय कह्यौ कि श्री जगन्नाथ देव की आज्ञा है या कौं अंगीकार करो। जयदेव कह्यौ

हमारी तो रहने की यह रीति है तुम्हारी कन्या को निवाह कैसे होयगो। सुता कों तिन के पास छांडि विप्र चलो गयो। जयदेव ने वा कन्या सों पूछ्यौ तुम्हारी कहा विचार है। तिन कही जबलों पिता के घर रही तबलों तिन के बस मों रही अब पिता आपु कों सौंपि गयौ है जो कहौ सो करों जौ अंगीकार नहीं करोगे तौ विना प्रान छांडे दूसरो ठौर कहां है। यह सुनि जयदेव ने सोच में द्वै जान्यौ प्रभु ने जोरावरी तिया गरे बांधी। मन सों विचारि बूझने लगे मन हूं अंगीकार करि लयो तब जयदेव ने विचार्यौ जो अब तो या भांति रहते बनेगो नहीं छाया बनाई चाहिये। घर बनायौ गृहस्थ भये तब राधा माधव ठाकुर ने स्वप्न दियो जैदेव जू गृहस्थई पूरी भई अब हम ही भारी हैं जो बाहिर परे हैं। प्रभु के भारी कहने पर जयदेव ने ठाकुर कों घर में आनि पधरायो। विचार कियो कछु इन को जस बरनन कियो चाहिये। तब गीतगोबिंद ग्रंथ बनायो मान के प्रसंग मों यह पद धर्यौ।

पद।

स्मरगरलखण्डनं मम शिरसि मण्डनं देहि पदपल्लवमुदारं॥[1]

या को अर्थ कामरूपी बिष नाशन मेरे शिर कौ आभूषन ऐसो उदार पग पल्लव दीजिये। फिर मन में भायो कि या पद में बिरोधाभास होय है नायक के गुन यह हैं।

[1] Ce vers se trouve dans le texte sanscrit du *Gita Govinda*, X, 19. En voici la traduction latine littérale, telle que la donne M. Lassen:

Impone generosum surculum pedis, amore progenitos dolores frangentis, capiti meo tanquam ornamentum.

दोहा ।

अभिमानी त्यागी तरुन कुसली धनी कुलीन ।
भव्य छमाजुत सुभग पुनि केलि कलानि प्रबीन ॥
रति समरथ सुंदर बचन ए नायक गुन गाय ।
ते सब कहत जु कृष्ण में जाते नायक राय ॥

ऐसे गुन जा नायक में सो नायका के पैर काहे परैगौ सोच में पर्‍यौ अबार जानि कागद धरि नहाने गये। श्री कृष्णचंद जी आप तिन कौ सरूप धारन करि वा पद कौं ग्रंथ में लिखि कागद फारि पोथी बिधुराय चले गये। जयदेव ने आइ देखि अचंभित है स्त्री सों पूछ्यौ। तिन कही कि तुम ही फिरि आइ लिखि गये हो दूसरो कौन छुवैगो । यह सुनि स्त्री को प्रदक्षिन कियो।

नीलाचल को राजा हूं एक गीतगोबिंद की पोथी बनाय ब्राह्मन सब को बुलाइ कह्यौ यह ग्रंथ बिख्यात करो। पंडितनि कह्यौ यह पोथी नई है गीतगोबिंद की पोथी हमारे पास है। राजा ने कह्यौ गीतगोबिंद यही सांच है। पंडितन्ह मानौ नहीं। यह ठहरायौ कि दोनों पोथी श्री जगन्नाथ जी के मंदिर में धरि दीजिये जा कौं आज्ञा करें सो प्रमान है। सोई कियौ। प्रभु ने जयदेव को ग्रंथ अपने गरे में हार पहिर राजा को ग्रंथ बाहिर डारि दियो। राजा खिसियानो सो है समुद्र में डूबने चल्यौ। प्रभु ने कह्यौ राजा वृथा तन काहे को खोवे है जयदेव के सदृश दूसरो ग्रंथ नहीं है ता ते एक एक श्लोक सब सर्ग में लिखाइ दे ता के संग है ये हू ख्यात होइगौ।

एक समैं बिक्रम की सभा में देवता राग सुन्ने आये राजा ने गीतगोबिंद

गान करायो। देवतन्ह कह्यौ यह तौ हमारे हीं होतौ है और कछु गावो यह तो देव लोक में होय है उहां की अपेक्षा तें पाताल हू में जानि लीजै। एक मालिन की छोकरी खेत में बैगन तोरती यह पद गावती डोले।

धीरसमीरे यमुनातीरे वसति वने वनमाली ॥[1]

श्री जगन्नाथ देव ता के पाछे फिर्यौ करें अंग को बागो सब फटि गयो। सेवा समें जो राजा जाइ निहारे तो अचरज भयो। पूछते प्रभु ने कह्यौ जो माली की छोकरी या भांति गीतगोविंद पढ़ती डोलैगी तौ बहुत बागे फटेंगे एक कौं कहा भावें है। राजा ने आइ वा को ले आइ मंदिर में बैठाय दे कह्यौ कि या ठौर पद गायो करु। सो नित्य गावे। जब मरि गई तब भगवान ने फाका कियो औ राजा सों जनायो जो मेरी भक्तिनि मरि गई मैं आजु अन्न नहीं खायो, गाथा नहीं सुन्यौ। तब राजा ने गवायो। और सैन आरती समै अद्यापि गान होतु है। तब हीं नगर में डौंडी फिराय दई जो सब कोउ सुंदर ठौर बैठि गीतगोविंद पाठ कियो करें।

लाहौर में एक मुगल मीर माधो नाम पाठ करते काहू साधु तें नित नित सुनत सीख लियौ। घोरे पर सवार भये जहां चले प्रभु वा के सन्मुख जीन के हन्ने पर बैठे चले जांहि। एक साधु ने देखा ता कौं मूर्छा आइ गई। औ वा ने कह्यौ तब वह फकीर भयो सालिह बेग नाम भयो। एक बार मुगल दिल्ली में आइ गीतगोविंद पाठ करै ता के

[1] Ce vers se trouve dans le texte sanscrit du *Gîta Govinda*, V, 11. En voici la traduction latine littérale, telle que la donne M. Lassen :

Manet in Yamunæ ripa, molliter ventilata in silva, silvestribus floribus coronatus.

सुन्ने को बड़ी भीर होने लगी। पातसाह ने यह खबर पाइ मुगल को बुलाइ बूझ्यौ कहा पाठ करै है जो इतनी भीर हो है। कह्यौ गीतगोविंद। पातसाह ने कह्यौ और लोग हू तो पाठ करें हैं कहूं इतनी भीर नहीं हो है। इन कही हजरत जो तोता सत्य गुरुदत्त कहे कोउ सुन्ने नहीं जाहि कौवा जो कहे तौ सब कोउ अचरज मानि सुन्ने दौरो जाहि।

जयदेव ठाकुर के राजभोग के हेत रामत करि कहूं ते मोहर लिये आवते हे मारग में ठग मिले। इन पूछ्यौ तुम सब कहां चले हौ। ठगनि कह्यौ जहां तुम जावगे तहां हम हूं जाहिंगे। ए जान गये मोहर के संगी हैं सो थैली ठगनि के हाथ पकराइ दई। ठग मोहर ले आपुस में कहने लगे हमारे सब तौ ठग हुते ही पर यह हम सब ते सरस ठग है या समैं दाउं बचाइ गांव में जाइ हाकिम के पास पकराइ देगौ कहा कियो चाहिये। एक ने कह्यौ मारि डारो। दूसरे ने कह्यौ कि जा को धन लीजिये ता कौं मारिये नहीं। तीसरे ने कह्यौ कि हाथ पांव काटि गड़हे में राखि देउ न कहूं जाय सकैगौ न पकरावैगौ। सोई कियौ। ऐसे में कोउ राजा आइ निकस्यौ गड़हे की ओर कोउ कोटि चंद्रमा को प्रकाश देखि तहां जाइ जयदेव पर निहार्यौ तिन के दर्शन तें वा की बुद्धि निर्मल ह्वै गई। पालकी पै चढ़ाइ अपने घर लै आयौ हूठ नीको करायौ। पुनि तिन सों पूछ्यौ हमैं उचित होइ सो आज्ञा करिये। तिन कह्यौ हरि साधु सेवा करो। राजा आज्ञा मानि तैसे ही करन लाग्यौ। केते दिन बीते ठग सब ने राजा की साधु सेवा की खबर पाइ माला तिलक धारन करि तहां आइ देखें तो जयदेव

जू विराजे हैं। दुहू ओर तें पहिचान्यौ ठग तो डर के मारे कांपि उठे।

जयदेव जी कौं इन सवनि के आवने सों ऐसो हर्ष भयो जैसे कोउ बड़े मित्र के मिलने सों आनंद होतो है। जैसे ठगनि ने अपनी दुष्टता नहीं छांडी तैसे जयदेव जू ने हूं अपनी साधुता नहीं छांडी। राजा कौं बुलाइ कह्यौ तेरी साधु सेवा को फल इतने दिन पर आजु उदै भयो है ऐसे साधु अवलौं कवहूं आए नहीं हे भाग तेरे जागे हैं इन सवनि की सेवा औरनि सों सरस भली भांति करियो। राजा इन सवनि के हाथ पकरि मंदिर के भीतर ले गयौ नर लगाय तेल उवटनो मलवायौ नह-वाय भोजन करवायौ। ज्यौं ज्यौं उन सवनि की सेवा होती जाय त्यौं त्यौं ए सव उलटो समुझते जांहि। जयदेव जू कौं देखि देखि मन में कहैं कैसे लोगन कौं माला फले है हम ने तो लियौ सो बंद में परे हैं। वे अपने जानते अच्छी तरह राखें पै ए सूखे जांहि। जयदेव जी सों विदा मांगी। जयदेव जू ने राजा कौं बुलाइ कह्यौ ए सव जो धन चाहैं सो देके विदा करो। राजा ने इन सवनि कौं ख़ज़ाने के कोठे में ठाढ़ो करि कह्यौ अपनी इच्छा पूर्वक धन जो ले सको सो लेऊ। ठग जो ले सके सो ले चले। जयदेव जू ने दोय नर संग कराय दये कि अपनी सरहद के पार करि आवो। इन सवनि जान्यौ कि घर में न मार्‍यौ मारने कौं नर संग करि दये हैं। नरनि नें मारग में ठगनि सों पूछ्यौ इतने दिन तें स्वामी जी ने जैसी तुम्ह सवनि की सेवा कराई है तैसी काहू की न भई है स्वामी जी सों तुम सों कहा नातो अरु कहां की पहिचान है। ठग सव ने कह्यौ हम अब और एक राजा के चा-

करि रहे इन कछु काम बिगार्यो राजा ने हुक्म इन के मारने कौं हम सब कौं कियो सो हम सब की इन तें मित्रता रही प्रान तो नहीं लियो हाथ पांव काटि डारे सोई निहोरो मानि ऐसी सेवा कराई है। इतनो इन सबनि के कहते भूमि फाटि गई ठग सब समाय गये। यह चरित्र नरनि ने जयदेव सों जाइ कह्यौ। जयदेव जू अफ़सोस करि ट्टंठे हाथ पांव मले मलते मानो नव पल्लव से निकरि आए। नरनि यह निहारि और हू अचरज मान्यो दोउ चरित्र जाइ राजा सों कहे। राजा ने सुनि दौरि आइ चरननि पर गिरि पूछ्यौ कि स्वामी या को कारन कहा और आप कौन हौ सो अपनो नांव ठांव को ठिकानो बताइये। राजा जब बहुत अर पर्यौ तब जयदेव जू ने आदि अंत लौं सब कथा अपनी कहि सुनाई। राजा सुनि अपनो महा भाग्य जानि पालकी पठाय पद्मावती जयदेव की स्त्री कौं किंदुविल्व सों बुलाइ महल में जहां रानी रहे तहां बास दियो।

एक दिन रानी के भाई के मरने भौजाई के सती होने की ख़बर रानी सुनते ही रोदन करि छाती पीटन लगी दूसरे ख़ुशामदी लोग ताहू सों सरस रोने पीटने लगे। पद्मावती जू ज्यों की त्यौं बैठी रही। काहू ने कह्यौ कि आप कौं कछु सोच न भयो। तिन कह्यौ कि यह प्रेम की रीत नहीं है प्रेम या कौं कहिये जो मरनो सुनि अपनो शरीर छांडि देय। रानी सुनि रोस सों भरि चुप रही। केते दिन बीते रानी ने राजा सों कह्यौ हम पद्मावती जी के प्रेम की परिक्षा लई चाहती हैं इन कौं बाग में ले जाइ तहां सों कहाइ भेजो जो स्वामी को परलोक भयो। राजा ने तैसो कियो। पद्मावती सुनि जैसी रही तैसी

ही बैठी रही। रानी सुनि रोइ उठी। पद्मावती जी ने कह्यौ जो काहे रोवो हौ स्वामी जी नीके हैं।

कछु दिन बीते रानी ने फेरि राजा सों कह्यौ। राजा ने सुनि माथा धुन्यौ कि यह सब स्वामी जी कौ उपदेश धूरि में मिलावै है हमारे गरे छुरी दे है। जब रानी अर परी अन्न पानी छांडि दियो तब राजा ने तैसे फिरि कहवाय पठायौ। पद्मावती जान्यौ कि यह निगोड़ी बार बार परिक्षा के हित दुख दियो करैगी सुनतै प्रान छांडि दियौ। यह देखि रानी को मुख सेत ह्वै गयौ। राजा चिता रचि जरन चल्यौ। जयदेव खबर पाइ आइ पद्मावती जू कौं अष्टपदी गाय जिवाइ दै राजा को समाधान करि बिदा ह्वै किंदुबिल्व चले आये। किंदुबिल्व तें गंगा जी अठारह कोस रहै जयदेव कौं नित नहाने जाने को नेम रहै। जब वृद्ध भये तब गंगा जी ने आज्ञा दई अब मति आवो ध्यान कियो करो। इन मान्यो नहीं। तब गंगा जी ने कह्यौ हम हीं तुम्हारे निकट आवें हैं। तिन कह्यौ प्रतीत कैसे होय। कह्यौ कमल फूलो आवेगो ता तें जानियो। तैसे ही भयो। आज लग गांव के नीचे धारा बहै है॥ इति॥

भक्त माल।

नामदेव।

मूल।

नामदेव प्रतिज्ञा निर्वाही ज्यौं त्रेता नरहरि दास की।
बाल दसा बिठल पानि जा के पय पियौ।
मृतक गऊ जिवाय परचौ असुरन कौं दियौ॥
सेज सलिल तैं काढि पहिलै जैसी ही होती।
देवल उलट्यौ देषि सकुचि रहे सब ही सोती॥
पंडुर नाथ कृत अनुग ज्यौं छानि स्वकर छाई घास की।
नामदेव प्रतिज्ञा निर्वाही ज्यौं त्रेता नरहरि दास की॥

टीका।

छीपी बामदेव हरि देव जू कौ भक्त बड़ौ ता की एक बेटी पतिहीन भई जानियै। द्वादस बरष माझ भयौ तनक ही पिता सेवा सावधान मन नीकै करि आनियै। तेरे मनोरथ हैं पूरन करन ईई जो पै दत्तचित्त ह्वैकै मेरी बात मानियै। करत टहल प्रभु बेगि ही प्रसन्न भये कीनी

काम बासना सो पोषी उन मानियै। विधवा को गर्भ ता की बात चली ठौर ठौर दुष्ट शिर मौरन को भई मन भाई है। चलत चलत वामदेव जू के कान परी करि निरधारि प्रभु आय अपनाई है। भयौ जू प्रगट बाल नाम नामदेव धर्यौ कर्यौ मन भायौ सब संपति लुटाई है। दिन दिन बढ्यौ कछू औरै रंग चढ्यौ भक्ति भाव अंग मढ्यौ कढ्यौ रूप सुषदाई है। खेलत खिलौना प्रीति रीति सब सेवा ही की पट पहिरावै पुनि भोग कौं लगावही। घंटा लै बजावै नीके ध्यान मन लावै त्यौं त्यौं अति सुष पावै नैंन नीर भरि आवही। बार बार कहै नामदेव वामदेव जू सौं देवौ मोहि सेवा माझ अति ही सुहावही। जाउं एक गांव फिरि आउं दिन तीन मध्य दूध कौं पिवावो मति पीवो मोहि भावही। कौन वह बेर जिहिं बेर दिन फेरि होय फेर फेर कहै वहै बेर नही आइयै। आई वह बेर लै करा ही माहि हेर दूध डार्यौ जुग सेर मन नीके कै बनाइयै। चौपनि के टेर लागी निपट औसेर दृग आयौ नीर घेरि जिन गेरे घूट जाइयै। माता कहि टेरि करी बडी तें आवे अब करौ मति बेर अजू चित दै औटाइयै। चल्यौ प्रभु पास लै कटोरा छवि रास ता मै दूध सो सुबास मध्य मिश्री लै मिलाई है। हिय मैं हुलास निज अज्ञता कौ त्रास रे पै करै जो पै दास मोहि महा सुषदाई है। देष्यौ मृदु हास कोटि चांदिनी कौ भास कियौ भाव कौ प्रकास मति अति सरसाई है। प्यायवे की आस करि ओट कछु भर्यौ स्वास देषिकै निरास कर्यौ पिवौ जू अघाइयै। ऐसी दिन बीते दोय राषो हिये बात गोप रह्यौ निसि सोय रे पै नीद नही आवही। भयौ जू सवार फिरि वैसैं ही सुधारि लियौ हियौ कियौ गाढौ जाय धर्यौ

पिवौ भावही। बार बार पियौ कह्यौ अब तुम पीयौ नाहि आवै भोर नाना गेरे छुरी दै दिषावही। गहि लियौ कर जिन करि ऐसी पीउं मै तौ पीवे को लगेई नैक राष्यौ सदा पावही। आये बामदेव पाछे पूछे नामदेव जी सौं दूध कौ प्रसंग अति रंग भरि भाषिये। मो सौं न पिछान दिन दोय हान भई तब मान उर प्रान तज्यौ चाहौ अभिलाषिये। पीयौ सुष दियौ जब नैक राषि लियौ मै तौ जियौ सुनि बातै कहौ प्यावौ कौन साषिये। धह्यौ पै न पीवै अह्यौ प्यायौ सुष पायौ नाना या मै लै दिषावौ भक्त बस रस चाषिये। नृप सो मलेछ बोलि कही मिले साहिब कौं दीजिये मिलाय करामात दिषराईये। होय करामाति तौ पै काहे कौं कि सब कौं भैरं दिन रैनि ऐ पै बांटि संतनो सौं षाईये। ताही के प्रताप आय इहां लौं बुलाये हमै दीजिये जिवाय गाय घर चलि जाइये। दई लै जिवाय गाय सहज सुभाय ही मैं अति सुष पाय पाय पह्यौ मन भाइये। लेवो देश गांव जा तैं मेरो कछु नाम होय चाहिये न कछू दई सेज मनिमई है। धरि लई सीस दोयै संग दस बीस नर नांही करि आय जल मांझ डारि दई है। भूप सुनि चौंकि पह्यौ ल्यावौ फेरि आये कहौ कहौ नैंक आनिकै दिषावौ कीजै नई है। जल तें निकासि बहु भांति गहि डारी तट लीजिये पिछानि देषि सुधि बुद्धि गई है। आनि पह्यौ पाय प्रभु पास तैं बचाय लीजै कीजै एक बात कभू साधु न दुषाइये। लई यह मानि फेरि कीजिये न सुधि मेरी लीजिये गुननि गाय चलि मंदिर लौं जाईये। देषी द्वार भीर पगदासी कटि बांधी धीर कर सौंउ पीर करी चाहि पट गाईये। देषि लीनी वेई काहू दीनी पांच सात चोट कीनी धकाधकी

रिस मन मै न आईये। बैठे पिछवारे जाय कीनी जू उचित यह लीन्ही जो लगाय चोट मेरे मन भाईये। कान दैके सुनौ अब चाहत न और कछु ठौर मो कौं यही नित नेम पद गाइये। सुनत ही आनिकरि करुना विकल भये फेर्यौ द्वार इतै गहि मंदिर फिराइये। जेतेक वे सोती मोती आब सी उतरि गई भई हिये प्रीति गहे पाव सुषदाईये। औचक ही घर मांझ सांझ ही अगनि लागी बडौ अनुरागी रहि गई सोड डारिये। कहै अहो नाथ सब कीजिये जू अंगीकार हसे सुकुमार हरि मोही कौं निहारिये। तुम्हौ भवन और सके कौन आय इहां भये यों प्रसन्न छानि छाई आय सारिये। पूछै आनि लोग कौने छाइ हो छवाय लीजे दीजे जोई भावे तन मन प्रान वारिये। सुनौ और परचै जे आये न कवित मांझ बांझ भई माता क्यौन जौन मति मागी है। हुतौ एक साह तुलादान कौ उछाह भयौ दयौ पुर सबै रह्यौ नामदेव रागी है। ल्यावो जू बुलाय एक दोय तौ फिराय दिये तीसरे सौं आये कह्या कह्यौ वड भागी है। कीजिये जू कछु अंगीकार मेरौ भलो होय भयौ भलौ तेरौ दीजै जो पै आस लागी है। जाके तुलसी है ऐसी तुलसी के पत्र मांझ लिष्यौ आधौ राम नाम यां सौं तोलि दीजिये। कहा परिहास करौ है दयाल देषि होत कैसौ ष्याल या कौं पूरौ करौ रीझिये। लाये एक कांटौ ले चढायौ पात सौना संग भयौ बडौ रंग सम होत नाहि छीजियै। लई सो तराजू ता सौं तुले मन पांच सात जातिपांति हूं कौ धन धर्यौ पै न धीजियै। पर्यौ सोच भारी दुष पावै नर नारी नामदेव जू बिचारी एक और काम कीजियै। जिते व्रत दान और स्नान कीये तीरथ मैं करि संकल्प या पै जल डारि

दीजिये। करे उपाय प्रात पला भूमि गड्यौ पाव रहे वे षिसाय कह्यौ इतनो लीजिये। लैके कहां धरे सरवर हू न करे भक्ति भाव सो ले भरे हियें मति अति भीजियै। कियौ रूप ब्राह्मण कौ टूबरौ निपट अंग भयौ हिये रंग ब्रत पन्चे कौं लीजियै। भई एकादशी अन्न मागत बहुत भूषौ आजु तौ न देंउं भोर चहि जेतौ लीजियै। कह्यौ हठ भारी मिलि दोउ ता कौ सोर पर्यौ समजावे नामदेव या कौं कहा कहि षीजिये। बीते जाम चारि मरि रहे यौं पसारि पाव भाव पै न जानै दई हत्या नही छीजिये। रचिकै चिता कौं विप्र गोद मैं ले बैठे जाय दियौ मुसिकाय मै परिक्षा लीनी तेरी है। देषी सो सचाई सुषदाई मन भाई मेरे भये अंतरध्यान परे पाय प्रीति हेरी है। जागरन मांभ हरि भक्तान कौं प्यास लगी गये लैन जल प्रेत आनि कीनि फेरी है। फेंट तैं निकासि ताल गायौ पद ततकाल बउई कृपाल रूप धर्यौ छबि टेरी है॥

जयदेव ।

मूल ।

जयदेव कवि नृप चक्कवै खंड मंडलेश्वर आनि कवि ।
प्रचुर भयौ तिहुं लोक गीतगोबिंद उजागर ।
कोक काब्य नव रस सरस सिंगार कौ सागर ॥
अष्टपदी अभ्यास करै तिहिं बुद्धि बढावै ।
राधा रमण प्रसंग सुनत तहां निश्चै आवै ॥
संत सरोरुह खंड कौ पद्मा पति सुष जनक रवि ।
जयदेव कवि नृप चक्कवै खंड मंडलेश्वर आनि कवि ॥

जैदेव की टीका ।

किंदुबिल्व ग्राम ता मैं भये कवि राज राज भर्यौ रस राज हियै मन मन चाषियै । दिन दिन प्रति रूष रूष तर जाय रहै गहै एक गूदरी कमंडल कौं राषियै । कहि देवै बिप्र सुता जगन्नाथ देव जू कौं भयौ वा कौ समैं चल्यौ देन प्रभु भाषियै । रसिक जैदेव नाम मेरोई सरूप ताहि देवो ततकाल अहो मेरी कहि साषियै । चल्यौ द्विज तहां जहां बैठे कबि राज राज अहो महाराज मेरी सुता यह लीजियै । कीजियै बिचारि अधिकार बिसतार जाकै ताही कौं निहारि सुकुवार इह दीजियै । जगन्नाथ देव जू की आग्या प्रतिपाल करौ टरौ मति धरौ हियै नातौ दोस भीजियै । उन कौं हजार सौ है हम कौं पहार एक तातें फिरि जावौ तुमै कहा कहि षीजियै । सुता सौं कहत तुम बैठी रहौ याही ठौर आग्रा सिर मौर मैरै नाही जाति टारी है । चल्यौ अन षाय

समभाय हारे बातनि सौं मन तू समझि कहा कीजे सोच भारी है। बोले द्विज बालकी सौं आपनौं विचारि करौ धरौ हिये ज्ञान मो पै जात न संभारी है। बोली कर जोरि मेरौ जोर न चलत कछू चाहौ सोइ होडु यह बारि फेरि डारी है। जानी जब भई तिया किया प्रभु जोर मो पै तो पै एक झौंपरी की छाया करि लीजिये। भई जब छाया स्याम सेवा पधराय लई नई एक पौथी मै बनाई मन कीजिये। भयौ जू प्रगट गीत सरस गोविंद जू कौ मान में प्रसंग सीस मंडन सो दीजिये। एही एक पद मुष निकसत सोच पह्यौ धह्यौ कैसें जात लाल लिष्यौ मति रीझिये। नीलाचल धाम ता मैं पंडित नृपति एक करी यही नाम धरि पोथी सुषदाईये। द्विजन बुलाय कही वही है प्रसिद्ध करौ लिषि लिषि पढौ देस देसनि चलाईये। बोले मुसिकाय विप्र छिप्र सो दिषाय दई नई यह कोउ मति अति भरमाईये। धरी दोउ मंदिर मैं जगन्नाथ देव जू के दीनी यह डारि वह हार लपटाईये। पह्यौ सोच भारी नृप निपट षिसानौ भयौ गयौ उठि सागर मै बूडौं यही बात है। अति अपमान कियौ कियौ मैं वषान सोई गोई जात कैसें आंच लागी गात गात है। आज्ञा प्रभु दई मति बूडै तू समुद्र माझ दूसरौ न ग्रंथ वैसौ वृथा तन पात है। द्वादश श्लोक लिषि दीजे सरग द्वादस मैं ताही संग चले जा की ष्यात पात पात है। सुता एक माली की जु बैगन की बारी माझ तोरै वनमाली गावै कथा सर्ग पांच की। डोलै जगन्नाथ पाछै काछै अंग मिहीं झंगा आछै गहि घूमै सुधि आवै विरह आंच की। फट्यौ पट देषि नृप पूछी अहो भयौ कहा जान तन हम अब कहौ बात सांच की। प्रभु ही जनाई मन भाई मेरै वही गाथा ल्याये उह बालकी

कौं पालकी मै नाच की। फेरी नृप डौंडी यह औंडी वात जानी महा कह्या राजा रंक पढै नीकी ठौर जानिकै। अक्षर मधुर और मधुर सुरनि ही सौं गावै जब लाल प्यारी ढिग ही है मानिकै। सुनी यह रीति एक मुगल ने धारि लई पढै चले घोरे आगे स्याम रूप ठानिकै। पोथी कौ प्रताप स्वर्ग गावत हैं देव वधू आय ही जु रीझि लिष्यौ निज कर आनिकै। पोथी की तौ बात सब कही मैं सुहात हियै सुनौ और वात ता मै अति अधिकाईयै। गाठि मैं मुहर मग चलत मैं ठग मिले कह्यो कहां जात जहां तुम चलि जाईयें। जानि लई आप षोलि द्रव्य पकराय दियौ लीयौ चाहौ जोई सोई मो कौं लाइयै। दुष्टनि स-मझि कही कीनी इनि विद्या अहो आवै जो नगर इन्है बेगि पकराइयै। एक कहै डारौ मारि भलौ है विचार यही एक कहै मारौ मति धन हाथ आयौ है। जौ पै लै पिछानि कहूं कीजियै निदान कहा हाथ पाव काटि बडे गाड पधरायौ है। आयौ तहां राजा एक देषिकै बि-बेक भयौ छयौ उजियारौ औ प्रसन्न दरसायौ है। बाहर निकासि मानौ चंद्रमा प्रकासि ससि पूछ्यौ इतिहास कह्यौ ऐसौ तन पायौ है। बडेई प्रभाववान सकै को बषानि अहो मेरौ कोऊ भूरि भाग दरसन की-जियै। पालिकी बैठाय लिये किये सब ठठ नीके जीके भाये भये कछू अग्या मोहि दीजियै। करौ हरि साधु सेवा नाना पकवान मेवा आवै जोई संत तिनै देषि देषि भीजियै। आई वेई ठग माला तिलक चिलक किये किलकै कही बडे बंधु लषे जीजियै। नृपति बुलाय कही हियै हरि भाइ भेर ठरे तेरे भाग अब सेवा फल लीजियै। गयौ लै महल मांझ टहल लगाये लोग लागे होन भोग जिय संका तन छीजियै। मागे बार

बार बिदा राजा नहीं जान देत अति अकुलाये कही स्वामी धन दीजिये। दैके बहु भांति सो पठाये संग मानस हु आवो पहुचाय तब तुम पर रीझिये। पूछे नृप नर कोउ तुमरी न सखर जिते आये साधु ऐसी सेवा नही भई है। स्वामी जू सों नातो कहा कहीं हम षाई हाहा राषियो दुराय यह बात अति नई है। हुतौ ईक ठौर नृप चाकरी मैं तहां इनि कियौई बिगार मारि डारौ आज्ञा दई है। राषे हम हितू जानि लै निदान हाथ पाव वाही के दिसा न अब हम भरि लई है। फाटि गई भूमि सब ठग वे समाय गये भये ये चकित दौरि स्वामी जू पै आये है। कही जिती बात सुनि गात गात कांपि उठ हाथ पांव मीले भये ज्यौं के त्यौं सुहाये है। अचिरज दोउ नृप पास जाय प्रकाश किये जिये यह सुनि आये वाही ठौर धाये है। पूछे बार बार सीस पायनि मैं धारि है कहिये उघारि कैसे मेरे मन भाये है। राजा अति आग्रह हि कही सब बात षोलि निपट अमोल यह संतनि कौ भेष है। कैसौ अपकार करौ तउ उपगार करै टरे रीति आपनी ही सरस सु देस है। साधुता न तजे कभू जैसे दुष्ट दुष्टता न यही जानि लीजे मिले रसिक नरेस है। जांन्यौ जब नांव ठांव रह्यौ इहां बलि जांउं भयौ मै सनाथ प्रेम भक्ति भई सहै। गयो जा लिवाय लाय कबि राज राज तिया किया लै मिलाय आय रानी ढिग आई है। मह्यौ एक भाई वा कौ भईयौं भौ जाई सती कोउ अंग काटि कोउ कूदि परी धाई है। सुनत ही नृप बधू निपट अचंभौ भयौ इनि कें न भयौ फिरि कहि समुझाई है। प्रीति की न रीति यह बडी बिपरीति अहो छूटे तन जब प्रिया प्रान छूटि जाइ है। ऐसी एक आय कहि राजा सौं यह बात कही लैके

जावौ बाग स्वामी नैक देषौ प्रीति कौं। निपट विचारी बुरी देत मेरे गरे छुरी तिया हठ मान करी वैसे ही प्रतीति कौं। आनि कहे आय पाये कही यही भांति आय बैठी ढिग तिया देषि लोटी गई रीति कौं। बोली भक्त बधू अजू वे तौ हैं बहुत नीके तुम कहा औचक ही पावत हौ भीति कौं। भई लाज भारी पुनि फेरिकै संवारी दिन बीति गये कैउ जब तब वही कीनी है। जानि गई भक्त बधू चाहतिं परीक्षा लियौ कही आजु पाये सुनि तजी देह भीनी है। भयौ मुष सेत रानी राजा आये जानी यह रची चिता जरौं मेरी भई मति हीनी है। भई सुधि आप कौं सु आये बेगि दौरि इहां देषि मृत्यु प्राय नृप कह्यौ मरी दीनी है। बोल्यो नृप आजू सो हि जरैंई बनत अब सब उपदेस लैकै धूरि मै बहायौ है। कह्यौ बहु भांति ऐ पै आवति न सांति किहुं गाई अष्टपदी सुर दियौ तन जायौ है। लाजनि कौ मार्‌यौ राजा चाहे अपघात कियौ जियौ नहिं जात भक्ति लेस हूत आयौ है। करी समाधान निज ग्राम आए किंदुबिल्व जैसौ कछु सुन्यौ यह पचे लै गायौ है। देवध्वनि सोत हो अठारे कोस आश्रम ते सदाई स्नान करै धरै जोग ताई कौं। भयौ तन वृद्ध तऊ छोडै नही नित्य नेम प्रेम देषि भारी निसि कही सुषदाई कौं। आवौ जिनि ध्यान करौ मति हठ ऐसी मानी नही आउं मैं ही जानौं कैसे आई कौं। फूले देषौ कंज जब कीजिये प्रतीति मेरी भई वही भांति सेवै अबलौं सुहाई कौं॥

॥ ६३ ॥

कबीर।

मूल।

कबीर कानि राषी नही वर्णाश्रम षट दरसनी।
भक्ति विमुष जो धर्म सोब अधर्म करि गायौ।
जोग जग्य ब्रत दान भजन विन तुछ दिषायौ॥
हिंदू तुरक प्रमान रमैनी सवदी साखी।
पक्षपात नहि बचन सब ही के हित की भाषी॥
आरूढ दसा ह्वै जगत पर मुख देषी नाहिन भनी।
कबीर कानि राषी नही वर्णाश्रम षट दरसनी॥

कबीर जू की टीका।

अति ही गंभीर मति सरस कबीर हियौ लियौ भक्ति भाव जातिपांति सब टारियै। भई नभ बानी देह तिलक कबानी करौ गुरु रामानंद गरे माल धारियै। देषै नही मुख मेरौ मानिकै मलेछ मो कौं जात न्हान गंगा कही मग तन डारियै। रजनी के से समैं अवेस सो चलत आप धरे पग राम कहे मंत्र सो विचारियै। कीनी वही बात माला तिलक बनाय गात मानि उतपात माता सोर कियौ भारियै। पक्षंची पुकार रामानंद जू के पास आनि कही कोउ पूछ तुम नाम ले उचारियै। ल्यावौ जू पकरि वा कौं कब हम कियौ शिष्य लाये करि परदा मै पूछी कहि डारियै। राम नाम मंत्र यही लिष्यौ सब तंत्रनि मैं षोलि पट मिले सांचो मत उर धारियै। वुनै तानौ बानौ हियै राम मड़रानों कहि कैसे कै वषानौं वह रीति कछू न्यारियै। उतनौइ करै

जा मैं तन निर्वाह होय भोय गई औरै बात भक्ति लागी प्यारियै। ठाढे मंडी माझ पट वेचन लै जन कोउ आयौ मो कौं देहु देह मेरी है उघारियै। लाग्यौ देन आधौ फारि आधे सौं न काम होत दियौ सब लेहो जो यही जिय धारियै। तिया सुत मात मग चाहैं भूषे आवै कब दवि रहे हाटनि मैं लावै कहा धाम कौं। सांचौ भक्ति भाव जानि निपट सुजानि वे तौ कृपा के निधान ग्रह सोच पर्यौ स्याम कौं। बाल दले धाये दिन तीनयौं बितये जव आये घर डारि दई दई हो आराम कौं। माता करै सोर कोउ हाकि मरोरि बांधै डारै विन जानै सुत लेत नही दाम कौं। गये जन दोय च्यारि टूंटिकै लिवाय लाये आये घर सुनी बात जानी प्रभु पीर कौं। रहे सुष पाय कृपा करी रघुराय दई छिन मैं लुटाय सब बोलि भक्त भीर कौं। दियौ छोडि तानौं बानौं सुष सरसानौं हियौ कियौ रोस धायें सुनि विप्र तजि धीर कौं। क्यों रे तें जुलाहे धन पायौ न बुलाये हमैं सुद्रनि कौं दियौ जावौ कहे यौं कबीर कौं। क्यौं जू उठि जांउं कछू चोरी धन लाउं नित हरि गाउं कोउ राह मैं न मारी है। उन कौं लै मान कियौ याही मैं अपमान भयौ दयौ जो पै जाय हमै तोही तौ जिवारी है। घर मैं तौ नाही मंडी जाही तुम रहौ बैठे नींट कै छुटायौ पेंडौ छिपे ब्याधि टारी है। आये प्रभु आप द्रव्य ल्याये समाधान कियौ लियौ सुख हो भक्ति कीरति उजारी है। ब्राह्मन कौ रूप धरि आय छिपि बैठे जहां काहे कौं मरत भूषे जावो जी कबीर के। कोउ जाय द्वार ताहि देत है अठाई सेर बेर जिन लावौ चले जाइयौ बहीर कै। आये घर मांझ देषि निपट मगन भये नये नये कौतुकये कैसे रहे धीर कै। वारमुखी लई संग

मानौ वाही रंग रंगे जानो यह बात करी उर अति भीर कै। संत देषि उरे सुख भयौई असंतनि कौ तब तौ विचार मन मांझ और आयौ है। बैठी नृप सभा जहां गए पै न मान कियौ कियौ एक चोज उठि जल ढरकायौ है। राजा जिय सोच पर्यौ कह्यौ कहा कह्यौ तब जगन्नाथ पंडा पांव जरत बचायौ है। सुनि अचिरज भयौ नृप नैं पठाये नर लाये सुधि कही अजू सांची ही सुनायौ है। कही राजा रानी सों जु बात वह सांची भई आंच लागी हिये अब कहौ कहा कीजिये। चले ही बनत चले सीस तृन बोझ भारी गरे सों कुल्हारी बांधि तिया संग भीजिये। निकसे बजार ह्वैके डारि दई लोक लाज कियौ मैं अकाज छिन छिन तन छीजिये। दूरि ते कबीर देषि ह्वै गए अधीर महा आये उठि आगे कह्यौ डारि मति रीझिये। देषिकै प्रभाव फेरि उपज्यौ अभाव द्विज आयौ पातिसाह सों सिकंदर सो नाम है। विमुख समूह संग माता हू मिलाय लई जायकै पुकारे जु दुषायौ सब गांव है। लावौ रे पकरि वा कौं देषौ मै मकर कै सौ अकर मिटाउं गाढे जकरि तनाव है। आनि ठाढे किये काजि कहत सलाम करौ जानौं न सलाम जानौं राम गाढ पाव है। बांधिकै जंजीर गंगा नीर मांझ बोरि दिये जिये तीर ठाढे कहैं जंत्र मंत्र आवही। लकरीन माझ डारि अगनि प्रजारि दई मानौं भई देह कंचन लजावही। विफल उपाय भये तउ नही आय नये तब मतवारौ हाथी आनिकै झुकावही। आवत न ढिंग औ चिंघारि भाजि जाय आय आगे सिंह रूप बैठि सो भगावही। देष्यौ पातसाह भाव कूदि पर्यौ गहे पाव देषी करामाति मात भये सब लोग है। प्रभु पै बचाय लीजै हमै न गजब कीजै दीजै जोई चाहौ

गांव देस नाना भोग है। चाहै एक राम जा कौं आपै आठौ जाम और दाम सौं न काम जा मैं भरे कोटि रोग है। आये घर जीति साधु मिले करि प्रीति जिन्है हरि की प्रतीति वेई गायवे कौं जोग है। होयकै षिसाने द्विज निज च्यारि विप्रनि कौ मूंडनि मूंडाय भेष सुंदर बनायौ है। दूरि दूरि गावनि मैं नामनि कौं पूछि पूछि नाव ले कबीर जू कौ झूठे न्योति आये है। आये सब साधु सुनि ए तौ दूरि गये कहूं चहूं दिसि संतनि के फिरे हरि धाये है। इन ही कौ रूप धरि न्यारी न्यारी ठौर बैठ एउ मिलि गए नीके पोषिकै रिझाये है। आई अप्सरा छलिवे कौं लियैं वेस कियें हियै देषि गाढे फिरि गई नही लागी है। चत्रभुज रूप प्रभु आनिकै प्रगट कियौ फल नैंननि कौ बडौ बड भागी है। सीस धर्यौ हाथ तन साथ मेरे धाम आवौ गावौ गुन रहौ जौलौं तेरी मति मागी है। मग हमै जाय भक्ति भाव कौं दिषाय वहु फूलनि मगाय पौढि मिले हरि रागी है॥

॥ ६७ ॥

पीपा।

मूल।

पीपा प्रताप जग बासना नाहर कौं उपदेस दियौ।
प्रथम भवानी भक्त मुक्ति मागन कौं धायौ।
सत्य कह्यौ तिहि सक्ति सुदृढ हरि सरन बतायौ॥
रामानंद पद पाय भये अति भक्ति की सेवां।
गुण असंख्य निर्मोल संत धरि राषत ग्रीवां॥
परसि प्रनाली सरस भये सकल विश्व मंगल कियौ।
पीपा प्रताप जग बासना नाहर कौं उपदेस दियौ॥

पीपा जू की टीका।

गांगरौन गढ पीपा नाम राजा भयौ लयौ पन देवी सेवा रंग चढ्यौ भारीयै। आये पुर साधु सीधौ दियौ जोई सोई लियौ कियौ मन माझ प्रभु बुद्धि फेरि डारियै। सोयौ निसि रोयौ देषि सुपनौं बिहाल अति प्रेत बिकराल देह धरिकै पछारियै। अब न सुहाय कछू वह पाय परि गई नई रीति भई याहि भक्ति लागी प्यारीयै। पूछौ हरि पायवे कौं मग जब देवी कह्यो सही रामानंद गुरु करौ प्रभु पाईयै। लोग जानै बौरो भयौ गयौ यह कासी पुरी फुरी मति आये जहां हरि गाईयै। द्वार मै न जान देत आग्या ईस लेत कही राज सी न देत सुनि सब ही लुटाईयै। कह्यौ कूवा गिरौ चले गिरन प्रसन्न हिये जियें सुष पायौ लाये दास दिषाईयै। किये शिष्य कृपा करि धरी हरि भक्ति हृदै कही अब जावौ ग्रेह सेवा साधु कीजियै। बितये बरस जब सरस टहल

जानि संत सुष मानि आवें घर मध्य लीजिये। आये आग्या पाय धाम कीनी अभिराम रीति प्रीति कीनी पारावार चिठी लिषि दीजिये। दूजिये कृपाल वही बात प्रतिपाल करी चले जुग बीस जन संग मति रीझिये। कबीर रैदास आदि दास सब संग लीये आये पुर पास पीपा पालकी ले आयौ है। करी साष्टांग न्यारी न्यारी बिनै साधुनि कौं धन दै लुटाय सो समाज पधरायौ है। जैसी कीनी सेवा बहु मेवा नाना राजभोग वा नीके न जोग भाग कापै जात गायौ है। जानि भक्ति रीति घर रही कै अतीत होहु करिकै प्रतीति गुरु पग लगि धायौ है। लागी संग रानी दस दोय कही मानी नही कष्ट कौं बतावै मन नहि लावही। कामरीन फारि मध्य मेषला पहरि लेवो डारि आभरन जो पै नही भावही। काहू पै न होय दियौ रोय भोय भक्ति आई छोटी नाम सीता गरे डारी न लजावही। यहू दूरि डारी करी तन कौं उघारी कियौ दियौ रामानंद हियौ पीपा न सुहावही। जो पै आप कृपा करी दीजे काहू संग करि मेरें नही रंग या मै कही बार बार है। सौंह कौं दिवाय दई लई तब कर धरि चले टरि विप्र एक छोडौ न विचार है। षायौ विष जियौ पुनि फेरिकै पठायौ सब आये यौं समाज द्वारावती सुष सार है। रहे कोउ दिन आग्या मागी इति रहि वे की कूदे सिंधु माझ चाह उपजी अपार है। आये आगे लेन आय दिये हैं पठाई जन देषी द्वारावती कृष्ण मिले बहु भायकै। महल महल मांझ चहल पहल लषी रहे दिन सात सुष सकै कौन गायकै। आज्ञा दई जायवे की जायवौ न चाहै हिये पिये वह रूप देषौ मोही कौं जु जायकै। भक्त बूडि गए यह बडोई कलंक भयौ मेटौ तुम अंक संक

गही अकुलायकै। दई लैकै छाप पाप जगत के दूरि करौ टरौ कहूं और कही सीता समझाय है। चली पहुंचाय वे कौं प्रीति के अधीन आप विन जल मीन जैसे ऐसे फिरि आये हैं। देषि नई बात गात सूके पट भीजे हिये लियें पहिचानि आनि पग लपटाये हैं। छोटेई मिला न भई बन मैं पठान भेट लई छीनि तिया कीया चैन प्रभु धाये हैं। अभू लगि जावौ घर कैसें आवै उर बोली ही जानिये न भाव पै न आयौ है। लेत ही परीछा मै तौ जानौं तेरी सीक्षा ऐ पै सुनि दृढ बात कान अति सुष पायौ है। चले मग दूसरे सु ता मैं एक सिंघ रहै आयौ बात लेत सिष्य कियौ समुझायौ है। आये और गांव सेषसाई प्रभु नाम रहै करै बंश हरे ठेरे चीधर सुहायौ है। दोउ तिया पति देषै आये भागवत ऐ पै घर की कुगति रति सांची लै दिषाई है। लहंगा उतारि बेचि दियौ लियौ ता कौं सीधौ करौ अजू पाक वधू कोठी मैं दुराइ है। करी लै रसोई सोई भोग लगि वैठे कह्यौ आवो मिलि दोउ लैवै पाछे सीत भाई है। वाहू कौं बुलावौ लावौ आनिकै जिवावौ तव सीता गई वाही ठौर नगन लषाई है। पूछे कही बात ये उघारे क्यौं हैं गात कही ऐसें ही बिहात साधु सेवा मन भाई है। आवैं जव संत सुष होत है अनंत तन ढक्यौ कै उघारौ कहा चरचा चलाई है। जानि गई रीति प्रीति देषी एकई नही मै हम हू कहावैं ऐ पै छटा हू न पाइ है। दियौ पट आधौ फारि गहिकै निकारि लई भई सुष शैल पाछे पीपा कौं सुनाई है। करै बेस्या कर्म अवधर्म है हमारौ यही कही जाय बैठी जहां नाजन की ढेरी है। घिरि आये लोग जिन्ह नैननि कौ रोग लषि दूरि भयौ सोग नैक नीकै हूत हेरी है। कहै तुम कौन वारमुखी नही

भौन संग भरवा सु गहै भौन सुनि परिवेरी है। करी अन्न रासि आगे मौहोरे रुपैया मागे परे दई चौधर कै तव ही निवेरी है। आग्या मागि टोंडे आये कभू भूषे कभू धाये औचक ही ठाम पाये गये हैं स्नान कौं। मौहोरन भांडे भूमि गड्यो देषि छोडि आये कह्यौ निसि तिया बोली जावौ सर आन कौं। चोर चाहै चोरी करै सुनि वाही ओर टरे देषै जो उघारि सांप उरे हते प्रान कौं। ऐसें आय परी गिनी सात शत बीस भई तौरे पांच बांट करै एक के प्रमान कौं। जोई आवै द्वार ताहि देत है अहार और बोलिकै अपार संत भोजन करायौ है। बीते दिन तीन धन षाय प्याय छीन कियौ लियौ सुनि सूरज सैन नाम नृप देषिवे कौं आयौ है। देषिकै प्रसन्न भयौ देवो दीक्षा मोहि दीक्षा है अतीत करै आप सो सुहायौ है। चाहौ सोई करौ द्वै कृपाल मो कौं टरौ अजू धरौ आनि संपति औ रानी जाय लायौ है। करिकै परीक्षा दई दीक्षा संग रानी दई भईये हमारी परदान संत सौं। दियौ धन घोरा कछू राष्यौ दे निहोरा भूप मानत न छोरा बडौ मान्यौ जीव जंत सौं। सुनि जरि बरि गये भाई सैन सूरजि के उग्र प्रताप कहा कहै सीता कंत सौं। आयौ बनिजारौ मोल लियौ चाहै षैलनि कौं दियौ बहकाय कह्यौ पीपा जू अनंत सौं। बोल्यौ बनिजारौ ठाम षोलि षैला दीजियै जू लीजियै जू आय गाव चारन पठाये हैं। गयौ उठि पाछै बोलि संतनि महोछौ कियौ आयौ वाही समैं कही लेवो मन भाये हैं। दरसन करि हियै भक्ति भार भयौ आनिकै बसन सब साधु पहिराये हैं। और दिन न्हान गये घोरा चढि छोडि दियौ लियौ बांध्यौ दुष्टनि नैं आयौ मानौं लाये हैं। गये हे बुलाये आप पाछै घर संत आये अन्न कछू नाहि कहूं

जायकरि लाईये। विषई बनिक एक देषिकै बुलाय लई दई सब सोच कही सही निसि आईये। भोजन करत मांझ पीपा जू पधारे पूछी बारे तन प्रान जब कहिकै जनाईये। करिकै सिंगार सीता चली लुकि मेह आयौ कांधे पै चढायें वपु बनियां रिझाइयै। हाट पै उतारि दई द्वार आप बैठि रहे चहे सूके पग माता कैसें करि आई हौ। स्वामी जू लिवाय लाये कहां है निहारौ जाय आय पाय पर्यौ ठर्यौ राषौ सुषदाई हौ। मानौं जिनि संक काज कीजिये निसंक धन दियौ बिन अंक जा पै लै मेरे भाई है। मर्यौ लाज भार चाहे धर्यौ भूमि फारि दृग वहे नीर धार देषि दई दीक्षा पाई है। चलत चलत बात नृपति श्रवन परी भरी सभा विप्र कहे बडो बिपरीति है। भूप मन आई यह निपट घटाई होत भक्ति सरसाई नही जानैं घटी प्रीति है। चले पीपा बोध देन द्वार ही ते सुधि दई लई सुनि कही आवो करौ सेवा रीति है। बडौ मूढ राजा मौजा गांठैं बैठ्यौ मोची घर सुनि दौरि आयौ रहे ठाढे कौन रीति है। कृती घर मांझ बांझ रानी एक रूपवती मांगी वही ल्यावौ वेगि चल्यौ सोच भारी है। डगमग पांव धरे पीपा सिंघ रूप करे ठाढौ देषि डरे इत आवे आप धारी है। जाय तौ बिलाय गयौ तिया ढिग सुत नयौ भयौ भूमि पर कला जानी न निहारी है। प्रगट्यौ सरूप निज षिझिकै प्रसंग कर्यौ कहां वह रंग सिष्य भयौ लाज टारी है। कियौ उपदेस नृप हृदै मे प्रवेश कियौ लियौ वही पन आप आये निज धाम है। बोल्यो एक नांव साधु एक निसि देवो तिया लेवौ वही भागौ संग भागी सीता बाम है। प्रात भये चले नाहि रैनि ही की आग्या प्रभु चल्यौ छांडि आगे घर घर देषी ग्राम है। आय

बाही ठौर चल्यौ माता पहुंचाय आहु आय गहे पाय भाव भयौ गयो काम है। विषई कुटिल चारि साधु भेष लियौ धारि कीनी मनुहारि कही तिया निज दीजिये। करिकै सिंगार सीता कोठे मांझ वैठी जाय चाहें मग आतुर ह्वै आजू जावौ लीजिये। गए जब द्वार उठी नाहरी सु फारिबे कौं फारें नही बानी जांनि आय अति षीजिये। अपनौ बिचारो हियो कियो भोग भावना को मांनि सांच भये सिष्य प्रभु मति धीजिये। गूजरी कौं धन दियौ पियौ दही संतनि ने बांभन कौं भक्त कियौ देवी दई निकारिकै। तेली कौं जिवायौ भैंस चोरनि पै फेरि ल्यायो गाडी भरि आयौ तन पांच ठौर जारिकै। कागद ले कोरौ कह्यौ बनिया को सोक हर्यौ भर्यौ घर त्यागि डारी हत्या हू उतारिकै। राजा कौं अोसेर भई संत कौं जु बिभौ दई लई चीठी मानि गए श्री रंग उद्धारिकै। श्री रंग के चेत धर्यौ तिय हिय भाव भर्यौ बाह्मन कौं सोक हर्यौ राजा पै पूजायकै। चंदवा बुझाय लियौ तेली कौं ले बैल दियौ पुनि घर माझ भयौ सुष आयकै। बडौई अकाल पर्यौ जीव दुष दूरि कर्यौ पर्यौ भूमि गर्भ धन पायो दै लुटायकै। अति बिसतार लियें कियो है बिचार यह सुने एक बार फेरि भूले नही गायकै॥

तुलसो दास।

मूल।

कलि कुटिल जीव निस्तार हित वाल्मीक तुलसी भयौ।
त्रेता काव्य निबंध करि सत कोटि रामायण।
इक अक्षर उद्धरै ब्रह्महत्यादि परायण॥
अब भक्तनि सुष दैन बहुरि लीला बिस्तारी।
राम चरण रस मत्त रटत अह निसि ब्रतधारी॥
संसार अपार के पार कौं सुगम रूप नौका लयौ।
कलि कुटिल जीव निस्तार हित वालमीक तुलसी भयौ॥

टीका।

तिया सों सनेहि बिनि पूछे पिता गेह गई भूली सुधि देह भजे वाही ठौर आये है। बधू अति लाज भई रिसि सों निकस गई प्रीति राम नई तन हाड चाम छाये है। सुनि जब बात मानौ होय गयौ प्रात वह पाछे पछितात तजी कासी पुरी धाये है। कियौ तहां बास प्रभु सेवा लै प्रकास कीनौ लीनौ दृढ भाव नैन रूप के तिसाये है। सौच जल सेस पाय भूत हू बिसेस कोउ बोल्यौ सुष मानि हनुमान जू बताये है। रामायण कथा सो रसायनि है काननि कौं आवत प्रथम पाछे जात घाण जाये है। जाय पहिचानि संग चले उर आनि आए बन मधि जान धाय पाय लपटाये है। करै सीत कार कही सकौगे न टारि मे तौ जाने रस सार रूप धर्यो जैसें गाये है। मांगि लीजे बर कही दीजे राम भूप रूप अति हीं अनूप नित नैनन अभिलाषिये। कियौ लै

संकेत ताही दिन ही सों लाग्यौ हेत आई सोई, सबै चेत कब छबि चाषियै। आये रघुनाथ साथ लछमन चढे घोरे पट रंग बोरे हेरे कैसे मन राषियै। पाछे हनुमान आय बोले देषे प्रान प्यारे नैकु न निहारे मै तौ भले फिरि भाषियै। हत्या करि विप्र एक तीरथ करत आयो कहै मुष राम भिक्षा डारियै हत्यारे कौं। सुनि अभिराम नाम धाम मै बुलाय लियौ दियौ लै प्रसाद कियौ शुद्ध गायौ प्यारे कौं। भई द्विज सभा कहि बोलिकै पठाये आप कैसे गयौ पाप संग लैकें जैंवे हत्यारे कौं। पोथी तुम बांचौ हियें सार नहीं साचौ अजू ताते मत काचौ टूर करै न अंध्यारे कौं। देषी पोथी बाच नाम महिमा हूं कही सांच ए पै हत्या करै कैसे तरै कहि दीजियै। आवै ज्यौ प्रतीति कहो कही या के हाथ जैंवे सिव जू कौ बैल तब पंकति मै लीजियै। थार मै प्रसाद दियौ चले जहां पन कियौ बोले आप नाम के प्रताप मति भीजियै। जैसी तुम जानौ तैसी कैसे कै बषानै अहो सुनिकै प्रसन्न पायौ जैसे धुनि रीझियै। आये निसि चौर चोरी करन हरन धन देषे स्याम घन हाथ चाप सर लियौ है। जब जब आवै बान सांधि उर पावै वे तौ अति मंडरावै ए पै बली दूरि किये है। भोर आप पूछै अजू सावरौ किसोर कौंन सुनिकर मौन रहे आसुं डारि दिये है। दै सबै लुटाय जानी चौकी राम राय दई लई उन्हौ दीक्षा सीक्षा सुद्ध भये हिये है। कियो तन बिप्र त्यागि लागि चली संग तिया दूर ही तें देषि किया चरण प्रनाम है। बोले यों सुहागवती मर्यौ पति होहूं सती अब तौ निकसि गई ज्यांउ सेवो राम है। भये सब साधु व्याधि मेटी लै बिमुष ता की जा की बास रहै तौन सूझै स्याम धाम है। दिल्ली पति पात-

साह अहदी पठायौ लैन ता कौं सो सुनायौ सूवै विप्र ह्यायौ जानियै। देषि वे कौं चहै नीकै सुष सौं निवाहै आय कही बहु विनै कही चली मन आनियै। पहुंचे नृपति पास आदर प्रकास कियौ दियौ उच्च आसन लै बोल्यौ मृदु बानियै। दीजै करामाति जग ष्यात सब मात किये कही झूठी बात एक राम पहिचानियै। देषे राम कैसौ कहि कैद कियौ कियें हियै हूजियै कृपाल हनूमान जू दयाल हो। ताही समै फैलि गए कोटि कोटि कपि नये लौचे तन षैचे चीर भयौ यों बिहाल हो। फोरे कोटि मारे चोउ किये डारे चोट पोट लीजै कौन ओट जाय मानौ प्रलय काल हो। भई तब आंषै दुष सागर कौं चाषै अब वेई हमै राषै भाषै वारौ धन माल हो। आय पाय लिये तुम दिये हम प्रान पावै आप समझावै करामात नेकु लीजियै। लाज दबि गयौ नृप तव राषि लियौ कह्यौ भयो घर राम जू कौं बेगी छोडि दीजियै। सुनि तजि दियौ और कह्यौ लैके कोट नयौ अब हू न रहै कोउ वा मै तन छीजियै। कासी जाय बृंदावन आय मिले नाभा जू सौं सुन्यौ हो कवित निज रीझ मति भीजियै। मदन मोहन जू कौ दरसन कही सही राम ईष्ट मेरे दृष्ट भाव मागी है। वैसौई सरूप कियौ दियौ लै दिषाय रूप मन अनुरूप छवि देषि नीकी लागी है। काहू कही कृष्ण अवतारी जू प्रसंस महा राम अंस सुनि बोले मति अनुरागी है। दसरथ सुत जानौ सुंदर अनूप मानों ईसता बताई रति बीस गुनी जागी है॥

भक्त माल ।

पीपा ।

गूजरी को धन दियो पियो दही संतनि ने ।

चौपाई ।

एक दिवस पीपा के द्वारे । बहुत भक्त बैठे मति सारे ॥
गूजरि एक दही लै आई । पीपा स्वामी लई बुलाई ॥
कहु रे बहिनि दही को मोला । हौं नहिं मेटौं तुमरो बोला ॥
तब तिहिं कही दुगानी तेरा । इतनो मोल को मथना मेरा ॥
पीपा बोले कही भले री । आजु कि भेंट जो आवै तेरी ॥
आदर करि गूजरि बैठारी । पीवत भयो दही सुख भारी ॥
तब हि एक बनिजारो आयो । तिन पीपा को द्रव्य चढ़ायो ॥
सात मोहर अरु द्वै परकाला । कछु पक मोती पुरधा घाला ॥
खांड चिरौंजी और छुहारी । केसरि लौंग कपूर सुपारी ॥
इतनी बस्तु धरी सिर नाई । अब मैं घर कहं जाउं गुसांई ॥
गौ बनियां जब आज्ञा दीन्ही । स्वामी सौंज इकट्ठी कीन्ही ॥

लै री वहिनि दही को मोला। राख्यौ राम हमारो बोला॥
उरपी गूजरि छुवै न हाथा। नहीं सो लेइ डोलावै माथा॥
दधि को मोल देहु जो आवै। राजा दंड लेइ सुनि पावै॥
इतनो मोहि खान नहि देहै। सूरज सेन चौगुनो लैहै॥
तब स्वामी बोले सति भाउ। तोहि न राजा दंडै काउ॥
तेरे काज तहां हम जैहैं। हरि साधुन के उपर देहैं॥
यह बातें सुनि हरषी नारी। बहुत बार कीन्ही मनुहारी॥
इन्ह को बेगि मुकुर्झो कीजे। और कछू हम हूं सों लीजे॥
पीपा कहै मोल लै माई। तेरे भाग भेंट यह आई॥
मेरे बचन झूठ जनि पारे। सत छोडे परमेश्वर मारे॥
तब गूजरी मन कियो बिचारा। दीक्षा लई न लागी बारा॥
अपना करि सब पूजा कीन्हा। और सौंज भक्तन्ह कों दीन्हा॥
ऐसी प्रीति भक्ति सों लागी। निसि दिन स्तुति हृदय अनुरागी॥
तब ते पीपा के मन भावै। निति उठि गोरस लै पहुंचावै॥

ब्राह्मन को भक्त कियो देवी दे निकारिके।

ब्राह्मन एक नगर मंह ऐसो। गर्बवंत अति कहियै जैसो॥
धन जोबन परिवार संजूता। सकल सौंज देखिए बहूता॥
तिन देवी को चक्र करायो। बिप्र सहित सब के मन भायो॥
करी बिबिधि बिधि श्रद्धा भारी। बहुत लोग न्यौते नर नारी॥
सो पीपा को न्यौतन आयो। मान्यौ नहीं बहुत समुझायो॥
पीपा कह्यो कहा कह मेरा। तौ हौं न्यौता मानौं तेरा॥

थोरो थोरो थार जु भरियो। ले अछूत हरि आगे धरियो॥
पहिले राम हि भोग लगावों। ता पीछे मैं झूठनि पावों॥
सुनत बात सब के मन मानी। श्री हरि गति काहूं नहि जानी॥
इतनी कहि पीपा तहां जाई। देखि रसोई सौंज मंगाई॥
तनक तनक भरि आनी थारी। और सौंज सब राखी न्यारी॥
जितनौ पाक रह्यौ घर माहीं। दियो अछूतौ जान्यौ नाहीं॥
वेदी माझ भोग हरि लायो। संखोदक चहुं दिसि छिरकायो॥
सबन्ह सहित प्रभु भोजन पायो। पदुम अठारह जूथप खायो॥
पीछे ब्राह्मन कियो अहारा। सजन कुटुंब मगन परिवारा॥
भूखे जन कहं भोजन दीन्हो। तब देवी को सुमिरन कीन्हो॥
निसा भई सोए नर नारी। सपने माता दीन्ही गारी॥
अर्ध राति उपर चढि आई। भूखी भूखी कहि बिलखाई॥
मेरे हेत कियो तैं जागू। पीपा स्वामी लियो सोहागू॥
जब तें भोग लायौ भरि थारी। माख तें तब मोहि कियो जु न्यारी॥
लागे वानर कोटि पचासा। देखन देहि न नेकु तमासा॥
भली भई परमेश्वर पायो। तू जनि जानै माता खायो॥
हरि सों बल करि सकै न कोई। हम कों सीत न रही रसोई॥
इतना कहि देवी चलि जाई। ब्राह्मन जाग्यौ मन पछिताई॥
तब गवन्यौ पीपा के पासा। कहा जो देवी सकल प्रकासा॥
पीपा कहा जु तुम कछु देखा। बोला सो कपिरी छन पेखा॥
झूठी देवी बेगि निकारो। राम भक्त ह्वै कारज सारो॥
घर देवी सरवर तट राखी। पीपा पद परि बिनती भाषी॥

देवी तजि तब दीक्षा लीन्ही। तिन पीपा की पूजा कीन्ही ॥

तेली को जिवायो।

एक दिना सीधो घर नाहीं। पीपा चले चौहटा माहीं ॥
तेलिनि एक रूप अति भारी। ता पर स्वामी दृष्टि पसारी ॥
तेलिनि कहै लेहु रे तेला। तेहि पीपा सों भयो मग मेला ॥
ऐसो तन जो सुमिरे रामू। तौ हरि सकल संवारे कामू ॥
यहि तें ता को राम कहायो। तेलिनि क्रोधवंत दुख पायो ॥
कंत मरे जब सती जो होई। रामै राम पुकारे सोई ॥
मो ते कहा मसखरी करहु। कुबचन बोले तुम ही मरहु ॥
पीपा के मन उपजो रोसू। भली कहत कत लावै दोसू ॥
मानुष मरे कहैगी जब हीं। जौ पति मरै करोंगा तब हीं ॥
इतनी कहि स्वामी घर जाई। तेलिनि के जिय संका आई ॥
चित आकर्ष्यो वा के पति को। उघर्यौ द्वार देउ की गति को ॥
मृतक भयो नहिं लाग्यौ बारा। तब ही तेलिनि राम पुकारा ॥
रोवै कुटुंब सबै नर नारी। भैया बहिनि पिता महतारी ॥
लेहु समेटि मृतक कहं काढो। सुन्यो जु सोक सबनि कौं गाढो ॥
तेलिनि सती होन तब लागी। सब सुख को सुख देख्यौ आगी ॥
बहुत भांति बाजंत्र बजाए। मरघट पहुंचे स्वामी आए ॥
सती पुकारे रामै रामू। नेक न जीभ लेय बिस्रामू ॥
हंसिकै पीपा बूझै बाता। अब क्यों राम कहति हौ माता ॥
जीवत जब ते कह्यौ न काउ। मरती बेर भयो क्यों भाउ ॥

तेलिनि के मन उपज्यौ दापू। कंत मर्यौ तैं दियो सरापू ॥
अब मोहि कहा कहत है भाई। मेरी मीचु पलक में आई ॥
पीपा कहै भक्ति जो करहू। मृतक जीव होइ बहुरि न मरहू ॥
इतनी सुनि तेलिनि सुख पायो। वाहि बोल दै मृतक जिआयो ॥
घर लै आए दीक्षा दीनी। भक्त बुलाय महोछो कीनी ॥

कागद लै कोरो कह्यौ बनियां को सोक हर्यौ।

बडो ब्यौहरो सेठ सुदीनी। कहो आप ते मांगिन लीनी ॥
दीन्हो बोलि टका सै चारी। कागद लिख्यौ साखि दै भारी ॥
तब दीजो जब होइ तुमारे। नहि कछु आतुर अहै हमारे ॥
छठे महीना मांग्यौ आनी। झगरो करै न मानै कानी ॥
पीपा कहै कबै धन दीनो। को है साखि कबै हम लीनो ॥
तब पंचन में पत्र मंगायो। कोरो कागद निकरि जु आयो ॥
सब कागद घर मंह को देखै। उत्तम कहा पुरातन पेखै ॥
झूठो झूठ कह्यौ सब काहू। बहुरि न उत्तर दीन्हो साहू ॥
भरी सभा में साहु खिस्यानौ। पीपा कह्यौ लियौ मैं मानौ ॥
हरि की माया हरि जन खाई। तुम क्यौं झूठी करी बडाई ॥
ज्यौं ज्यौं उपजे देवौं तोही। अपने कर जौ दीन्हौ मोही ॥
कागद सकल सुअछर किया। तब सुख उपज्यौ साहु के हिया ॥
दीक्षा दै बनियां सिष कीन्ही। और भेट पीपा कह दीन्ही ॥

डारी हत्या दूर उतारिकै।

रामत करत रहे ते हि ठांउ। भारखंड में बस यक गांउ॥
साकट लोग रहै ता माहीं। आधी बस्ती आधी नाहीं॥
नर नारी हंसि अपजस लेई। अपने पास न बैठन देई॥
सूनो भवन कियो बिश्रामू। दोउ मिलि सुमिरै रामै रामू॥
नेरी नदी नीर भरि आनी। ता पीछे कीरतन ठानी॥
सौ मूरति संन्यासी आए। लोगन स्वामी पास पठाए॥
परदेसी कहा जानै मरमू। कहै संन्यासी करियै धरमू॥
पीपा तिन को आदर कीन्हो। न्यारो घर बैठन कौं दीन्हो॥
सीता पै मंदिर भारवाए। चूल्हो चौको कलस भराए॥
पात मांगि पंत्रावलि कीन्ही। तब हरि बहुत रसोई दीन्ही॥
प्रेर्यौ एक कुतो हत्यारो। उन लोगन को है भइयारो॥
सुनि कीरतन तहं आयो सोई। बन में रहै न देखे कोई॥
पीपा के पग लाग्यौ धाई। मैं हत्यार्यौ मारी गाई॥
मूंड मुंडायो गंगा जाई। सीधो कियो न जेमै भाई॥
दया करो मोहिं लीजे पांती। अब मैं तजी आपनी जाती॥
तुम सों बोलि सकै नहिं कोई। मेरे मन में निहचै होई॥
तब ही स्वामी सौंज मंगाई। वा के जिय की संक मिटाई॥
चाउर चून दालि घृत षांडा। बहुत भरे गोरस के भांडा॥
करी रसोई लाग्यौ भोगू। छन में भयो जीमैं सब लोगू॥
हरषि हरषि जीमैं संन्यासी। कुटुंब समेत गांव के बासी॥

॥ ८२ ॥

पीपा ता कों दोष गमाई। राम कहे सब ही गति पाई॥
कोटिक हत्या देहि मिटाई। इक हत्या की कहा चलाई॥
ऐसे राम तबकुं थल कीन्हा। देश देश जीवन गति दीन्हा॥

स्वर्ग रोहण।

कलि जुग वर्णन।

श्री कृष्ण उवाच।

कहै कृष्ण सुन पंडौं राई। कलि मै प्रथी परंगी आई॥
कलि मै सत छाडैगा लोगा। तिन्है बहुत ब्यापैगा सोगा॥
सत जुग त्रेता द्वापर भनिये। येक बार वै ऐसा लुनिये॥
जो निपजै तो बीसै राई। हाहाकार करि मैं लुगाई॥
सुनो जुधिष्ठर कलि ब्योहारा। जैसी गति चालै संसारा॥
सत्त न सील तहां आचारू। ऐसें होय प्रथी ब्योहारू॥
बार बार हों बिनडं सेवा। पुरुष हिं नारि न गिनिहै देवा॥
पुत्र न कह्या पिता का मानै। मन भावै सोई चित मै आनै॥
और सुनो इहिं कलि का जुगता। पिता सु पहलैं मरिहै पूता॥
अंत न जिवै सावका कोई। सेत केस बाहू के होई॥
येक माय कै जनमै पूता। ते कलि जुग मै होय अजुगता॥
कलि मै न्याव देषि मुह होई। झूठी साषि भरै सब कोई॥
कलि मै अलप बरषहै मेहा। हाली भीजै आधी देहा॥

तुछ अंन उपजैगा राई। अति प्रानी भूषे मरि जाई॥
बरष दिना द्विज करै जु सेवा। तब घर बाम्हन जिमावै देवा॥
कलि के विप्र जु घर घर फिरहीं। कछु यक लाज चित्त मन धरहीं॥
थोरा तृण उपजैगा राई। गौवें जाय किर पती षाई॥
जग्य धर्म कलि बिरला होई। कलि मै सगा न कोई होई॥
कलि मै कन्या बेचें बापा। महादुषी होंहि तिहि पापा॥
विप्र देव भिछा परहरई। नीच जाति की सेवा करई॥
विप्र न काहू हिये समोही। कोउ कर्म नाटे लर षोई॥
विप्र हिं सकल करैं ब्योपारा। परहरिहैं कुल के आचारा॥
संध्या हीन रहैं सुष माना। विप्र हिं तजें बेद की काना॥
सहस करै बैठे जो रहई। जो न देयती पापी कहई॥
निंदा जाय बिरानी करई। कर्म आपने चित नहि धरई॥
बेद पुरान ग्यान परहरई। पर धन लेवे कों मन धरई॥
मूरष सठ बहुते नर होई। येक गुनी बिरला नर कोई॥
कलि जुग ऐसा धरनी धरै। पिता पुत्र की करनी करै॥
सौ मै येक जपैगा रामा। यसे होंहिं कलि जुग के कामा॥
बहु अकर्म कलि जुग मै होई। कलि मै विप्र न मानै कोई॥
जा के चित जु राम पद होई। कबहू न कलि जुग ब्यापै सोई॥
मूरष न जान कछु ये बाता। कोइय न जानै जमपुर जाता॥
कलि समुद्र है सागर देवा। कबहु न करिहैं वै हरि सेवा॥
कलि के लोग कपट मन धरई। लेवे कों हरि सो नहिं डरई॥
मुकति काज कों तीरथ जाई। घोरया ग्रह तहां कांही॥

ऊपर ऊपर हसिहैं ताहीं। कलि जुग माहि विप्र बहु जाहीं ॥
कहै कृष्ण सुनि पंडौं राई। कलि मै छत्री पोरुष जाई॥
दान धर्म ते चित न धराई। तीरथ जाय सु बणज कराई ॥
बेद पुरान करै नहि ग्याना। गनिका सब्द सुनै धरि ध्याना ॥
देहिं दान तब सेवा लेंही। निसप्रेही कों कोइय न देंही ॥
कलि मै ऐसे ह्वैंगे ग्यानी। कहत राय सों सारंग प्रीनी ॥
कलि मै बेद तजैंगे प्रानी। सुनै जाय ते रसक कहानी ॥
बिद्या पढै बिप्र जो थोरी। सभा मध्य गर्वै बहुतेरी ॥
छत्री करिहैं बहुत तुफाना। गर्वै मन काहू नहि जाना ॥
छत्री विप्र गऊ ले बेचैं। विप्र भाट बैरी करि चाहैं॥
भागा जात मारिहैं ता कों। आयें सनमुष कोंन हाकू ॥
ब्राह्मन तनक छोति नहि मानै। नीच जाति कू घर मै आनै ॥
ऐसा ब्राह्मन कलि मै राई। बरनन कों कह्यो न जाई ॥
निधि के आगम करैं उपाई। उन को मर्म न पायो जाई ॥
लोग कहैं चुपराये बनिया। इन को मर्मन नाहीं जनिया ॥
सगे कठोर होहिंगे राई। इहि विधि कलि जुग लोग रहाई ॥
कलि के बानिक होंगे धूता। हसिके निंदा करैं तुरंता ॥
सगे हसाई तुरत कांता। सुनि हो राय कहैं भगवंता ॥
और जु कलि मै विप्र हैं जेते ॥ धर्म नेम परहरिहैं तेते ॥
सालगराम जु तुलसी सेवा। जैहै जनम अकारथ देवा ॥
सो उजकहै ब्रत असनाना। कलि मै सूद्र धर्म कों जाना ॥
जथा सकति करि देहै दाना। सुनो राय कलि के परवाना ॥

किरति न मानै कलि मै राई। करै बहुत वे महा अन्याई॥
न्यायअन्यायक नगर मझारी। कहैं कछू तो सनमुष गारी॥
जे गुनियर ते थोरी आवा। सूद्र पुरुष के पूजें पावा॥
कलि मै गुनी जु घर घर होई। नीच सुषी जानै सब कोई॥
कलि मै जेते करैं पषंडा। सुनि हो धर्म पुत्र बल झंडा॥
नगन न्हाय अरु मैलन रहैं। अरु दूजे की छांह न लहैं॥
बल छल करिकै जोरै दामा। ऐसे होंय कलि जुग के कामा॥
कलि मै कोली नीच गंवारा। करैं जु सांग षडग हथियारा॥
कलि मै दान देय तो निंद्रा। विप्र करैं सभ कहैं जु सुद्रा॥
तातैं विप्र हिं आयो दोषा। थोरें बहुत न है संतोषा॥
बिद्याहीन बिप्र बहु होई। घर घर फिरैं न मानै कोई॥
पुत्र न करै पिता की सेवा। नीच लोग पूजेंगे देवा॥
बाचांहीन पुरुष कलि ह्वैहैं। नारायन पंडो सो कहिहैं॥
ब्राह्मन होय गनिका संग करिहैं। ऐसी कलि नारायन कहिहैं॥
बुद्धिहीन छत्री कलि जानो। कहत राय सों सारंग प्रीनो॥
ब्रह्म हिं घात करै जो कोई। पुनि पछिताय दान कछु देई॥
झूठे बचन कहै सब कोई। लघु अकाज संतत कल होई॥
संग ब्योहार मझार उबोई। सगा बीर कलि मै सुनि राई॥
जेठे को नहिं सेव कराई। इहि बिधि कलि जुग कर्म कराई॥
परबी तीरथ तजिहैं प्रानी। स्नान दान तें रहे जु प्रानी॥
पिता न मन मै संका कारई। पुत्र बेचिकर उदर जु भरई॥
बिभचारी कलि के सब लोगा। ते करिहैं पित्रन के सोगा॥

करिहैं लोभ मूल की सारा। पीपल के निंदक संसारा॥
सूद्र जु हीन जुधिष्टर राई। सो नहि बडो करै कठनाई॥
राजा लोभ करैगे घना। जस पर त्याग करैगे अपना॥
कलि के लोग न देषैं न्याई। लेंहि अकोर तब करैं सहाई॥
कलि मैं बहुत न माने सास। उलटि देहि वै बहुतै त्रास॥
बुद्धि धर्म कलि माहिं चलाई। बेद पुरानन निंदैं राई॥
कलि मै पुत्र ऐसा परभाई। मिहरी कारण मारैं माई॥
कलि मैं गउ छीर तुछ देहीं। अंत न बछरा अपनो लेई॥
और सुनो राज अजुगता। अंन षाय बापैं तजिहैं पूता॥
मातपिता का धन हरि लेई। ले लुकाय मिहरी कों देई॥
ससुरा हार बहू सौं भागैं। जेठा भ्रात बधू सों लागैं॥
मातापिता न माने कोई। सुनो राय ऐसी कलि होई॥
सिष ही भोगैं गुरु की नारी। ये अजुगत कलि होहिं मझारी॥
कलि मै बिप्र तजैं षट कर्मा। पालैं नाहि आपने धर्मा॥
बिनि न्हायें वे अन्न जु षाई। हरि पूजा चित नाहि धराई॥
छाडैं कुल हि धर्म आचारा। पतरिया सों करि बिभचारा॥
कलि मै क्रष्ण देव परहरई। मोहनि मंत्र सौं चित धरई॥
बिप्र हि देत बहुत करि लोभा। अतीत हि देत बहुत दुष होगा॥
बिप्र न पावे कलि मै दाना। ब्रह्म भाट को राषैं माना॥
दुरि दुरि जग्य करैं कलि माहीं। कहैं क्रष्ण ऐसी कलि ताहीं॥
झूठा कलि मै बोलैं जेता। कलि मै राय मानियें तेता॥
साचो साध बहुत जो होई। ता कों राय न माने कोई॥

कलि मै गुनी न मानै कोई। नगन झूठ को आदर होई॥
सूद्र रूप जो मानस जेते। कलि मै गुनी जु होंहिंहैं तेते॥
जा पै द्रब प्रतक्षज होई। दुनियां आस करै सब कोई॥
सवै लोग धन संग्रह चहैं। मरि मरि मिटैं जु देन नहिं कहैं॥
जास प्रीति बहुत सी होई। तिस कों बहुत भलाई देई॥
करैं नीच संग्रह ब्योहारा। ब्रह्मा जात नहि वारन पारा॥
कलि जुग को जानियें नेसा। कपट रूप ह्वै फिरहि देसा॥
न्याय अन्याय करि जोरैं सामा। निस बासर जु लोभ सों कामा॥
मन का कठन न देत हरि प्रीती। हरि ले चोर अकारथ बीती॥
बिप्र बेद बिन जज्ञ जु काई। सूद्र जनम इकीस औतरई॥
कलि मै लोभ करै सब कोई। नित नित चलन कपट का होई॥
कलि मै बापें ठगिहैं पूता। ठग ठग होंहैं सुंजुगता॥
कलि मै हीन बचन जो कोई। लेकरि देन न चाहैं सोई॥
कलि मै पाप बर्त्तेगा देवा। पुत्र पिता की करै न सेवा॥
कलि के राय करैंगे कामा। सेवक राय मेटैंगे दामा॥
अपनी गोकुल जो नहि जाई। ले राजा उगलावे तांई॥
बिप्र दंड संचे भंडारा। कलि मै राय ऐसे ब्योहारा॥
कलि मै राय तजे हरि सेवा। उत्तम चहैं कुमारग देवा॥
बिरला बर्त्त येकादसी करैं। बिरला तीरथ कों मन धरैं॥
कलि मै गर्भ डारि दे नारी। नारि रांड भोगैं बिभचारी॥
साचा बोल न बोलैं राई। बिधवा लेंगी घर हिं कराई॥
कलि मै मृत बंधु बिस्वासी। घर घर बंधु करैं पैकासी॥

बिप्र न कलि मै मानै कोई। धर्म कथा कलि माहिं न होई॥
हरि की पूजा अक्षत करई। सौंधा पुष्प गनिका कै धरई॥
कलि मै टों नाटन मन जानै। बेद पुरान न कोउ मानै॥
घात बाद बहु कलि मैं होई। नर्क पाप तें डरै न कोई॥
जहं स्वारथ तहं देहिं बुलाई। निसप्रेही मानै नहि राई॥
स्वारथ जान ता कों कछु देई। देषि अनाथ ताहि हसि लेई॥
कलि मै बिप्रन नाहिं संतोषा। ले हि पती ग्रह होंहिं न मोषा॥
होम जग्य कछु दान न करही। गंधर्व होय कलि मै ग्रौतरही॥
तिस कौं और धूत सो मानै। सती साध कलि मै न पिछानै॥
जिहि तें हर तपस्तं होय मोषा। ताहि यकादसि लावै दोषा॥
कलि मै सूद्र न्हायकरि षांई। ब्राह्मन सीतल जल हिं डराई॥
करैं बिप्र कृषी ब्योपारा। यों कलि मै जु चलै संसारा॥

ऊषा चरित्र।

चौपई।

विदुर देस श्रोणतपुर गांउं। बानासुर राजा को नाउं॥
तास कुंवरि उषा है सुंदरी। रूपवंत अति सब गुन भरी॥
तिहिं नृपति सों कहै लउकाई। जुदा महल मोहि देहु कराई॥
महल अनूप बन्या अति भारी। सषी चतुरि राषी रषुवारी॥
असी सहस जोध्या रषवारे। अति सुजान नृप राज दुलारे॥

दोहा।

सुष सोवत नहिं सुंदरी सुपनै निरषि कुंवार।
भई प्रीति उर द्रिगन मिलि विधना लिषी लिलार॥

चौपई।

उहिं नैंन उनि सुपना देषा। कुंवरि प्रीति तिहुं लोक बिसेषा॥
भयो प्रात कछु कही न जाई। उषा कुंवर के रूप अंघाई॥
तन सों तन मन सों मन हीया। चार पहर सुष उषा किया॥
कुंवरि रही छवि देषि लुभाई। अनुरुद्ध देषि पर्या मुरझाई॥
कौंन भांति बिधि किया संजोग। अब बिछुर नहीं होय बियोग॥

दोहा।

कुंवर हेत अति कामिनी कामिनि हेत कुमार।
सुपने मै प्रीतम मिले बिछुरत नहीं संभार॥

चौपई।

उठी कुंवरि कछु नाहिं संभारा। छिन छिन उठै बिरह की झारा॥
लै उसास अंसुवां भरि आवै। कुंवरि बिथा कोमर मन पावै॥
दिन दिन प्रीति बढै अधिकाई। अति ब्याकुल चित रह्यो न जाई॥
छिन भीतरि छिन बाहरि आवै। झरहिं नैन पल पलक न लावै॥
उरें तन मन मोरें रहई। हिय की पीर न काहूं कहई॥

दोहा।

दिन उदास प्रीतम बिना निरषि भरै द्रिग नीर।
अंतर जरि पिंजर जरै प्रबल बिरह की पीर॥

चौपई।

षिन रोवै षिन गावै सोवै। हिये अग्नि तन बिरह संतावै॥
कुसम सेज पर जो पग धरई। रोम रोम बेदन संचरई॥
मन चिंता करि त्रिया बियोगी। जैसें ध्यान रहै धरि जोगी॥
जिहिं तन मै बिरहा संचरई। सो प्रानी तन जीवत मरई॥
बिरह की चिनगी जिह तन पर जरै। दिन दिन अगिन अधिक पर जरै॥

दोहा।

बस्त्र मलीन उदास चित हिय उसास भरि लेय।
भूष नीद लज्या तजें बिरही लछन येह॥

चौपई

बिरह बान लाग्या अति भारी। दिष्टि न आवै प्रेम पियारी॥
गिरि परै बैठे बिकरारा। निस दिन उठै बिरह की झारा॥
कबहूं कहै बात तुतलाई। कबहूं चित ब्याकुल ह्वै जाई॥
बैद देषि कछु मरम न पावै। कृष्ण देव सों आनि सुनावै॥
औषधि मंत्र न येको लागै। फुरै न येकै सो गुन जागै॥

दोहा।

बिरह बान जिहिं लागई सो जानै यह भेव।
कुंवर बिथा निरवारिया सो देवन का देव॥

चौपई।

कुंवर बात तुम छाडो मीता। अब तुम कहो कुंवर दुष चिंता॥
ऊषा बिकल परी मुरझाई। चित्ररेष तब पहुंची आई॥
निरषी कुंवरि धरनि मै परी। चितवै इत उत बिरह की जरी॥
बदन छिरकि तब कुंवरि जगाई। बोली भरम उठी अंगराई॥
काहे ऊषा भई अयानी। छाडि कुंवरि तू प्रेम कहानी॥

दोहा।

तू बाला सन सुंदरी रस की छाडो चिंत।
प्रेम कहानी जो कथै सो ह्वै जोबनमंत॥

चौपई।

मेरो सिष सुनि राज दुलारी। मात पिता की प्रेम पियारी॥
बिरह रीति कित जानै बौरी। निज पग धरो प्रेम की पौरी॥
प्रेम पंथ है षरा दुषारा। सीस जात नहिं लागत बारा॥

जो देषै श्री रानी राय। पहलैं बक्रुमी मोहि गडाय॥
जीव हानि अब हीं दुष होय। जब हिं राय सों कहि देसोय॥

दोहा।

दासी निपट सयान है मन मै करै विचार।
विरह भुवंगम जो डसी तिहिं को नहिं उपचार॥

चौपई।

तब ऊषा मन करै संभारी। छिन छिन उठैं विरह की भारी॥
मन ब्याकुल तन नाहिं संभारी। चित अंतर तें टरै न टारी॥
नैन भरै उर लेय उसास। सषी छोडि जीवन की आस॥
दुष संताप कछु कह्या न जाई। विरह पीर चित ब्याकुल ताई॥
सषी कहैं सुनि राज दुलारी। मो सों कथा कहो निरवारी॥
हों तन सषी त्रिहूं पुर गामी। सकल जीव को अंतरजामी॥

दोहा।

तेरी बिथा दुलारिये हौं मेटौं छिन मांहि।
मो सों कहौ पियारिये जिनि करि मेरी बांहि॥

चौपई।

कुंवरि कहै तुम सुनहु पियारी। तो सों कथा कहौं निरवारी॥
आज रैन मेरी लोयन लागी। पलक न लगी सबै निस जागी॥
कुंवर येक सुपनै मै देष्या। कामरूप सुंदर चितरेषा॥
औचिक आय प्रीति उनि कीनी। मन हरि लियो ठगोरी दीनी॥
ऐसा सषी चरित उनि कीना। अंषियां बेठि काढि जिय लीना॥

दोहा।

सुपने में सुष उपजा जागत बहु दुष दीन।
मनो काठ की काटिकै टूक कोजा कीन॥

चौपई।

जागत हीं उपज्या दुष भारी। मानो उर लागें कैवर कारी॥
कुंवर अनूप मेरे लोयन लागी। पलक न लगी सबै निस जागी॥
कहा कहौं कछु कह्यो न जाई। प्रान नाहिं उर अंतर माहीं॥
स्वास लेत पिंजर डिगमगई। छिन अचेत छिन जीवत मरई॥
सषी मोहि जो मरत जिवावो। वह मूरति मोहि लिषि दिषरावो॥

सोरठा।

रुधिर न रह्यो सरीर प्रेम मगन भई सुंदरी।
का जाने पर पीर जिहिं घट बिरह न रांचरै॥

चौपई।

चित्ररेषा बोली सुनि बारी। धीरज धरि मन माहिं पियारी॥
तीन लोक छबि लिषि दिषराउं। तू पहिंचानि पकरि मै ल्याउं॥
लिषे कुंवरि तब तीनौ लोका। इंद्र आदि देव देव बिवेका॥
गन गंध्रव मुनि लिषे जु जहु। सुर सब कीने बरे बिलहु॥
इन में नहीं कहै बर नारी। लिषे कोटि तेतीस कुंवारी॥

दोहा।

तीन लोक बहुबिधि लिषे अति बहुरूप संवारि।
तिन मै निरषे सुंदरी नांही प्रान अधारि॥

चौपई।

बहुरि लिष्यो भुवलोक बनाई। लिषी द्वारिका पुरी सुहाई॥
लिष्यो कृष्ण त्रिभुवन को राजा। तिने देषि कछु उपजी लाजा॥
बहुरि लिष्यो परदौंन कुंवारू। श्री अनुरुद्ध काम अवतारू॥
निरष्यो कुंवर देषि मन चीना। लाय प्रीति फेरा नहिं कीना॥
तब जाना अनुरुद्ध कुमारू। यहै प्रान जीवन आधारू॥

दोहा।

सुंदर मूरति कर लई तन की तपति सिरानि।
देषि रूप चक्रत भई बहुरि मिले द्रिग आनि॥

चौपई।

लिषि मूरति उषा कौं दीनी। सुंदर दोउ नैन भर लीनी॥
यहै सषी हर लीन भंडारा। येही जीवन मूर हमारा॥
कहै सषी सुनि राजकुंवारी। यहै चोर बडा मति भारी॥
चित्ररेष कहै आपा पाउं। बेग हि जाय कुंवर ले आउं॥
तब ही चलि उठि सषी सयानी। पुरी द्वारिका आय तुलानी॥

दोहा।

कनक रतन मंदिर दियें दीसें धजा अपार।
पुरी संचार न पावहीं मन मै करै बिचार॥

चौपई।

पुरी न पावै बेग संचारी। चक्र सुदरसन है रषवारी॥
छल बल जतन करै बहुतेरै। ते सब कछुव न आवें नेरै॥
मंत्र जंत्र बहु भांति बनावै। भींतर नगर जान नहिं पावै॥

भूत प्रेत डंकनि सब आवै। जो देषै सो मारन धावै॥
दूती कहै ज्ञान दे मोही। जो मागै सो देहौं तोही॥

दोहा।

पुरी संचार न पावही बहुत रही पचिहारि।
नारद आवत देषिकै मन मै करै विचारि॥

चौपई।

चित्ररेष नारद पै आई। करि परनाम सीस भैं लाई॥
नारद रिष बोलै सुनि नारी। कौंन काज कहां आइ कुंवारी॥
बोली नारि सुनो रिष राई। कारज येक इहां मै आई॥
बानासुर की राज दुलारी। सुपनै अनुरुध देषि कुमारी॥
अति बियोग ता कै संग माती। नीद न परै द्यौंस अरु राती॥

दोहा।

भूष प्यास लागै नहीं मरै न जीवै नारि।
कबहूं मूरछि मौन धरि कबहूं उठै पुकारि॥

चौपई।

नैन नीर भरि भरि ढरि लेई। हिये जरनि बिरहा दुष देई॥
ज्यों ज्यों स्वास लेत अधिकाई। बिरह अगिन तन सही न जाई॥
भस्म होय छिन माहि सरीरा। बहुत टरै नैनन तें नीरा॥
दिन बीतै रजनी जब आवै। अति ब्याकुल छिन पलक न लावै॥
सीतल अंग न सुरति सरीरा। बिस भरि गयों न पावै पीरा॥

दोहा।

देषि बिपति अति कुंवरि की हौं आई इहिं गांवं।

सो कछु भेद बताय हो महल कुंवर के जावं ॥

चौपई।

हसि नारद पूछी तव बाता। कौंन तात कौंन है माता ॥
चित्ररेष तव कहै विचारी। प्रदौंन पिता अरु रति है माता ॥
है अनुरुद्ध कृष्ण को नाती। सुनो बात नारद वहु भांती ॥
जब गोपन की आवै बारा। तव तोहि होय पुरी संचारा ॥
गउ रैन लागे तोहि देही। तब तू पावै परम सनेही ॥

दोहा।

जव रिष भेद बताइयो गई द्वारिका माहि।
कुंवर द्वार तव पूछिके किहि मारग हम जाहि ॥

चौपई।

द्वार येक दासी दिषराई। दूती पहुंचि नगर मै जाई ॥
कुंवर तहां लेटे विकरारा। छिन छिन उठै विरह की भारा ॥
नैन नीर भरि लेय उसासा। दूती चली गई तिहिं पासा ॥
माया येक करी चितरेषा। आवत जात न काहू देषा ॥
पलंग पास ठाढ़ी वर नारी। कुंवर चिंत अति ब्याकुल भारी ॥

दोहा।

कुंवर पास पहुंची सषी मन आनंद कराय।
छल बल करि ले कुंवर कों कुंवरि मिलाउं जाय ॥

चौपई।

दूती कहै कुंवर सुनि बाता। कहो साच काहे रंग राता ॥
हौं जानौं तिहुं लोक को भेव। मुनि गंधव दानो अरु देव ॥

जिहि तोहि प्रीति करी है पीरा। तिहि गहि लाउं तुमरे तीरा ॥
मन चिंता करि दूरि कुंवारा। ल्याउं आज सुपने की बारा ॥
षोलि नैन तव बदन उघारा। कौंन ठावं कहं तें पग धारा ॥

दोहरा।

कुंवर जु चित व्याकुल विकल प्रान सुंदरी पास।
तव दूती के वचन सुनि भई कुंवर कों आस ॥

चौपई।

तव हिं कुंवर दूती सों बोले। प्रान कपट हीये कर षोले ॥
पठई कौंन कहां तें आई। कौंन सषी तू ज्ञान पठाई ॥
कौंन नगर तू बसा कुंवारी। अति चातुरि तोहि देषों भारी ॥
कहे कुंवरि तू सन हिं सहेली। मेरे प्रान अटक पर बेली ॥
सुपने मै देषी सुकुमारी। लाय प्रीति दीना दुष भारी ॥
चित्ररेष रहसी मन मांही। छल करि लेहु कुंवर गहि बांही ॥
उठो कुंवर तुम चलो गुसांई। मिलहु आज प्रीतम कैतांहीं ॥
बचन लेहु मो पास कुंवारू। सुपने साच मिलाउं बारू ॥

दोहरा।

बचन सत्ति हों बोलिहों सरै तुम्हारो काज।
सो सुपना तुम देषिया ताहि मिलाउं आज ॥

चौपई।

हसि बोला तब राजकुंवारू। हम तुम बीचि येक करतारू ॥
कहो भेद तुम मोहि कुंवारू। कौंन नगर हैं प्रेम पियारू ॥
सत्ति बचन तू बोलि कुंवारी। बन परवत सब ठौर हमारी ॥

ल्याउं कुंवरि भेटे गहि बाहीं। ....

मे जानी निज़ु बिथा तुम्हारी। मिलो आज सुपने की बारी॥

दोहा।

कुंवर जीव तब आई यों धीरज धरि मन मांहि।

कौंन ठौर है सुंदरी दौरि गही उठि बांहि॥

चौपई।

चित्ररेषा बोली तिस बारा। सुपना कहाय न साच कुंवारा॥

मे तो कही बात की बातां। ....

बहुरि कुंवर बोल्या सुनि नारी। साच हिं कहो अगिन पर जारी॥

अति कठोर तोहि दया न आई। बिरह अगिन पर ज्यों दौं लाई॥

तव हीं कही दूती निजु बाता। श्रोणतपुर ऊषा रंग राता॥

दोहा।

बिरह बिथा ब्याकुल बिकल तिहि तें तोहि अपार।

बिधना ने बानी रची बाढो प्रेम अपार॥

चौपई।

बानासुर राजा का नाउं। श्रोणत नगर बसै उस ठांउं॥

ता की कन्या ऊषा नारी। रूप रंग बिद्या दस च्यारी॥

जुदा महल कंचन चौबारा। असी सहस जोधा रषुवारा॥

चींटी पाव संचारै नांही। सो प्रीतम जु बसैं उस ठांई॥

जो तुम चलो बेगि ले जांउं। उर अंतर की तपति बुझाउं॥

दोहा।

सहस येकादस जोजन हि निकटि समुद्र के तीर।

चलौ कुंवर ले जाउं हौं जो मनि बांधो धीर ॥

चौपई ।

कुंवर कहै तुम चलो पियारी । दिन दिन बिथा होत है भारी ॥
चित्ररेषा बोली तिस बारा । निमष माहिं लै जाउं कुंवारा ॥
चली उठाय कुंवर गहि बाहीं । अति आनंद भई मन माहीं ॥
अति चातुरि रहसी मन माहीं । बेगवंत आई उस गांई ॥
लै मंदिर ऊषा के गई । कुंवर सहित तहं ठाढ़ी भई ॥
चहुं देष्या जब निरषि कुंवारू । बन परबत तहं अगम अपारू ॥
बिलमो कुंवर नेक इहिं ठांई । हौं ऊषा कौं पूछौं जाई ॥

दोहा ।

पौरि पासि ठाढ़े कुंवर मंदिर गई पियार ।
चहुं दिस चक्रत पर रहौं तन मन नाहि करार ॥

चौपई ।

चित्ररेष तब देष्यो जाई । कुंवर रेष बिरह अधिकाई ॥
सषी येक जो दीपक करई । बिरह रूप कछु समझ न परई ॥
ऐसे चरित नारि जब देष्या । सेज निकट ठाढ़ी चितरेषा ॥
तब चितई ऊषा मन माहीं । चित्ररेषा संग प्रीतम नाहीं ॥
कुंवरि सेज तब उठी रिसाई । कह्यो सषी इकली क्यों आई ॥
आस लागि मै राषे प्राना । तैं तो कपट रूप मन माना ॥
अति कठोर तोहि दया न आई । बिरह अगिन फेरि दौं लाई ॥

दोहा ।

बचन लागि सुनि मै सषी दिन बहु गये पचिहार ।

जिन निरास करि डारई बूड़त लेड उबार ।

चौपई ।

उमडो विरह समुद अधिकाई । वा की लहरि सही नहि जाई ॥
मैन सकल मे मंद चलावे । बिन प्रीतम कोउ निकट न आवे ॥
विरह समुद अधिक अति आई । बूडि मरे पावे नहि थाहो ॥
घर अरु सेज दूभर भई सोई । रजनी सकल सिराउं रोई ॥
कबहूं प्रेम मगन तन दहई । कबहूं हाय हाय करि रहई ॥
कबहूं चित ब्याकुल भई रोवे । कबहूं प्रेम मगन भई सोवे ॥
चित्ररेष गहि बाह उचाई । करि मनुहारि हिये ले लाई ॥

दोहा ।

चित्ररेषा हसिके कहे प्रेम प्रीति निजु पागि ।
सुनो कुंवर अब कुंवरि मिलि बूझि विरह की आगि ॥

चौपई ।

उठी कुंवरि हसी मन माहीं । तुम प्रीतम गहि ल्यावो बाहीं ॥
चित्ररेषा तब पहुंची तहां । राजकुंवर बैठे हैं जहां ॥
कही तबे कुंवर पे आई । राजकुंवरि मंदिर नहि पाई ॥
सुनी बात गिरि पर्यो तुरंता । कवन काज कीना भगवंता ॥
सूके अधर बदन कुमिलाई । भयो अकाज सषी हम जानी ॥
चित्ररेषा तब कर टक टोरे । प्रान नही सब घर झकझोरे ॥
निकटि सषी बैठी पछिताई । जानो घरी काल की आई ॥

दोहा ।

बिकल भई तब देषिके बहुते भई निरास ।

50803

कारन काम टक टोर जग केहुं न आवै सास ॥

चौपई।

तब हिं कुंवर बोल्या उठि बानी। कौंन षोट तोहि पासि सयानी ॥
अति कठोर तोहि दया न आई। बिरह अगिन तन कूक जगाई ॥
तेरा मन हम कपटनि जानी। तो तेरे संग किया पयानी ॥
अब तुम सषी बात कहु साची। बोली प्रीति कहो मत काची ॥
सुनो कुंवर यह राजदुवारू। कैसें होय तुमे पैसारू ॥
उठहु चलो तुम कुंवर गुसांई। मिलो आज प्रीतम केतांई ॥
चले कुंवर मंदिर मै गये। ऊषा निरषि नैन भरि लिये ॥
चित्ररेष ज्यों चित्त जगाई। उठी संभार मिलन कों धाई ॥

दोहरा।

निरषि प्रान सीतल भयो चित्त रह्यो तिहिं बोर।
नैनन लागी चटपटी जैसें चंद चकोर ॥

चौपई।

निरषत कुंवर विकल ह्वै पाई। तब तिनि सषी करी चतुराई ॥
चित्ररेषा तब देषि लजानी। परम चतुरि जिय माहि सयानी ॥
उठी सषी तब बाहरि आई। तब हिं कुंवर सों करि चतुराई ॥
कहो कुंवर कहां तें आये। राजमहल क्यों आवन पाये ॥
तैं तो कीनी बहुत ढिठाई। साच हिं कहो कुंवरि फिरि जाई ॥

दोहरा।

असी सहस रषवार हैं सषी बीस दास सोय।
अब हिं षबरि सुनि पायहैं जियत न छाडे कोय ॥

दोहा।

कुंवर बात साची कहौं अति कठोर है राय।
जब तुहि आनि संतावहीं मेरी कछु न बसाय॥

चौपई।

कुंवर कहै तुम सुनहु कुंवारी। क्या डर मोहि दिषावै भारी॥
सुर असुर जीतन नहि पावै। नर बपुरा सनमुष नहिं आवै॥
तोहि सोच काहू की नांही। ....
कृष्ण देव जाहौं औतारी। तू क्यों मोहि डरावै भारी॥
कुंवर हस्या दीनी गलबांही। हसी कुंवरि चितई मन मांही॥

दोहा।

कुंवर बडाई क्या करो सुनि पावैगो राय।
एकक सुष के कारनै डरै मोहि गडाय॥

चौपई।

पितादत्त हों दीनी नांही। छाडि कुंवर मेरी गलबांही॥
छाडि हाथ तें मन भय राषी। चांद सूर दोउ हैं साषी॥
करि विवाह मन भयो अनंदा। ज्यौं तरुवर मै विगसै चंदा॥
कर बीरी ऊषा कर लीनी। हसे कुंवर तब मुष मै दीनी॥
कुंवर पान अप हाथ संवारे। ऊषा मुष दीने उजियारे॥

....

....

....

....

दोहा।

जब दल माल्ह बाजियो सबद पह्यो नृप कान।
असुर राय मन थरहृयो सोचत भयो विहान॥

चौपई।

सकल रैन जो सोच विहानी। प्रात भयो उठि मजलस ठानी॥
महता मंत्री लिया बुलाय। तिन कों नृप पूछै समझाय॥
यह बणिजारा कित तें आया। पूछौं कौंन वसत भरि ल्याया॥
बैल गौणि सूर की नहिं साथी। हींसें तुरी चिंघारै हाथी॥
बणिजारा माल्ह कब देई। लादै गौनि नगर सुधि लेई॥
सब मंत्री मिलि कीन जुहारा। अति चातुर तब दूत हंकारा॥
तुम दल की सुधि ल्यावो जाई। कौन पुरुस यह उतह्यो आय॥
राजा चौंकि अचंभै रह्या। मंत्री मंत्र सरस जब कह्या॥
चल्यो दूत नृप कों सिर नाई। कृष्ण मंदिर मै पहुंच्यो जाई॥

दोहा।

कोटि भान मंदिर छिपै सोभा सरस अपार।
देषि दूत मन थरहृयो मन मै करै बिचार॥

चौपई।

गयो दूत तब राजद्वारा। सुर नर मुनि जन देषि पियारा॥
कनक जटित रथ धजा बिराजै। तिन की चमक देषि रवि लाजै॥
रथ हथियार सूर की पांती। बन्यो कटक चढि जानो राती॥
रण मै चहुं दिस घुरैं निसाना। देषि दूत मन माहिं उराना॥
बन्यो बंजार चहुं दिस दीषै। राजकुंवार सराम न सीषै॥

इंद्र अपछरा गुनी अनंता। सूर सकल दीसैं बिगसंता ॥
फिर्‌यो दूत देष्यो चहुं फेरा। दल को अंत न पावै नेरा ॥

दोहा।

दूत कहै प्रीतम सुनो तुम आये किहिं काज।
दल को अंत न पावई कौंन ठौर को राज ॥

चौपई।

दूत कहै आये किहिं काजा। कटक अनंत बहुत बहु राजा ॥
पुनि आयो यह कटक अंदेसा। कुंवर येक अटक्यो तुम देसा ॥
जा कारन जादौं चढि आये। बंधे कुंवर तोहि नगर बताये ॥
सुनिकै दूत राज पै गयो। लै संदेस राय सों कह्यो ॥
राजा पूछै कछु समझाई। कौंन पुरुस यह उतर्‌यो आई ॥
कहै दूत तुम सुनो भुवाला। कृष्ण देव आये यह काला ॥
कुंवर काज जादौं चढि आये। कटक अनंत साजि दल ल्याये ॥
आये राय बली वै जादौं। गज मदमतन उठी षुर कादौं ॥
प्रबल कटक कछु कह्या न जाई। राजद्वार सब गंधर्ब छाई ॥

दोहा।

ठौर ठौर मानिक दियें अरु झूलैं मैमंत।
राजद्वार गंधर्ब रहै षेलत सदा भसंत ॥

दोहा।

सकल असुर मिलि बैठिहैं मंत्र करैं इहिं बार।
साज करो तुम आपना हस्ती घुर हथियार ॥

चौपई।

जाके बाजे बाज पुनि दीने। करहिं साज पुनि आग्या लीने ॥
चले न्याय सिर सैनापती। बने असुर माथे चढि रती ॥
चल्या कटक नृप कों सिर नाई। आगे चलत न पाव पराई ॥
उठि देषी तुम कटक संवारा। सजें कटक घोरा हथियारा ॥
असी सहस बाजे तहां बाजें। हांथी कोटि तेतीसों गाजें ॥
येक अर्ब तहां सूर सुजाना। दल थंभन को परे सधाना ॥
सैन नरेस लछ परधाना। पायक अर्ब तहां सूर सुजाना ॥
अति प्रवीन राजा हितकारी। कटक प्रबल जहां जुरे अपारी ॥
आस पास सब सैंन संवारी। सह बाहु की सैंन हंकारी ॥
तब निजु दूत नगर मै गये। राजद्वार जा ठाढे भये ॥
नमसकार कियो प्रतिहारे। गयो जहां बैठो है राई ॥

दोहा।

करि जुहार ठाढो भयो बानासुर कहि बात।
कौंन काज आये यहां हमै कहो कुसलात ॥

चौपई।

कहै दूत सुनो मो पासी। हों पठयो जादौं अबिनासी ॥
द्वारावती जदुनाथ मुरारी। आय परे लीला औतारी ॥
समुद तीर द्वारिका नाउं। दक्षिन देस कनकपुर गांउं ॥
सहस येकादस जोजन आही। मन जन देषै पावै थाही ॥
कृष्ण पुत्र प्रदौंन कुंवारू। तिन कै येक अनुरुद्ध अवतारू ॥
ऊंची अटा कुंवर पौढाये। लेइ गयो कोई दूत चुराये ॥

हाहाकार भयो पुर माहीं। नारद षबरि दई पुनि ताहीं॥
सो बालक तुम नगर बताये। जा कारन जादौं चढि आये॥
हों पठयो जदुनाथ गुसांई। कुंवर षबरि ले आवो जाई॥

दोहा।

भयो हरष चित राय के श्रवन सुनी यह बात।
चोर येक पकह्यो हमै निसां महल मे जात॥

चौपई।

देषौं ताहि आयस जो पाऊं। यह संदेस ले कृष्ण सुनाऊं॥
चल्या दूत जो अग्या पाई। तुरति कुंवर पै पहुंच्यो जाई॥
देषे कुंवर बंधे नागफांसी। कौंन काज कीना अबिनासी॥
कुंवर नैन भरि आये पानी। सुनी कुंवर सेवग की बानी॥
बोल्या कुंवर कौंन बिधि आये। कहै दूत जदुनाथ पठाये॥
आये कृष्ण सहित चलि जादौं। ....
भय जन करो कुंवर मन माहीं। तुमै छुडाय कोटें नृप बांहीं॥
आग्या दई कुंवर फिरि जाई। मेरो सब दुष कहो सुनाई॥
दादा पिता कहो परनाम। भल बात आये इहिं गाम॥

दोहा।

लाज भई सुनि जीव मे कछु हरष मन माहिं।
सुनि पाई ऊषा जबै दौरि गही उठि बांहिं॥

चौपई।

दूत देषि जादौं पै गये। कुंवर प्रनाम सबन कों किये॥
पूछी बात निकटि गुहावा। कहो दूत देषन क्यों पावा॥

तब बोल्या निजु दूत गुसांई। प्रथम राज ग्रह पहुंच्यो जाई॥
कहे सकल तुमरे ब्योहारा। तब मै पूछी कुंवर की सारा॥
राजा दूत साथि करि लीना। तब हीं जाय कुंवर मै चीना॥
कुंवर बंधे देषे नागफांसी। परम दुषी अति चिंत उदासी॥
नैन नीर ढरि ढरि बहु रहई। अंन पान कोई नहिं देई॥

दोहा।

सुनिके कृष्ण अति थरहरे कुंवर दुषी निजु जानि।
कह्यो राय सों जायके देह कुंवर कों आनि॥

चौपई।

चल्यो दूत राजा पै जाई। कहे बात नृप सों समझाई॥
ले मिलि कुंवर करो सनमाना। नातर माचैहे घमसाना॥
सुनी बात नृप उठो रिसाई। जाकु दूत क्यों करो ढिठाई॥
मारौं कहा दूत सुनि बातां। कह्यो जाय जिय की कुसलातां॥
दिन अनेक अंत की षाई। उन की मृत्यु इहां ले आई॥

दोहा।

प्रात काल उठि नृप कहे कहा करो तुम रार।
आय मिलो कछु देयके नातर डारों मार॥

चौपई।

फिरिके दूत कृष्ण पैं आवा। करि जुहार पुनि सीस नवावा॥
कृष्ण देव चितयो मन माहीं। चतुर दूत बोल्यो कछु नाहीं॥
कही कहा तुम कों निजु राई। कह्यो दूत मो सों समझाई॥
सुनो बात जादौं पति राई। समझत नाही असुर अन्याई॥

निकटि कृष्ण बलि दई दिषाई। देषि रूप समझ्यो तब राई॥

दोहरा।

अति सोभा परताप बड स्याम गौर अभिराम।
पीतांबर पट वोढिके निजु जन पूरन काम॥

चौपई।

अति प्रबल असुरन को राई। देषत तब बोले सिर नाई॥
नीलांवर पट वोढें जाई। कृष्ण देव नै अति छबि छाई॥
बालक कोंन काज तें बांधे। आनि चुराय कहां तें सांधे॥
राजा जो अधमाई करे। जग अपजस पुनि नीकें परे॥
ऐसे काम किये अराधी। राजा होय अबिद्या साधी॥

दोहरा।

नागफांस सों बांधियो कोमल राजकुमार।
तुम सर पापी के नही जग कठोर हत्यार॥

चौपई।

सुनो बचन कृष्ण परबीना। को बाक हरि लियो अचीना॥
बडो ढीठ यह चोर अन्याई। पैठा निस हि महल मै जाई॥
नागफांस मै बांधे ध्याई। ....
वा बालक की कहा चलावो। जीव आपनै जान न पावो॥
ऐसा को है आनि छुडावे। ....
बरषन लागे बान अपारा। मानो मेघ परे असरारा॥
जादौं पति छोडें बान अनंता। बान बान मिलि गये तुरंता॥
उडि षुरषेह अकासें गई। दिन तें राति पलक में भई॥

लें सूर कर अपने जाई। सूझ तन हिं अपने न पराई॥

दोहा।

उमडि मिले दोउ दलें चहुं दिस मारहिं मार।
धनुष छाडि तरुवारि गहि कोई गहे कटार॥

चौपई।

दल मे सूर करें किलकारा। परै बहुत बहुन की मारा॥
कोउ हथियार धर परें तुरंता। कोउ रथ चूर करें भगवंता॥
घोरा कट कट किधर परें। कोउ सिर धर लोटें घेरें॥
कोउ टेकिके ठाढ पुकारें। कोउ भरें रुधिर विष डारें॥
कोउ सूर अधर धर टेकें। कोउ हाथ दोउ कर टेकें॥
बहुते जुद्ध उठा रण माहीं। जहं देषें तहं मारन जाहीं॥

दोहा।

दुंद जुद्ध भारी भयो कह्यो कौंन पे जाय।
इते कृष्ण जादौं पती उत असुरन को राय॥

चौपई।

श्रोणत नदी भई अपारा। लोटें सूर परे बिकरारा॥
तहां गीध गज मद कमंधी। हौं नहिं जानो उठि सर संधी॥
जोधा देत करें किलकारा। उमडी नदी रुधिर की धारा॥
धनुष टूट जनु सीप समाना। बसें भूमि भूतल पटाना॥
गीध चील्ह औ काग कराला। अति अंघाय जंबुक प्रतकाला॥

दोहा।

जोगनि रुधिर अंघात हैं रुंडमाल कर लीन।

॥ १११ ॥

बहुत जुद्ध हर कीन्है हैं सो बर पूरन कीन ॥

चौपई ।

इंद्रादिक सब कौतिक आये । जै जै करत सकल सब धाये ॥
उड़ि अकास कों गये पलाये । बानासुर माया करि धाये ॥
बरषे आगि असुर अन्याई । तब हिं सुदरसन दिया पठाई ॥
तब हि चक्र बानासुर घेरा । बीच हि असुर फिरै चहुं फेरा ॥
काटी बांह सकल द्वै राषी । बानासुर भागे सिव साषी ॥
महादेव पै जाय पुकार्‌यो । मेरा संकट तुम निवारो ॥
तब सिव संकट बिथा निवारी । श्रोणतपुर मै आय पधारी ॥

महाभारत।

शकुन्तलोपाख्यानं।

रोलाछन्द।

वैसंपायन उवाच।

भयो पौरव बंश मे दुष्यन्त भूप महान।
करी सागर अन्त लों बश भूमि सब सावधान॥
बंश सङ्कर होत नहिं करत कोउ पाप।
सविधि पालत प्रजा सिगरी भरो परम प्रताप॥
धर्मरत धर्मार्थ पावत प्रजा जेहि के राज।
चौर भय को क्षुधा भय को मिटो हेतु दराज॥
वर्ण रमत स्वधर्म मे सब बिना भय संचार।
समय लहि परजन्य बर्षत सरस सश्य उदार॥
भई रत्न समृद्ध भू अति मुदित जन गण सर्ब।
भए बिप्र स्वधर्मरत नहिं अनृत बोलत खर्ब॥
भूप बज्र समान तन को युवा अति मतिमान।

दोर्दण्ड पर धरि गिरि सकानन फिरत जो बलवान ॥
चतुर्बिधि को गदा युद्ध समेत शस्त्र अनेक ।
भयो ता को परम बेत्ता बीर भूपति एक ॥
दूरस्थ अरि पै गदा केरो छोड़िवो प्रक्षेप ।
अरु समीपस्थ हि कोटि करिकै हनन सो विक्षेप ॥
बहु अरिन माहि घुमायकै चहुं दिशि गदा हि सक्रोध ।
जो हनन ता कों परिक्षेप सु कहत परम सबोध ॥
अरु हनन जौन गदाग्र सों है हांकि दूल चलाय ।
विधि अभिक्षेप सु कहत ता कों बुधन के समुदाय ॥
गज हय रोहन मे चतुर अति बिष्णु सम बलवान ।
भयो भूप दुष्यन्त तेजस भरो भानु समान ॥
अक्षोभ्य सिन्धु समान भो सु सहिष्णु धरणी रूप ।

जनमेजय उवाच ।

सु शकुन्तला अरु भरत संभव कहहु सु मुनि अनूप ॥
सु शकुन्तला को लही जिमि दुष्यन्त भूप महान ।
सुनो चाहत तौन तुम सों कहहु सु मुनि सुजान ॥

बैसंपायन उवाच ।

साजिकै चतुरङ्ग सेना भूप सो बर बीर ।
चलो मृगया हेतु बन को एक दिन रण धीर ॥
नाग बृंहित स्यन्दन सु धुनि अश्व ह्रेषित घोर ।
सुभट नादन सों भरो नभ भूमि चारो ओर ॥
चढि प्रासादन लखैं पुर तिय भूप शक्र समान ।

सुमन वर्षहि भूप ऊपर भरि मोद महान ॥
करहि नाना भांति सों ते परम मंगल गान ।
चले कढि सह वर्ण चारो कहत जयति सुजान ॥
जायकै कछु दूरि पौरन कों कह्यो इमि भूप ।
जाहु निज निज धाम कों तुम धारि मोद अनूप ॥
सुपर्ण मे चढि भूप स्यन्दन भयो परिसर पार ।
बजी दुन्दुभि पटह भेरी भरो शब्द उदार ॥
लखो नन्दन सदृश बन घन गए ता के पास ।
घेरि लागे करण मृगया भूप आनद रास ॥
सिंह व्याघ्र बराह मारे मृगन के समुदाय ।
करो मन्थन विपिनि को सह बीर सुभट सहाय ॥
बचे ते नहि बान गोचर भए जे बनजीव ।
निकसि भागे सिंह बाघ बराह तजि बन सीव ॥
हनत मृग दूरस्थ बानन्ह निकट जे चलि जात ।
तिन्है डारत मारि क्षिति पर करो सु खड्ग निपात ॥
हने नाना शस्त्र सों लहि बन्य जीव अनन्त ।
रचो मृगया रङ्ग सों दुष्यन्त पृथिवी कन्त ॥
भाजिकै बनजीव प्यासे गए सरिता पास ।
लहत जल नहि गिरत मूर्छित होय पाय प्रयास ॥
किते भक्षत मांस मृग को सुभट भूखे जौन ।
भजे सुण्ड लपेटिकै गज भए घायल तौन ॥
मूत्र और पुरीष डारत भजे मद गज जात ।

मारहि धञ्जन मारि तिन बहु करे मनुज निपात ॥
दुष्ट जीवन मारिकै क्षितिपाल अति बलवान ।
करो शोभन तौन कानन मुनिन को सुखदान ॥

बैसम्पायन उवाच ।

रोलाछन्द ।

मारिकै मृग बृन्द तहां खेलि मृगया भूप ।
गए अन्य अरन्य कों अति सघन जौंन अनूप ॥
क्षुत्पिपासाकुलित सिगरे सङ्ग के बर बीर ।
छोडि सोउ गहन जो नृप और कानन धीर ॥
परम रम्य सुहरित तृणमय लसति भूमि सुठार ।
भरे सुमन समूह साखी सहित लतन उदार ॥
कूजि कलरव रहे जिन पैं गूंजि मधुकर घेरि ।
होति भरि मकरन्द की जेहि दन्द भागत हेरि ॥
बहुत सौरभ भार सों भरि भयो शीतल पौंन ।
लसति सघन पराग धुन्धुरि परम आनद भौंन ॥
करत हैं झनकार झिल्ली कीर रव कल मान ।
भरो अति आनन्द भूपति देखि बन सुखदान ॥
कुञ्ज सोहत सुमन पुञ्ज सु करत अलि गुञ्जार ।
धाम काम बसन्त को मनु लसत सुषमा गार ॥
सुखद छाया सघन साखी भरे सुमन समूह ।
लसत नाना रंग के द्विज किए जिन पर जूह ॥
विना कण्टक फले फूले बिटप सघन उदार ।

मदन ध्वज से भरे नाना रंग सुमनस भरे ॥
भूप सम रितुराज जानत देखि सुषमा धाम ।
पवन प्रेरित मनहु बरषत सुमन विटप ललाम ॥
लखत ऐसो बिपिनि भूपति गयो सरिता तीर ।
तहां आश्रम लखो मुनि को तपस तेज गंभीर ॥
लसत नाना वृक्ष जेहां ज्वलित पावक यज्ञ ।
गयो सो चलि निकट आश्रम परम भूपति तज्ञ ॥
बालखिल्य सु यती मुनि बर लसत जह तपधाम ।
लसत अग्नि अगार नाना परम रम्य ललाम ॥
मालिनी जहं नदी पुण्या लसति जा के पास ।
बन्य जीव सु सौम्य जेहां करे है सहवास ॥
देव लोक समान आश्रम पास भूपति जाय ।
पुण्य आश्रम देखिवे कों कियो मन सुखदाय ॥
नदी बेष्टित परम आश्रम लसत सो अभिराम ।
बदरिकाश्रम सहित गंगा यथा पावन धाम ॥
कन्व काश्यप महा ऋषि के परम आश्रम पास ।
राखि सेना भट सबाहन भूप आनद रास ॥
संग सचिव पुरोहित हि लै उतरि रथ तें भूप ।
चलो देखन कन्व ऋषि कों ज्वलित पावक रूप ॥
देखि आश्रम की सु शोभा भयो हर्षित भूप ।
ब्रह्मलोक समान शोहत भयो तेजस रूप ॥
पढत हैं द्विज बेद चारो बरक्रमे पदयुक्त ।

यज्ञ नाना भांति ब्राह्मण करत हैं अति मुक्त ॥
सकल शास्त्र विचार बेत्ता करत मत सिद्धान्त ।
लसत मुनि गण तहां बैठे ठौर ठौर हि दान्त ॥
देखिकै मुनि वृन्द कों दुष्यन्त भूप अनूप ।
ब्रह्मलोक सु प्राप्त जानो परम अपनो रूप ॥
कन्व काश्यप के सु आश्रम मे गयो क्षितिपाल ।
जास चहुं दिशि लसत मुनि गण मुकुत की मनु माल ॥
फेरि सचिव पुरोहित हि तजि गयो एक नरेश ।
तहां देखो कन्व मुनि नाहि शून्य आश्रम देश ॥
कहो भूपति इहां कोउ बचन उच्च गम्भीर ।
सुनत आई निकसि कन्या श्री समान शरीर ॥
क्षीर निधि सो परम आश्रम स्वक्ष अमल अमन्द ।
निकसि आई तहां ते सु शकुन्तला जिमि चन्द ॥
तापसी को बेश धारें कियो नृप सनमान ।
पूछि कुशल सु प्रश्न पूजा कियो अति सुखदान ॥
कहो सह मुसकानि आए कौन कारण भूप ।
कहहु सो हम करहि भूपति काज सो अनुरूप ॥
महा मुनि को चाहि दर्शन आगमन यहि हेत ।
कहो ता सों देखि ता कों भरे आनद चेत ॥
गए हैं कहं महा मुनि बर कहहु सुन्दरि तौंन ।

शकुन्तलोवाच ।

गए हैं फल हेतु बन कों पिता मम मुनि जौंन ॥

वैसम्पायन उवाच ।

रह्यो द्वै घटि आय जैंहै सु मुनि अत्र अनूप ।
तपस तेजस भरी यौवन कह्यो ऐसें भूप ॥
कौन हौ तुम कौन की हौ रूप ऐसो धारि ।
करति आश्रम वास मुनि गण मध्य हे सुकुमारि ॥
देखत हि तोहि अहे शुभगे भयो हृत मम चित्त ।
तुम हि जानो चहत हौं सो कहहु सकल निमित्त ॥
भूप के सु शकुन्तला तब सुनत ऐसे बैन ।
कहन लागीं पूर्व सब वृत्तान्त विहसि सचैन ॥
कन्व की हम सुता हैं दुष्यन्त जानहु भूप ।
परमज्ञानी धर्म्मवित्ता महातप के रूप ॥

दुष्यन्त उवाच ।

ऊर्द्धरेता महा मुनि कों कहत जगत प्रसिद्धि ।
भई तुम केहि भांति ता के कहहु कन्या ऋद्धि ॥

शकुन्तलोवाच ।

यथा मेरो भयो सम्भव तथा सुनिए भूप ।
भई जैसें महा मुनि की धर्म्मकन्या रूप ॥
कन्व ऋषि सों आय ऐसे हि एक मुनि मतिमान ।
कह्यो ऋषि जो कह्यो सो हम सुनो सकल विधान ॥

जयकरीछन्द ।

कन्व उवाच ।

कौशिक मुनि को तप अतिमान । देखि डरे मन मे सुत्राण ॥

महातेज तप को बल पाय। मोहिन पद तें दई गिराय॥
कह्यो मेनका सों इमि बैन। सुरपति भय सों भेर अचैन॥
तुम अप्सरन मध्य छवि धाम। कालु मेनका मम यह काम॥
होय हमारे अति उपकार। कौशिक को तप भङ्ग उदार॥
जैसं होय काल्हु तुम जाय। अहो मेनका मम सुखदाय॥
सुरपति के सुनि बचन उदार। कह्यो मेनका सहित बिचार॥
भेर महातप क्रोध अमान। तेजस पुञ्ज सदृश शिखि मान॥
जास समुझि तप क्रोध विधान। तुम कु डरत रहत सुत्राण॥
हम जैहैं कैसें ता पास। औसि करैगो मेरो नाश॥
मुनि बशिष्ठ के पुत्र अनेक। जेहि मारे नहि छोडे एक॥
जन्मि क्षत्र कुल भो द्विज बर्ण। सृष्टि दूसरी लागो कर्ण॥
तप बल तें जेहिं नदी अमान। करी कौशिकी पुण्य महान॥
कौशिक गे तप कारण विशाल। परो कछू दिन मे अति काल॥
ऋषि मतङ्ग ता को परिवार। पालन कारी जीव गण मार॥
भए व्यास सम ऋषि मतङ्ग। कौशिक आय कुशल लखि सङ्ग॥
तुम सह ता सों यज्ञ कराय। आपु सोम तंह पियो उराय॥
गो त्रिशङ्कु करि गुरु अपराध। दयो शरण ता कों निर बाध॥
ऐसे जा के कर्म्म महान। सो न दहै कहि क्यों सुत्राण॥
सृष्टि नाश कारण समर्थ्य। बिश्वामित्र प्रताप अकथ्य॥
हम सी नारि जितेंद्री ताहि। कौन भांति सों परसत चाहि॥
जा सों डरत रहत सुर सर्ब्ब। ताहि जीतिहैं का हम खर्ब्ब॥
तव शासन शिर राखि सुरेश। औसि जाइहैं हम तेहि देश॥

ऐसा मो चिन्तहु सुरनाथ। फिरहिँ मै तित ता के साथ॥
क्रीड़ा करत तत्र छल छाय। वायु उड़ाय देय पट आय॥
महा कार्य मे मदन सहाय। करै कृपा करिकै सुखदाय॥
सुरपति शासन लहिकै पौन। बहुन त्रिविधि लागो तहं तौन॥
सहित बसन्त मदन तंह आय। खड़ो भयो शर धनुष चढाय॥
गई मेनका तंह छवि धाम। करि कौशिक कों प्रथम प्रणाम॥
भीरु भई क्रीड़ा बिस्तार। करि लागी तंह करण बिहार॥
पवन दियो पट तास उड़ाय। बिहंसि समेटन लगी लजाय॥
तोरति फूल भुजान उठाय। उरज उतग निबिड़ दरशाय॥
करि कटाक्ष मुनि की दिशि चाहि। नीवी सिथिल रहत गहि ताहि॥
करि चख चपल बिलोकति तत्र। बैठे लखत महा मुनि यत्र॥
अकथित भरी रूप गुण बाम। ऐसो रच्यो चरित अभिराम॥
देखि भरो मुनि के हिय भाव। मारो मदन बान लखि दाव॥
लई बोलाइ ताहि मुनि पास। गई मेनका करि मृदु हास॥
करण लगे दोउ सु रति विहार। बहुत काल गो बीति उदार॥
एक दिवस सम जानो तौन। रमे मेनका के संग जौन॥
सु मुनि मेनका मे अभिराम। जनमाई कन्या गुण धाम॥
हिमगिरि निकट परम शुचि देश। नदी मालिनी तीर सुवेश॥
छोड़ि मेनका सुता ललाम। गई कार्य्य करि सुरपति धाम॥
लखि निर्जन मे कन्या आय। बैठे घेरि शकुन सुखदाय॥
क्रव्यादन सों ताहि बचाय। लियो शकुन्त कुन्त सों छाय।
हम सन्ध्या करिबे के हेत। गए नदी तट बिधि बस चेत॥

तत्र शकुन्तन मधि हम चाहि। ल्याय दियो कन्या पद याहि॥

दोहा।

जन्म सु दाता प्राण ताता देइ अन्न कों जौंन।
धर्म्मशास्त्र यह कहत हैं पिता तीनि हैं तौंन॥

चरणाकुलकछन्द।

भे शकुन्त बन मे रखवारे। तौ शकुन्तला नाम विचारे॥
मुनि वर कही कथा हम जैसें। भई शकुन्तला कन्या ऐसें॥
कन्व हि भूप जनक हम मानें। हम स्वपिता कों हैं नहि जानें॥

शकुन्तलोवाच।

सुनो जन्म अपनो हम जैसें। तुम सों कहो भूप सब तैसें॥
हमै कन्व की कन्या जानो। हे नरपति कछु और न मानो॥

दुष्यन्त उवाच।

प्रगट राजपुत्री तुम बामा। भार्य्या मम हूजै गुण धामा॥
नाना रत्न बसन वर नीके। भूषण दिव्य हार सुठी श्री के॥
तुम कों देत और जो भावो। राज्य सकल अपनो करि राखो॥
व्याह श्रेष्ठ गान्धर्ब सो जानो। सो तव संग करत हम मानो॥

शकुन्तलोवाच।

फल आनन गो पिता हमारो। घरी एक मंह आवन हारो॥
तुम्हे मोहि देहै सो जानो। तबलों करहु क्षमा यह मानो॥

दुष्यन्त उवाच।

तुम्हे भजो हों चाहत प्यारी। है त्वदर्थ थिति इहां हमारी॥
बन्धु आपनो आत्मा जानो। आपनि गति आत्मा अनुमानो॥

आत्मदान आत्मा तें नीकों। तातें करहु धर्म श्रुति श्री कों ॥
अष्ट विवाह धर्मविद कहे। ब्राह्म दैव आर्ष अरु अहे ॥
प्राजापत्य आसुर गान्धर्वो। राक्षस अरु पैशाच अखर्वो ॥

दोहा।

चारि आदिके विप्र कों षट क्षत्रिय हि ललाम।
आसुर वैश्य शूद्र कंह जानो फलद अभिराम ॥
राक्षस अरु गान्धर्व है क्षत्रिन कों सुखदान।
आसुर अरु पैशाच ए करिवे जोग्य न जान ॥
सालङ्कार दान कन्या को ब्राह्म कहत हैं जोंन।
यज्ञ दक्षिणा मे कन्या को दान दैव है तोंन ॥
तुम दोउ मिलिकै सव धर्म हि कीज्यो इमि कहि आम।
दीवो जो कन्या को सो है प्राजापत्य ललाम ॥
लै द्वै गाय देत जो कन्या तौन आर्ष अभिराम।
ए चारों विवाह विहित है विप्रण कों गुण धाम ॥
बहुत लेइ धन देइ फिरि कंन्या आसुर साच।
सुप्त प्रमत्तन की कन्या को हरिवो सों पैशाच ॥
मारि बन्धु रोवत कन्या हरि करै सो राक्षस उढ।
क्षत्रिन को यह योग्य है और करै सो मूढ ॥
व्है सु काम बस कन्यका लहि एकान्त सह धर्म।
पाणि गहै गान्धर्ब सो ईश्वर साक्षी पर्म ॥
हम सकाम तुम पै भए हम पैं तुम हु सकाम।
करि गान्धर्व बिबाह मो भार्य्या हो अभिराम ॥

शकुन्तलोवाच ।

रोलाछन्द ।

धर्म को पथ कहो यह मम आतमा प्रभु जौन ।
दान मे जौ सुनो भूपति कहति हैं मै तौन ॥
होयगो मम पुत्र जो जुबराज सोई होय ।
देहु जौं यह बचन साचो भूप धर्म समोय ॥
कहु संगम सुनहु मम पति भए तुम गुणऐन ।

बैसंपायन उवाच ।

एवमस्तु सु कह्यो ता सों पायकै नृप चैन ॥
गह्यो पाणि शकुन्तला को करो संगम भूप ।
कह्यो दै बिश्वास ऐसें बचन आनद रूप ॥
होत हौं मै बिदा तुम सों सुनहु प्यारी बैन ।
आनिवे कों भेजिहौं मै तुम्हैं सिबिका सेन ॥
आइयो तुम भरी आनद धाम कों अभिराम ।
चले कहि यह भूप मुनि की धरें शङ्का माम ॥
दोय घटिका गए आए कन्व आश्रम भौन ।
लाज बस सु शकुन्तला नहि कियो आगे गौंन ॥
दिव्य दृग सों जानि बोले कन्व सब वृतान्त ।
अनादृत्य जो मोहि कीन्हो पुरुष संग नितान्त ॥
धर्म्म घातक नहीं नृप कों उठ जो गान्धर्ब ।
करें होय सकाम दोउ रहस माहि अखर्ब ॥
धर्म्मधर दुष्यन्त भूपति परम उत्तम बंश ।

शकुन्तला तूं बरी ता कों लहौ सु पति प्रसंश ॥

होयगो अति महाबल तो पुत्र परम प्रशंस्य ।
भूमि सागर मेखला सो करैगो सब बस्य ॥

शकुन्तला तब आय मुनि के धोय विधिवत पाय ।
लियो मुनि को भार फल को धरो शुचि सुखदाय ॥

शकुन्तलोवाच ।

तात हा दुष्यन्त नृप कों बरी जानि सुधर्म्म ।
काहु सहित अमात्य ताप कृपा मुनि बर पर्म्म ॥

कन्व उवाच ।

भयो हौं सुप्रशन्न ताप जानि तो भर्त्तार ।
लेहु बर अब मांगि इक्षित होय जौंन उदार ॥

बैसम्पायन उवाच ।

होंहि पौरव बंश मे धर्मिष्ठ अच्युत भूप ।
लयो यह बर मांगि बर दुष्यन्त हित अनुरूप ॥

तीनि हायन पूर्ण धार्यो गर्भ परम उदार ।
भयो पुत्र शकुन्तला के भरो तेजस भार ॥

जन्मकर्म्म सु कियो सिगरो कन्व मुनि अभिराम ।
बर्धमान बिचारि बालक महा बल को धाम ॥

दन्त शुक्ल सकान्ति जा के सिंह सम बर काय ।
शंख चक्र गदाङ्क कर बर मत्स्यरेखा पाय ॥

महत मूर्द्धा देव सुत सम बढो तहं बलवान ।
भयो सो षट बर्ष को मुनि कन्व के सु स्थान ॥

सिंह व्याघ्र वराह महिषा गजन कों गहि लेत ।
बांधि आश्रम वृक्ष सों सो तिन्हे बल बश देत ॥
करत तिन कों दमन चढिकै तौन बालक बीर ।
धरो ता को नाम मुनि गण सर्वदमन गंभीर ॥
देखिकैं पुरुषार्थ ता को महा ओजस तौन ।
जानिकै बर कुंवर को जुवराज समय सु जौंन ॥
कह्यौ शिष्यन बोलिकै इमि कन्व मुनि बर धीर ।
सु शकुन्तला कों जाऊ लै पति धाम सह सुत बीर ॥
बहुत रहिवो बन्धुजन मे योग्य नारिन कौन ।
सुनत सहित शकुन्तला तिन कियो तित कों गौन ॥
गए हस्तिन नगर कों दुष्यन्त नृप के द्वार ।
द्वारपालन कह्यो नृप सों तास आगम बार ॥
बोलि भूपति पूजि तिन कों सुनो आगम सुत्र ।
बिदा व्है ते गए छोडि शकुन्तलै सह पुत्र ॥

शकुन्तलोवाच ।

पुत्र भूपति रावरो युवराज कीजै याहि ।
भयो तुम तें मोहि मे सुर सदृश लीजै चाहि ॥
दियो हो बर जौंन भूपति औसि कीजै तौंन ।
यदा संगम भयो मो सो कियो हो पन जौंन ॥
समुझि ए जे कन्व ऋषि के कहे आश्रम माह ।
बैन सो प्रतिपालिए अब सुनहु हो नरनाह ॥
सुनो भूपति समुझि मन मे क्षणक रहिकै मौन ।

कहो आई कहात है दुष्ट तापसि कौन ॥
पूर्व मम तव भयो संगम कहति हौ तुम जौन ।
जाकु भावे रहकु बैठि हो न समुझत तौन ॥
सुनत ऐसें बचन नृप के भई निश्चल रूप ।
कोप तें भे चपल दृढ़ अक्षि अरुण अनूप ॥
दहन चाहति मनकु तिरेछें लखति भूपति ओर ।
परम सौम्य शकुन्तला सो क्रोध प्रेरित घोर ॥
करें तप को तेज धारण कहे नृप सो बैन ।
जानिकैं इमि कहत हौ यह उचित तुम कों है न ॥
सत्य और असत्य जानत सकल आत्मा जौन ।
करत जौंन असत्य ता कों महा पातक तौन ॥
एक हम हीं रहे जानत नही जो हृदयस्थ ।
कर्म्म साक्षी जीवजन को सकल पथ्य अपथ्य ॥
सुनकु भूपति कर्म साक्षी रहत ईश्वर पाश ।
सूर्य्य शशि अरु अनिलअनलौ भूमि रूप अकाश ॥
शलिल अह निशि धर्म साक्षी गुणो अरु यमराज ।
करत नर जो कर्म तैसो देत फल महराज ॥
स्वयं आई इहा मै पति धर्म धारे धीर ।
योग्य आदर मो निरादर करण योग्य न बीर ॥
ग्राम्य जन लौं सभासद मे करत मो अपमान ।
करति हौं कारुन्य रोदन सुनकु भूप सुजान ॥
जौंन मांग्यो वचन तुम सों करकुगे नहि सोय ।

जायगो फटि शीस तुम्हरो फूटि शतधा होय ॥
पति करि प्रवेश सु भार्या मे लेत निज फिरि जौंन ।
सुनहु जाया कहत यात बेद बेत्ता तौंन ॥
होत है पति आतमा सो पुत्र अति अभिराम ।
करत संतति तौन तारत पितर सिगरे आम ॥
पुन्नाम नरक महान तें जो पितर तारत सर्ब ।
पुत्र याते कहत हैं वेदज्ञ सुमति अखर्ब ॥
सो भार्या गृह कार्य दक्षा पुत्रवती है तौंन ।
सो भार्या पति प्राण जा को पतिब्रत रत जौंन ॥
अर्द्ध तन पति को सु पत्नी सखा अति अभिराम ।
त्रिबर्ग को है मूल भार्या मोद दायक माम ॥
बिना भार्या यज्ञ कर्म्म न होत है न गृहस्थ ।
होत भार्यावंत श्रीयुत जानु भूपति तस्थ ॥
सखा होति एकांत मे पति की प्रियंवद वाम ।
धर्मकृति मे पिता की सम मातृ दुःख मे आम ॥
होति है विश्राम दाता दुर्ग पथ मे तौंन ।
बिना भार्या पुरुष को विश्वास मानत कौंन ॥
प्रेत पथ मे होति साथिनि एक पति जब जात ।
लेति गति पति पाय पत्नी प्रथम जास निपात ॥
करत पाणि ग्रहण यातें पुरुष जे मतिमान ।
भार्या पति पाय साधत दोउ दिशि सुखदान ॥
पुरुष आत्मा आप जनमत पुत्र को धरि रूप ।

पुत्र माता सदृश माता होति यातें भूप ॥
पुत्र भार्या जनित देखत करत यों आनन्द ।
मुकुर मे प्रतिबिंब अपनो देखि सदृश अमन्द ॥
आधि सों अरु व्याधि सों पीडित हि यों सुखदान ।
होति भार्या घर्म तापित कों यथा जलपान ॥
क्रोध हू मे करत नर नहि भार्या अपमान ।
धर्म रति अरु प्रीति ता मे देखिके अतिमान ॥
धूरि धूसर देखि सुत कों पिता हिय सों लाय ।
लहत है आनन्द इतनो तौन वरनि न जाय ॥
भरो सुत अभिलास आयो आपु सों तव पास ।
करत हो अपमान हेरि कटाक्ष सों तन तास ॥
धरति अंड न करति भेद पिपीलिका अति अज्ञ ।
भरहुगे का नही आत्मज भूप तुम सर्वज्ञ ॥
अस्पर्श बामा बसन जल को तथा सुखद न होत ।
पिता पावत लाय हिय सों यथा आत्मज पोत ॥
जातकृति मे पुत्र मस्तक घ्राण जानत तौंन ।
बेद मे यह मंत्र लिपि है कहत बेत्ता जौंन ॥

मंत्र ।

अङ्गादङ्गात्सम्भवसि हृदयादभिजायसे ।
आत्मा वै पुत्र नामासि सञ्जीव शरदां शतं ॥
जीवितन्त्वदधीनं मे सन्तानो ऽपि तवाक्षयः ।

तस्मात्त्वं जीव मे पुत्र सुसुखी शरदां शतं ॥[1]

पुरुषात यह पुरुष भो तव अंग तें नृप अन्य ।
यथा निर्मल सलिल मे प्रतिबिम्ब सदृश अनन्य ॥
आहवनीय मे जिमि अग्नि गार्हपत्य तें धरि देत ।
तथा तुम तें भयो सुत यह द्विधा रूप समेत ॥
मृग मारण हित धाए गए तुम नरनाह ।
तहां पाई मोहि कन्या पिता आश्रम माह ॥
सब अप्सरन मे मेनका जो ब्रह्मयोनि अनूप ।
आय क्षिति पर पाय कौशिक मोहि जाई भूप ॥
गई तजि हिमवान के ढिग यथा असती नारि ।
पूर्व्वजन्मज कर्म्म पातक परत नहि निरधारि ॥
बाल्यपन मे पिता माता तजी तुम अब भूप ।
जाउंगी मै आश्रम हि नहि तजहु पुत्र अनूप ॥

दुष्यन्त उवाच ।

शकुन्तला कब भयो तुम कों पुत्र जानत हौं न ।
कहैं नारी बैन मिथ्या तिन्हैं मानत कौन ॥
बन्धकी है मेनका तेहि कर्म ऐसो कीन ।
जनमि तो कों छोडि गिरि ढिग गई दया हीन ॥
महा निर्दय पिता तुम्हरो क्षत्रयोनि सक्रुद्ध ।

[1] Formule sacrée que récite le père à la naissance d'un enfant. En voici la traduction :

« Tu proviens de toutes les parties de mon corps; tu es né de mes entrailles; tu es « mon âme même : O mon fils, puisses-tu vivre cent ans ! C'est de toi que dépend mon « existence; c'est par toi que doit se perpétuer ma race : puisses-tu donc vivre heureux, « ô mon fils! l'espace de cent ans. »

तौन विश्वामित्र चाहत होन ब्राह्मण लुब्ध ॥
श्रेष्ठ तुम्हरे पितर दोउ रूप गुण तप ऐन ।
भई तिन तें कहति हौ तुम पुंश्चली लों बैन ॥
सुनत योग्य न बचन तुम्हरे रहित लज्जा जौंन ।
कहति मो ढिग दुष्ट तापसि करु जथेच्छित गौन ॥
कहां कौशिक मुनि मुकुट कन्हं मेनका गुण धाम ।
कहा तुम अति कृपिणि धारे वेष तपस्विनि वाम ॥
पुत्र है अतिकाय तुम्हरो महाबल भय गात ।
भयो थोरे द्योस मे किमि कहति झूठी बात ॥
भई योनि निकृष्ट तें तुम पुंश्चली इव बैन ।
कहति जाई मेनका सु जदृछया बस मैन ॥
कहति तू जो है परोक्ष न विदित हम को तौंन ।
हौं न जानत तुम्है कीजै यथा इच्छा गौंन ॥

शकुन्तलोवाच ।

सर्षप मात्र दोष औरन को लखत तुम भूप ।
चाहि चाहत नही अपनो दोष विल्व सरूप ॥
मेनका है देव गण मे त्रिदश अनु हैं जास ।
उच्च तुम्हरे जन्म ते है जन्म मो तो पास ॥
अटत हौ तुम भूमि मे हौं गगण गामी भूप ।
बीच हम सों और तुम सों मेरु सर्षप रूप ॥
सत्य है यह बात मेरो कहो तुम सो जौंन ।
तुम हि जनाइवे कों क्षमा कीजो तौंन ॥

बदन जबलों आदर्स मे लखत है न कुरूप।
कहत तबलों आप कों वह रूपवान अनूप॥
मुकुर मे जब लखत है मुख चित्त दै अनुमानि।
परत अपनो और को तब रूप अन्तर जानि॥
रूपमान न करत कबहु और को अपमान।
बकत हैं दुर्वचन तेई नीच सुनहु सुजान॥
सुनत मूरख नीकि नागा जल्पकन की शीख।
गहत हैं ते दोष को इमि ज्यों बराह पुरीख॥
सुनत हैं बर प्राज्ञ बक्तान के शुभाशुभ बैन।
गहत गुणवत वाक्य हंस सु क्षीर पीवत पैन॥
कहि कठोर सु अन्य सों कछु साधु अनुपछितात।
कहि असाधु कठोर तैसें होत पुलकित गात॥
साधु पावत मोद ज्यों कहि बडेन प्रति मृदु बैन।
